सूर्योदय : 6:46
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 28
न्यूनतम : 13

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-232 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, बुधवार, 11 फरवरी 2026
22 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# साइबर अपराध के खिलाफ हो मजबूत तंत्र

**■ सभी एजेंसियां मिलकर कर रहीं काम : अमित शाह**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर-आधारित धोखाधड़ी से निपटना और इसके तंत्र को समाप्त करना विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आई4सी, राज्य पुलिस, सीबीआई, एनआईए, ईडी, दूरसंचार विभाग, बैंकिंग प्रणाली, आईटी मंत्रालय, आरबीआई और न्यायपालिका जैसे संस्थान सभी साइबर अपराध को रोकने और कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि जनवरी 2020 से 2025 तक आई4सी के रिपोर्टिंग पोर्टल का व्यापक उपयोग हुआ है। 30 नवंबर 2025 तक इसे 23 करोड़ से अधिक बार इस्तेमाल किया गया, जो इसकी बढ़ती अहमियत को दर्शाता है। इसी अवधि में 82 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से लगभग 1 लाख 84 हजार एफआईआर में परिवर्तित की गई और अनेक मामलों का निराकरण हुआ।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध के खिलाफ काफी पहले ही एक व्यापक रणनीति अपनाई है, जिसमें रियल-टाइम रिपोर्टिंग, फॉरेंसिक लैब का नेटवर्क, क्षमता निर्माण, अनुसंधान एवं विकास, साइबर जागरूकता को समाज तक पहुंचाना और साइबर स्पेस में साइबर हाइजीन सुनिश्चित करना शामिल है। इन सभी प्रयासों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर हमें एक मजबूत और सुरक्षित तंत्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

गृह मंत्री ने कहा कि जनवरी 2019 में गृह मंत्रालय ने आई4सी की स्थापना की। आई4सी एक अद्भुत इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में सफल रहा है। विभिन्न एजेंसियों के बीच इसने बेहतर समन्वय स्थापित किया, आवश्यक साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर कई स्थानों पर खड़ा किया और साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए हैं।

उन्होंने सीबीआई और आई4सी को बधाई देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें कई सरकारी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। प्रत्येक एजेंसी की अपनी भूमिका और जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बताया कि 11 साल पहले 25 करोड़ इंटरनेट उपभोक्ता थे, जो आज बढ़कर 100 करोड़ हो गए हैं। ब्रॉडबैंड कनेक्शनों में भी 16 गुना वृद्धि होकर यह संख्या 100 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 1 जीबी डेटा की कीमत में 97 प्रतिशत की कमी आई है, जिससे कनेक्टिविटी और उपयोग में वृद्धि हुई है। 11 साल पहले 546 पंचायतें भारतनेट से जुड़ी थीं, जबकि आज 2 लाख पंचायतें इससे जुड़ चुकी हैं। यूपीआई लेन-देन के तहत वर्ष 2024 में 233 ट्रिलियन भारतीय रुपए मूल्य के 181 बिलियन डिजिटल ट्रांजेक्शन किए गए। दुनिया में हर दूसरा डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहा है।

## बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर उम्र के हिसाब से बनें नियम : टीडीपी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में शामिल तेलगू देशम पार्टी ( टीडीपी ) ने मांग की है कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर उम्र के हिसाब से नियम बनाए जाएं। टीडीपी संसदीय दल के नेता लावु श्री कृष्ण देवरायलु ने सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस संदर्भ में बात की और ज्ञापन भी सौंपा। टीडीपी नेता ने बताया कि आंध्र प्रदेश की एनडीए सरकार भी इस संबंध में गंभीरता से विचार कर रही है और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार करने की संभावनाएं तलाश रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पैरेंट्स का कंट्रोल पर्याप्त नहीं है और जिम्मेदारी सीधे तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ही होनी चाहिए। टीडीपी नेता लावु श्री ने कहा कि भारत में 14 से 16 साल के लगभग 90 पर्सेंट बच्चों की स्मार्टफोन तक पहुंच है।

## योगी सरकार आज पेश करेगी अपना दसवां बजट

**लखनऊ।** प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं, विकास की जरूरतों और सुशासन की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दिया गया है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार की विकासशील सोच और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतिबिंब है। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, निवेश और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो भरोसा कायम किया है, यह बजट उसी भरोसे को और मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि कृषि, युवा, महिला, श्रमिक और वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि यह बजट उन लोगों के लिए ठोस जवाब है जो उत्तर प्रदेश के विकास पर सवाल खड़े करते हैं।

# भारत-ब्रिटेन के बीच सामाजिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

**■ तीन साल तक दोहरा अंशदान नहीं**



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा योगदान से जुड़े एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य दोनों देशों में अस्थायी नियुक्ति पर काम करने वाले कर्मचारियों को दोहरा सामाजिक सुरक्षा अंशदान भरने से बचाना है। यह राहत अधिकतम 36 महीने की अवधि के लिए लागू होगी।

राजधानी दिल्ली में इस समझौते पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता जुलाई 2025 में हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) के दौरान की गई प्रतिबद्धताओं का हिस्सा है। इस समझौते से दोनों देशों के पेशेवरों को अल्पकालिक विदेशी नियुक्ति के दौरान अपने मूल देश की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। इससे प्रतिभा और कुशल पेशेवरों की आवाजाही आसान होगी, खासकर सेवा और तकनीक क्षेत्र में।

विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत पहले भी कई देशों के साथ ऐसे द्विपक्षीय सामाजिक सुरक्षा समझौते कर चुका है, ताकि विदेश में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों के हित सुरक्षित रह सकें। यह समझौता सीईटीए के साथ लागू होगा, जिसे 2026 की पहली छमाही में प्रभावी किए जाने की योजना है। इससे भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापार और सेवा क्षेत्र में साझेदारी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# जब भी चुनाव आता है तो उसका एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है : सीजेआई

**■ याचिका में भाकपा नेता ने सीएम सरमा पर नफरती भाषण का आरोप लगाया**



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के गोली चलाने वाले विवादित वीडियो और मियां पर टिप्पणी के विवादित भाषण मामले में दाखिल याचिका पर जल्दी सुनवाई की मांग पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब चुनाव आते हैं, तो चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है। यही समस्या है।

हालांकि चीफ जस्टिस ने कहा कि मामले को देखेंगे और सुनवाई की तारीख निर्धारित करेंगे। ये टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने तब की, जब वकील निजाम पाशा ने भाकपा नेता एनी राजा की हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ नफरती भाषण और विवादित वीडियो के मामले में दाखिल याचिका पर जल्दी सुनवाई की मांग की। वकील निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष याचिका का जिक्र करते हुए शीघ्र सुनवाई की मांग की।

पाशा ने कहा कि यह याचिका एक राजनीतिक दल के सदस्य द्वारा नफरत फैलाने वाले भाषण के खिलाफ दाखिल की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वे अल्पसंख्यकों पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

भाकपा नेता एनी राजा की याचिका में असम के मुख्यमंत्री सरमा द्वारा गत 27 जनवरी को दिए एक भाषण के साथ-साथ असम की भाजपा इकाई के एक्स हैंडेल पर साझा किए गए एक वीडियो पर आपत्ति जताई गई है। विवादित भाषण में मुख्यमंत्री ने मियां पर टिप्पणी की थी। जबकि विवादित वीडियो में कथित तौर पर सरमा को राइफल से निशाना साधते दिखाया गया है और सामने दो लोग हैं जिनमें से एक ने टोपी पहनी है और दूसरे ने दाढ़ी रखी है। याचिका में एनी राजा ने हिमंत बिस्व सरमा पर नफरती भाषण का आरोप लगाया है।

# कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे : सीएम योगी

**■ कयामत के दिन के लिए मत जियो हिंदुस्तान में ठीक से रहना सीखो**



**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बाराबंकी जनपद के सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र स्थित दुल्हदेपुर कुटी में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्रीरामार्चा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। यज्ञ मंडप में उन्होंने विधिवत आहुति दी। इस अवसर पर संत बलराम दास ने मुख्यमंत्री का स्वागत मखाने और लावा की माला पहनाकर किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बाराबंकी भगवान विष्णु के वराह अवतार की भूमि है। इसी जनपद में लोधेश्वर महादेव का पवित्र धाम स्थित है।

उन्होंने कहा कि इसी धरती पर हॉकी के महान खिलाड़ी और पद्म सम्मान से सम्मानित बाबू केडी सिंह का जन्म हुआ था। उनकी हवेली बिकने वाली थी, लेकिन सरकार ने उसे बिकने नहीं दिया और अपने खर्चे से वहां भविष्य स्मारक बनवाया जा रहा है, ताकि जनपद का नौजवान उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सके। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाराबंकी के प्रगतिशील किसानों ने आधुनिक खेती के माध्यम से जिले को नई पहचान दी है। यहां के किसान रामसरन वर्मा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म सम्मान से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि लोधेश्वर महादेव मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद एक गौरवशाली क्षण आया है। इन वर्षों में अनेक राजा-महाराजा और सरकारें आईं, लेकिन किसी ने भी राम मंदिर निर्माण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संकट के समय ही भगवान राम को याद करते हैं और बाद में भूल जाते हैं, इसलिए भगवान राम भी अब उन्हें भूल चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति बेहद खराब थी। हर चौथे दिन शहरों में कर्फ्यू लगाना पड़ता था। पर्व-त्योहार शांति से नहीं मनाए जा सकते थे। गरीबों की जमीनों पर कब्जा होता था और अराजकता चरम पर थी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश से अराजकता समाप्त हो चुकी है और विकास की नई गति दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि माघ मेले में अब तक 21 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में करोड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सुरक्षा और बेहतर सुविधाओं के कारण लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं।

## सरकार जो कहती है करके दिखाती है

विपक्ष पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रुकने और गिरने वाली सरकार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि राम मंदिर बनाएंगे और हमने राम मंदिर बनवाया भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कयामत की रात कभी नहीं आएगी, इसलिए बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी संभव नहीं है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वे ऐसे ही सड़-गल जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से कहना चाहेंगे कि कयामत के दिन के लिए मत जियो, हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, क्योंकि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।

# अमेरिका से डील नहीं ढील हुई है : अखिलेश यादव

**■ बजट सत्र में सपा अध्यक्ष का सरकार पर तीखा हमला**



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया।

अखिलेश यादव ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह कटाक्ष भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बात हो रही थी।

उन्होंने कहा, मैं भाजपा की सरकार से जानना चाहता हूं कि कितने देश बचे हैं जिनसे मुक्त व्यापार समझौता नहीं कर पाए हैं। सपा नेता ने भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के 18 प्रतिशत शुल्क और अमेरिकी उत्पादों पर भारत में शून्य शुल्क का हवाला देते हुए कटाक्ष किया, हमारे देश की जनता जानना चाहती है कि शून्य बड़ा है या 18। क्या भाजपा का गणित यह है कि शून्य और 18 बराबर हैं। अखिलेश ने दावा किया कि प्रधान संसदीय क्षेत्र वाराणसी में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यादव ने दावा किया, वाराणसी में 100 मंदिरों को तोड़ दिया गया है। नेपाल नरेश की ओर भेंट किया गया घंटा भी लापता है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए कुछ भी कर सकती है और इसी कोशिश के तहत उसने अयोध्या के 72 वर्षीय एक बुजुर्ग को बलात्कार के फर्जी मामले में कई महीनों तक जेल में रखा।

## बजट दिशाहीन, कोई दृष्टिकोण नहीं

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट दिशाहीन है और इसे लेकर कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा। यादव का कहना था कि इस बजट में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि किसान और मजदूर बजट में अपने लिए मिली राहत को दूरबीन से देख रहे हैं।

## नेहरू ने कश्मीर को गिरवी रखा : गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर दिखाते हुए हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू ने अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कश्मीर को गिरवी रख दिया और अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। गिरिराज ने नेहरू की एडविना माउंटबेटन के साथ तस्वीरें दिखाते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी से देश से माफी मांगने की मांग की।

गिरिराज सिंह का कहना है कि नेहरू ने निजी इच्छाओं के चलते देश के सम्मान से समझौता किया। कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाकर देश के हितों को नुकसान पहुंचाया और पीओके जैसे मामलों को छेड़कर देश को कमजोर स्थिति में खड़ा किया गया।

# मुझे मारने की साजिश, जेल में खाना नहीं दिया

**■ जज के सामने भावुक हुए पप्पू यादव**



**पटना।** बेउर जेल में बंद पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को मंगलवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत ने 31 वर्ष पुराने मामले में जमानत दे दी। वहीं, दो अन्य मामलों में न्यायिक हिरासत में लेते हुए वापस बेऊर जेल भेज दिया। 2017 और 2026 में दर्ज मामले में उन्हें अब जमानत लेनी होगी।


इससे पहले सांसद को कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से अदालत में पेश किया गया। सांसद की ओर से अधिवक्ता विजय आनंद और अजय कुमार ने गर्दनीबाग थाना कांड संख्या 552/1995 में दाखिल जमानत याचिका पर बहस करते हुए कहा जानकारी के अभाव में उचित पैरवी नहीं होने के कारण बंध पत्र खंडित हो गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 10 हजार रुपये के निजी मुचलके के साथ उसी राशि के दो जमानतदारों का बंध पत्र दाखिल करने पर जमानत मुक्त किए जाने का आदेश दिया। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर मुकदमे के निष्पादन तक पप्पू यादव को प्रत्येक तिथि पर सशरीर हाजिर रहने का निर्देश दिया। सांसद के अधिवक्ता ने अदालत में दो आवेदन दाखिल कर दो मामलों में उनको न्यायिक हिरासत में लिए जाने की प्रार्थना की। एक मामला कोतवाली थाना कांड है, जो सरकारी कार्य में बाधा डालने से जुड़ा है। दूसरा मामला बुद्धा कालोनी थाना कांड के रूप में दर्ज है।

## मेरा इलाज सही नहीं हुआ

सांसद पप्पू यादव ने अपनी बात रखने की अनुमति मिलने पर कहा कि मुझे अस्पताल से रविवार की शाम छुट्टी कराकर बेउर जेल भेजा गया। नियम के मुताबिक रविवार को जेल में शिफ्ट नहीं किया जाता है। अस्पताल में मेरा इलाज सही ढंग से नहीं किया गया।

## मुझे लगता है पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं : राहुल गांधी

# किताब विवाद : नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन




**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के प्रकाशन को लेकर भ्रम की जो स्थिति सामने आई है उसमें सही वही लगता है जो जनरल नरवणे कह रहे हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में इस बारे में पूछे गई पत्रकारों की सवाल पर कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कहते हैं कि किताब छपी है और इसे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है, जबकि पुस्तक के प्रकाशक पेंगुइन इसके प्रकाशन से इनकार करता है। दुविधा की इस स्थिति में उन्हें लगा है कि पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, जनरल नरवणे का एक ट्वीट है, जिसमें उन्होंने लिखा है, 'मेरी किताब के लिंक पर क्लिक करें।' मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि या तो पूर्व सेना प्रमुख नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन प्रकाशन कंपनी। मुझे नहीं लगता कि पूर्व सेना प्रमुख झूठ बोलेंगे। पेंगुइन प्रकाशन कंपनी का कहना है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है, जबकि अमेज़न पर पुस्तक उपलब्ध है।

उन्होंने कहा, जनरल नरवणे कहते है, 'कृपया 2023 में मेरी किताब खरीदें।' मैं पेंगुइन प्रकाशन कंपनी के मुकाबले नरवणे जी पर अधिक विश्वास करता हूँ। क्या आप जनरल नरवणे के मुकाबले पेंगुइन प्रकाशन कंपनी पर अधिक विश्वास करते हैं। मेरा मानना है कि नरवणे जी ने अपनी किताब में कुछ ऐसे बयान दिए हैं जो भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए असुविधाजनक हैं। जाहिर है, आपको यह तय करना होगा कि पेंगुइन प्रकाशन कंपनी या पूर्व सेना प्रमुख में से कौन सच बोल रहा है।

## विपक्ष ने पेश किया लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव को उनके कार्यालय में जाकर दिया है। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99 है।

विपक्ष के लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध दायर इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में लगाए गए आरोपों की जांच होगी। नियमों के अनुसार जांच प्रक्रिया के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्यवाही को लेकर सचिवालय विचार करेगा। यह नोटिस ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वह सदन की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। वह सत्ता पक्ष के सदस्यों को पर्याप्त समय सदन में बोलने का देते हैं जबकि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया जाता।

# डीपफेक और एआई फेक कंटेंट पर लगेगी ब्रेक

**■ सरकार लाई सख्त नियम, 20 फरवरी से होंगे लागू**




**नई दिल्ली।** देश में एआई का चलन काफी बढ़ गया है। सोशल मीडिया यूजर अपने वीडियो और दूसरे कंटेंट में एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और नकली ऑडियो तेजी से फैल रहे हैं। लोगों को इसमें असली व नकली में फर्क करना मुश्किल हो गया है, लेकिन अब इस पर लगाम लगने जा रही है।

सरकार ने अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने कंटेंट को लेकर नए नियम नोटिफाई कर दिए हैं। नए नियमों के तहत अब इंटरनेट पर जो भी कंटेंट एआई टूल्स से बनेगा, उसे साफ तौर पर लेबर करना जरूरी होगा। ये बदलाव 20 फरवरी 2026 से लागू होंगे। सरकार का मानना है कि एआई टूल के जरिए गलत जानकारी, बदनामी और धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं। नए नियम इसी खतरे को कंट्रोल करने की कोशिश है। सरकार ने सिंथेटिक कंटेंट की परिभाषा साफ कर दी है। इसका मतलब ऐसे ऑडियो, वीडियो, फोटो या विजुअल्स से है जो कंप्यूटर या एल्गोरिदम से बनाए गए हों और देखने में बिल्कुल असली लगें। यानी ऐसा कंटेंट जो किसी इंसान या घटना को इस तरह दिखाए कि लोग उसे सच मालें। हालांकि साधारण एडिटिंग, कलर सुधार, ट्रांसलेशन या डॉक्यूमेंट तैयार करना इस दायरे में नहीं आएगा, जब तक उससे कोई फर्जी या भ्रामक रिकॉर्ड नहीं बनता। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एआई से बने गलत या गैरकानूनी कंटेंट को तीन घंटे के अंदर हटाना होगा। सरकार का मानना है कि देरी से हटाने पर नुकसान फैल चुका होता है। इसके अलावा कानून-व्यवस्था से जुड़ी सूचना केवल डीआईजी या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा ही दी जा सकेगी। सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे हर तीन महीने में यूजर्स को नियमों व कानूनों की जानकारी दें।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद ने मारी बाज़ी प्रदेश में चौथा और मंडल में अव्वल



Uttar Pradesh CM Dashboard
District Rank in State
Month & Year: January 2026
Ranking Category: District Flagship - Development & Revenue

| Sr. No. | District Name | Effective Max Marks | Effective Marks Obtained | Effective Marks (%) | Rank |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lalitpur | 10.00 | 9.44 | 94.40 | 1 |
| 2 | Shahjahanpur | 10.00 | 9.40 | 94.00 | 2 |
| 3 | Hamirpur | 10.00 | 9.40 | 94.00 | 2 |
| 4 | Kheri | 10.00 | 9.37 | 93.70 | 4 |
| 5 | Bareilly | 10.00 | 9.37 | 93.70 | 4 |
| 6 | Jalaun | 10.00 | 9.36 | 93.60 | 6 |
| 7 | Hardoi | 10.00 | 9.29 | 92.90 | 7 |
| 8 | Maharajganj | 10.00 | 9.27 | 92.70 | 8 |
| 9 | Banda | 10.00 | 9.26 | 92.60 | 9 |
| 10 | Pilibhit | 10.00 | 9.24 | 92.40 | 10 |
| 11 | Shravasti | 10.00 | 9.17 | 91.70 | 11 |
| 12 | Sonbhadra | 10.00 | 9.15 | 91.50 | 12 |
| 13 | Auraiya | 10.00 | 9.14 | 91.40 | 13 |
| 14 | Bhadohi | 10.00 | 9.13 | 91.30 | 14 |
| 15 | Rampur | 10.00 | 9.13 | 91.30 | 14 |
| 16 | Mirzapur | 10.00 | 9.12 | 91.20 | 16 |
| 17 | Kushi Nagar | 10.00 | 9.09 | 90.90 | 17 |
| 18 | Farrukhabad | 10.00 | 9.09 | 90.90 | 17 |
| 19 | Chitrakoot | 10.00 | 9.08 | 90.80 | 19 |
| 20 | Kannauj | 10.00 | 9.07 | 90.70 | 20 |
| 21 | Fatehpur | 10.00 | 9.07 | 90.70 | 20 |
| 22 | Mainpuri | 10.00 | 9.07 | 90.70 | 20 |
| 23 | Sant Kabeer Nagar | 10.00 | 9.06 | 90.60 | 23 |
| 24 | Sitapur | 10.00 | 9.06 | 90.60 | 23 |
| 25 | Barabanki | 10.00 | 9.05 | 90.50 | 25 |
| 26 | Shamli | 10.00 | 9.02 | 90.20 | 26 |
| 27 | Chandauli | 10.00 | 8.99 | 89.90 | 27 |
| 28 | Ambedkar Nagar | 10.00 | 8.98 | 89.80 | 28 |
| 29 | Budaun | 10.00 | 8.98 | 89.80 | 28 |
| 30 | Mau | 10.00 | 8.98 | 89.80 | 28 |
| 31 | Azamgarh | 10.00 | 8.97 | 89.70 | 31 |
| 32 | Jhansi | 10.00 | 8.97 | 89.70 | 31 |
| 33 | Bijnor | 10.00 | 8.95 | 89.50 | 33 |

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सीएम डैशबोर्ड की ताज़ा रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में प्रदेश के 75 जिलों में चौथा और लखनऊ मंडल के 6 जिलों में पहला स्थान हासिल कर जिले की प्रशासनिक क्षमता और विकास कार्यों की प्रभावशीलता का प्रमाण दिया है सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आंकड़ों के मुताबिक लखीमपुर खीरी ने आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। राजस्व विभाग का सक्रिय योगदान भी जिले को प्रदेश में चौथे स्थान तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ लखनऊ मंडल के 6 जिलों की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने चौथा स्थान हासिल कर मंडल में पहला स्थान दर्ज किया। इसके बाद हरदोई सातवें, सीतापुर 23वें, उन्नाव 39वें, रायबरेली 43वें और लखनऊ 75वें स्थान पर रहे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वर्ष 2026 के शुरुआत में जनवरी माह में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद लखीमपुर खीरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मा.मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप योजनाओं और विकास कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया, यह क्रम अनवरत जारी रहेगा।डीएम ने कहा कि जिले की इस सफलता का मूल मंत्र सक्रिय निगरानी, समयबद्ध निस्तारण, विभागवार समीक्षा और जनपदीय अधिकारियों के बीच निरंतर समन्वय है। उन्होंने सीडीओ, दोनों एडीएम, सभी एसडीएम और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम को बधाई दी और कहा कि इसी समर्पण और मेहनत से लखीमपुर खीरी ने विकास की नई इबारत लिखी है। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ रैंकिंग नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। विकास की यह गति अनवरत जारी रहेगी।

## फांसी के फंदे से लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**लखीमपुर-खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र में कुंधवा रेलवे क्रॉसिंग से करीब 100 मीटर दूर जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। रेलवे क्रॉसिंग पर तैनात कर्मचारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है और पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## नव निर्वाचित भगवान शिव प्रतिमा की स्थापना के लिए धूमधाम से निकाली गई भगवान शिव की बारात

**लखीमपुर-खीरी।** क्षेत्र के गांव देवआपुर में नव निर्वाचित भगवान शिव प्रतिमा की स्थापना के लिए गांजे बाजे के साथ धूमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात क्षेत्र के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर टेढ़े नाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना किया गया। क्षेत्र के गांव देवआपुर में? नव निर्मित मंदिर में भगवान शिव व माता पार्वती नंदी भगवान गणेश, कार्तिकेय की प्रतिमा स्थापना के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 7 फरवरी शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ किया जा रहा है। आचार्य बृजेश शुक्ला, पंडित पवन अवस्थी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकाली आकर्षक झांकी में दर्जनों ट्रेक्टर ट्राली के साथ बारात लालपुर, कस्बा भीखमपुर होते हुए टेढ़े नाथ धाम मंदिर पहुंची। टेढ़े नाथ धाम मंदिर में आचार्यों ने पूजा-अर्चना कर दक्षिण वाहिनी कठिना नदी पर स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। मंदिर में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कर भगवान शिव के साथ नन्दी, माता पार्वती गणेश व कार्तिकेय प्रतिमा को स्थापना सम्पन्न कराईं। बुधवार को कन्या पूजन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर यजमान संतोष यादव, सत्यनारायण, तिलक राम, सुरेश यादव, बालक राम व प्रधान बेचेलाल व पूर्व प्रधान मुकुंदी मौजूद सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## अलग-अलग गांव से दो किशोरियों को गांव के दो युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी क्षेत्र के अलग-अलग गांव से दो किशोरियों को गांव के दो युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आ गया है। एक गांव में पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री घर पर अकेले थी। वह मजदूरी करने बाहर गया था। मौका पाकर गांव के रितेश बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है। दूसरे गांव में सोमवार को किशोरी घर पर अकेले थी मौका पाकर गांव का ही युवकों से झांसा देकर अपने साथ लेकर चला गया है। अलग-अलग शिकायतों पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामले में केस दर्ज कर लिया है।

## आज होगा हज यात्रियों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** जिला महिला चिकित्सालय में स्थित अचल केंद्र में आज एवं कल हज यात्रियों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवाल कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज टीकाकरण कार्यक्रम शीघ्र कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।उन्होंने जनपद के सभी हज यात्रियों को सूचित करते हुए कहा है कि जिला महिला चिकित्सालय स्थित अचल केन्द्र में हज यात्रियों का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण आज एवं कल प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक किया जाएगा।उन्होंने सभी हज जाने वाले यात्रियों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर पहुँच कर टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने कहा है कि हज-2026 की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्री अपने साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट, पासपोर्ट साइज फोटो, हज आवेदन-पत्र, कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्ड/पासपोर्ट की छायाप्रति अपने साथ अवश्य लायें।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों एवं घाटों पर तैनात रहेंगे अधिकारी

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व आगामी 15 फरवरी को मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में भारी भीड़ की संभावना रहती है।

उन्होंने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न शिवालयों एवं घाटों पर उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए शासनादेशानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## 24 को होगा जिला पंचायत बोर्ड की बैठक का आयोजन

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** आगामी 24 फरवरी को जिला पंचायत बोर्ड की बैठक कार्यालय सभागार में आयोजित की जाएगी। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विनोद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत की बोर्ड बैठक आगामी 24 फरवरी को समय 11.25 बजे पूर्वान्ह में जिला पंचायत कार्यालय के सभागार अध्यक्ष,जिला पंचायत,की अध्यक्षता में आहूत की जाएगी।उन्होंने अनुरोध किया है कि सभी सम्बंधित प्रतिभागी निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें।उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार बैठक में किसी भी निर्वाचित सदस्य एवं पदेन सदस्य का प्रतिनिधि किसी भी दशा में भाग लेने के लिये मान्य नही होगा।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

### एचपी इंटरनेशनल स्कूल से की गई अभियान की शुरुआत

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** एचपी इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर यहां अध्यनरत बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर अभियान की शुरुआत की गई।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व सीएमओ रामेश्वर मिश्रा तथा स्कूल के प्रधानाचार्य कर रहे थे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों, किशोर व किशोरियों में कुपोषण एवं खून में कमी होती है, जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता। यह दवा वर्ष में 02 बार 01-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों किशोर किशोरियों को खानी चाहिए। डॉ0 असलम जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि कृमि संक्रमण की रोकथाम आसान है। खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। आस-पास सफाई रखें। साफ पानी से फल व सब्जियाँ धोएँ। हमेशा साफ पानी पियें, खाने को ढक कर रखें। नाखून साफ और छोटे रखें। जूते/चप्पल पहनें। हाथ साबुन से धोऐं, विशेषकर खाने से पहले और शौच के बाद।उन्होंने बताया कि सभी बच्चों एवं किशोर/किशोरियों के लिए कृमि नियंत्रण की गोली (चबाने वाली) सभी सरकारी व सहायता प्राप्त/प्राइवेट विद्यालयों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी यह गोली नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में खिलवायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जो बच्चे इसके बाद भी छूट जायें उन्हें आगामी 13 फरवरी को मापअप दिवस पर गोली जरूर खिलवाएँ।

इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ सहित डीसीपीएम,अर्बन कोर्डिनेटर,आर.के.एस.के. कोर्डिनेटर,आदि उपस्थित रहे।

## 58 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों का उद्घाटन करने पहुंची पालिकाध्यक्ष





*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** शहर के कई वार्डों में मंगलवार को पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा द्वारा निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय लोगों द्वारा पालिकाध्यक्ष का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया।

विदित हो कि इन दिनों पालिका सदर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण और एमआरएफ सेंटर के निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यों के उद्घाटन हेतु पालिकाध्यक्ष शहर के कई भागों में पहुंची थी। पालिकाध्यक्ष के क्षेत्र में पहुंचने पर वार्ड वासियों द्वारा अपनी समस्याएं भी बताई गई,जिस पर चेयरमैन द्वारा समस्याओं को सुनकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। सड़क, नाली और स्वच्छता से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पालिकाध्यक्ष ने वार्ड संख्या 17,9,तथा 27 में इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण आदि कार्यो का उद्घाटन किया गया।फात्मा रज़ा द्वारा वार्ड संख्या-13 नाहर खां सराय में एमआरएफ सेंटर (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर) का निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के मौके पर श्रीमती रज़ा ने कहा कि

यह केंद्र ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी इसी प्रकार जनहित के कार्य जारी रहेंगे।उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों की लागत 58 लाख से अधिक है।

इस मौके पर सभासद जया साहू, अख्तरी बेगम, पूर्व सभासद हबीब खां उर्फ गुड्डू, अलीअल्वी, श्याम बाबू साहू, मुजफ्फर, यूनिस अल्वी, अनीस सिद्दीकी, रिजवान उर्फ बल्लू, फहीम, डॉ. नन्नू, अवर अभियन्ता सिविल सूर्य प्रताप, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, एसआई केशव गंगवार, लिपिक नवैद इकबाल गनी,निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, गजेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, यूनिस अल्वी आदि मौजूद रहे।

## फॉर्म सात पर अखिलेश यादव की बड़ी जीतः टिंकू अरोड़ा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा फॉर्म सात को लेकर नई गाइडलाइन जारी किए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में इसे समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत माना जा रहा है। वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने इसे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी कार्यकर्ताओं की निर्णायक जीत बताया है।

टिंकू अरोड़ा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से अखिलेश यादव लगातार फॉर्म सात के दुरुपयोग को लेकर भारत निर्वाचन आयोग और उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग को घेर रहे थे। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया था कि सत्ता पक्ष के दबाव में आकर फॉर्म सात का दुरुपयोग किया जा रहा है और विपक्षी दलों के मतदाताओं के वोट कटवाने के लिए उत्तर प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में फर्जी फॉर्म सात



बांटे जा रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार पोलिंग बूथ स्तर पर बीएलओ से संपर्क कर इन फर्जी फॉर्म सात को उजागर कर रहे थे और अधिकारियों से इनके दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। इसी के परिणामस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लेते हुए गाइडलाइन जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि अब कोई भी व्यक्ति केवल अपना व्यक्तिगत फॉर्म सात ही जमा कर सकेगा। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार अब कोई भी व्यक्ति बल्क यानि थोक में दूसरों के फॉर्म सात इकट्ठा कर एक साथ जमा नहीं कर पाएगा। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिनवा ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति डाक के माध्यम से भी दूसरों के फॉर्म सात इकट्ठा कर भेजता है, तो उन्हें भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

गाइडलाइन में यह भी अनिवार्य किया गया है कि फॉर्म सात भरने वाले व्यक्ति का नाम स्वयं मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। फॉर्म भरते समय अपना नाम, वोटर आईडी संख्या और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। बिना पहचान उजागर किए किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जा सकेगा। हालांकि, यदि किसी मतदाता का निधन हो गया हो या वह स्थायी रूप से दूसरी जगह चला गया हो, तो उसके परिवार के सदस्य फॉर्म सात भरकर जमा कर सकते हैं।

## स्वस्थ रहने व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

### प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में आयोजित स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन कार्यक्रम में स्वस्थ रहने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

कमेला रोड स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् राजेन्द्र अटल, निमंत्रित विशेषज्ञों डॉ.एसी. पपनेजा पर्यावरणविद् एवं सेवानिवृत प्रवक्ता गुरूनानक इण्टर कॉलेज सहारनपुर, डॉ.सुशील कुमार गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.अरविन्द कुमार पाठक, राजकीय इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रीती लाम्बा, समन्वयक अम्बरीष कुमार एवं कोषाध्यक्ष अर्पिम गुप्ता ने संयुक्त रूप सम माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पण और दीप



प्रज्जवलित कर किया। जिला समन्वयक अम्बरीष कुमार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आवंटित कार्यक्रम के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन कार्यक्रम समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ.सुशील कुमार गुप्ता द्वारा बीमारी से बचे रहने के उपाय तथा बीमार होने की दशा में उपचार के चरणों एवं आयुष्मान भारत योजना का प्रस्तुतिकरण किया। विशेषज्ञ डॉ.ए.सी.पपनेजा ने 25 हैंड्स ऑन एक्टिविटिज कराकर स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 7 की छात्रा खुशनसीब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में उच्च प्राथमिक विद्यालय घाटेडा की छात्रा जानवी ने प्रथम तथा जवाहर इण्टर के छात्र मन्नू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 में आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा लव्या धीमान ने प्रथम स्थान तथा राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्र असद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में राजकीय इण्टर कॉलेज कमेला की छात्रा अलीना ने प्रथम तथा सियाराम इण्टर कॉलेज गागलहेही की छात्रा प्रियांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज देवला की छात्रा वंशिका ने प्रथम तथा के एल जी एम इण्टर कॉलेज की छात्रा वृंदा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 12 में जेबीएस हिन्दू कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा शैफिया अर्सी ने प्रथम तथा जनता इण्टर कॉलेज बेहट की छात्रा गायत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में शैफिया अर्सी ने प्रथम, लव्या धीमान ने द्वितीय तथा अलीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राजकीय इण्टर कालेज कमेला की शिक्षिका ऋतु गोयल एवं फ़रहीन जैदी द्वारा किया गया।

## विदाई समारोह एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन



सहारनपुर। एल्पाइन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषय एवं कैरियर चयन की उपयोगी सलाह दी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य शकील अहमद ने विद्यार्थियों को जीवन में परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं ज्ञान विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषय एवं करियर चयन की उपयोगी सलाह दी, जिससे वे अपने भविष्य को सफल एवं सशक्त बना सकें। इस कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने मे मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के कॉर्डिनेटर रंजन गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक एवं खेल गतिविधियों से सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में प्रो.माजिद जमील व मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय से श्रीमती कोमल त्यागी, रसायन विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. कृष्णा आनंद, प्रबंधन एवं वाणिज्य विशेषज्ञ डॉ. कमलप्रीत कौर, सुआस्था जोशी तथा कानूनी अध्ययन विशेषज्ञ सोम गर्ग शामिल रहे।

## जनहित के मुद्दों पर फिर हुंकार भरेगी सर्वदलीय संघर्ष समिति

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सर्वदलीय संघर्ष समिति की बैठक में नगर निगम द्वारा टैक्स के नाम पर कथित अवैध वसूली, निजी स्कूलों की मनमानी और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ बड़े आंदोलन का बिगुल बजाने का निर्णय लिया गया।

समिति के अध्यक्ष व पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी राजनीतिक और सामाजिक विचारधाराओं के लोग एक मंच पर आकर जनता के अधिकारों की निर्णायक लड़ाई लड़ेंगें। उन्होंने बताया कि बैठक में समिति ने निर्णय लिया है कि इस बार आंदोलन आर-पार का होगा। प्रमुख मुद्दों में नगर निगम द्वारा टैक्स के नाम पर की जा रही कथित अवैध वसूली शामिल है, जिससे मध्यम और गरीब वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा सीबीएसई व अन्य बोर्ड के निजी स्कूलों द्वारा किताबें, ड्रेस और



बढ़ी हुई फीस के नाम पर अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति ने विभिन्न सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की संवेदनहीनता को लेकर व्यापक आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। साथ ही पीजीआई व सरकारी अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।

बैठक में पूर्व राज्य मंत्री सरफ़राज खान, व्यापारी नेता महेंद्र तनेजा, हरीश मलिक, विवेक मनोचा, सरदार दलजीत सिंह कोचर, रवि गुप्ता, संत कमल किशोर, इरशाद सोनी, शीतल टंडन, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, यशपाल मैनी, रामजी सुनेजा, मंजीत सिंह अरोड़ा, आदित्य अंगीरस, किरणजीत सिंह, डॉ. पंकज खन्ना, अशोक छाबड़ा, पूर्व महापौर संजीव वालिया और राजेंद्र सिंह कोहली सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सहारनपुर।** दो दिवसीय जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में व्यक्तिगत चैंपियन शिप प्राथमिक स्तर पर अफ्सा यूपीएससी पीकी ब्लॉक पुंवारका ने प्राप्त किया। व्यक्तिगत जूनियर स्तर चैंपियनशिप नैनसी यूपीएससी पीकी ब्लॉक पुंवारका ने प्राप्त किया। ऑल राउंडर चैंपियनशिप विकास क्षेत्र रामपुर मनिहारन ने प्राप्त किया। व्यक्तिगत जूनियर बालक चैंपियनशिप आयान यूपीएससी रेड़ी मोहद्दीनपुर ब्लॉक पुंवारका ने प्राप्त किया। गोला फेंक में तरन ढाकादेवी ने प्रथम, शालिनी घुन्ना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिम्नास्टिक बालक वर्ग में सढौली हरिया रामपुर मनिहारान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में तरुण ढाकादेवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शालिनी घुन्ना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल में माही यूपीएससी कुरलकी बलियाखेड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जोया यूपीएस कपूरी नागल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिम्नास्टिक बालिका वर्ग में कोलकी ब्लॉक पुंवारका ने प्रथम, सढौली हरिया रामपुर मनिहारान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योग में पुंवारका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हॉकी में यूपीएस पीकी पुंवारका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसके उपरांत राष्ट्रीय गान कर खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया।

## हिंदू सम्मेलनों में जाति-पाति मिटाकर एक जुट होने का लिया संकल्प



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचे हिंदू समाज के लोगों ने समरसता और अखंडता की शपथ ली। महानगर के विभिन्न क्षेत्रों माधव नगर, चंद्रनगर, मंगल नगर और भगवती कॉलोनी में विशाल हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। माधव नगर स्थित विष्णु मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि साध्वी प्राची दीदी एवं अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य वक्ता प्रान्त संयोजक डॉ. रामावतार ने कहा कि जब हम कहते हैं एक रहोगे तो सेफ रहोगे, तो यह किसी के विरोध में नहीं, बल्कि देश की उन्नति के लिए है। इतिहास गवाह है कि हम जातियों में बंटे इसलिए गुलाम हुए। साध्वी प्राची दीदी ने कहा कि आततायियों के विरुद्ध एक होना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी, मंत्री सतीश सिंघल, वरिष्ठ समाजसेवी कीरतपाल, राकेश गोयल, आलोक मित्तल, संदीप गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग, जय कुमार जैन, रवीश कांबोज, जयराम गौतम, रमेश तनेजा, प्रदीप माहेश्वरी, संजय कुमार, सुनील गुप्ता, पार्षद अमित मित्तल, पार्षद संजीव कर्नवाल आदि उपस्थित रहे।

# महोबा में पिछले पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप, बूंद-बूंद पानी के लिए लोग परेशान

- नाराज लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पानी की समस्या का निदान कराए जाने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में कस्बा श्रीनगर के समीप सड़क चौडीकरण कार्य के चलते जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन की शिफ्टिंग किया जा रहा है। पाइप लाइन शिफ्ट किए जाने से जहां एक ओर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले पांच दिनों से जलपूर्ति ठप होने से लोग पानी को हाहाकार मचा हुआ हैं वहीं दूसरी ओर विभाग के धीमी गति से किए जा रहे कार्य से लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। 6 फरवरी से पानी की सप्लाई ठप होने से हैंडपंपों और कुओं में पानी भरने के लिए भारी भीड़ जुट हो रही है। तमाम मोहल्लों में पालिका प्रशासन पानी के संकट को देखते हुए टेंकरों से पेयजल आपूर्ति कर रही है जो नाकाफी साबित हो रही है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 34 के चौडीकरण कार्य के चलते उर्मिल बांध में निर्मित इंटेकवेल से श्रीनगर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली राइजिंगमेन 700 मिमी. डाया पीएसी पाइप लाइन का शिफ्टिंग कार्य 6 फरवरी से चल रहा है। इस कार्य के लिए अधिशाषी अभियंता जल निगम ने दो दिन नगर की पेयजल आपूर्ति पूर्णतः बाधित होने का रोस्टर जारी किया था, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य पूरा न होने का खामियाजा नगर वासियों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। पांच दिनों से लोगों के घरों में लगे नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं आई, जिससे सर्दी के मौसम में खाली पड़े हैंडपंपों और कुओं में लोगों की खासी भीड़ जुट रही है।

पिछले पांच दिनों से जलापूर्ति ठप होने से ऊंचाई वाले इलाके के लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे। पानी की गंभीर समस्या से नाराज मोहल्ला समदनगर के निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पानी की समस्या का निदान कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में मोहल्ले वासियों बताया कि पानी की इस किल्लत ने उनकी पूरी दिनचर्या को बाधित दी है। सुबह से शाम तक का अधिकांश समय केवल पानी का इंतजाम करने में ही बीत जाता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि लोग अपनी दिहाड़ी और मजदूरी छोड़कर पानी भरने को मजबूर हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो रहा है। बताया कि ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की किल्लत से हाहाकार मचा हुआ। वहीं इस इलाके के ज्यादात हैंडपंप रीबोर की स्थिति में पहुंच कर पानी देना बंद कर दिया है और जो हैंडपंप पानी दे रहे उनमें खारा पानी आ रहा है, जिसे लोग पीने को मजबूर हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है ताकि उनकी दैनिक समस्याओं का समाधान हो सके। ज्ञापन देने वालों में गजराज सिंह, सुनील, संतोष और मनोज विश्वकर्मा सहित कई अन्य नागरिकों ने अपनी व्यथा सुनाई। स्थानीय निवासी अवधेश रैकवार और सुरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

## एसडीएम चरखारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरहरी का किया निरीक्षण

**महोबा।** उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरहरी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, सफाई व्यवस्था और स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण दौरान एसडीएम ने सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने, मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने, दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देश दिए साथ ही लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरहरी के निरीक्षण दौरान उपस्थित चिकित्सक एवं स्टाफ से उपचार व्यवस्था की जानकारी ली और मरीजों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार दिया जाए साथ ही दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कमी उन्हें पर तत्काल सूचना देकर दवाओं को मंगवाया जाए।

# जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा मंगलवार को कलैक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का भ्रमण कर जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए आवश्यक है कि कार्यों का समयबद्धता के साथ निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। कलैक्ट्रेट आए प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे से सुन उनकी समस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार का जायजा लेते हुए आआरके विनोद कुमार से राजस्व अभिलेखों एवं प्रतिदिन आने वाले आवेदनों के बारे में जानकारी की। जिस पर बताया गया कि प्रतिदिन 100 के लगभग आवेदन प्राप्त होते हैं जिसके सापेक्ष 80-90 का निस्तारण करा दिया जाता है। उन्होंने राजस्व अभिलेखों का बस्ता खुलवाकर भी देखा और बस्ते में अवस्थित अभिलेखों की सूची सबसे ऊपर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अभिलेखों की सुरक्षा के दृष्टिगत अग्निशमन यंत्रों को अद्यतन रखने में रात्रि में विद्युत सप्लाई कट करने के लिए पटल सहायक की तिथिवार जिम्मेदारी भी तय करने के निर्देश दिए। न्यायिक अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान जेआरके कुसुमलता द्वारा बताया गया कि थानावार प्राप्त अभिलेखों को एक वर्ष रक्षित करने के उपरांत नीलामी कराई जाती है। कलैक्ट्रेट में नव स्थापित होने वाली ''निर्भया सेल'' में फर्नीचर व अन्य सामग्री की उपलब्धता के बावजूद संचालन न होने पर जल्द से जल्द शुभारंभ कराए जाने के निर्देश दिए गए। डीएलआरसी एवं खनन विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि जिले में मिट्टी खनन के लिए 480 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 211 को स्वीकृत, 174 को अस्वीकृत किया गया है। डीएम ने सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेबी फीडिंग रूम को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित कराए जाने के निर्देश दिए। विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक सतेन्द्र तिवारी के अनुपस्थित पाए जाने पर डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। कचहरी डाकघर के निरीक्षण में उप डाकपाल मनोहर लाल ने बताया कि सभी प्रकार की डाक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। पुलिस मालखाने के निरीक्षण में एसआई गोपाल सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में बरामद लगभग 10 हजार से अधिक अस्त्र-शस्त्र यहां जमा हैं। जिलाधिकारी ने न्याय सहायक अनुभाग, नजारत, संयुक्त कार्यालय, अर्थवाद कार्यालय, स्थानीय निकाय कार्यालय, क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय, जिला बचत कार्यालय, गेस्ट हाउस आदि का निरीक्षण किया।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड सेना के बच्चों को शिक्षा में देंगे विशेष छूट



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी एईएसएल ने भारतीय सेना के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं,जिसका उद्देश्य सेना के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण को समर्थन देना है। यह बातें आकाश एजुकेशन के आनंद प्रकाश पांडे( सेंट्रल डायरेक्टर) ने मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दरमियान पत्र प्रतिनिधियों को बताया। उन्होंने कहा कि, इसमें वर्तमान में सेवा दे रहे सदस्य,सेवानिवृत्त सैनिक,गैलेंट्री पुरस्कार विजेता,दिव्यांग कर्मी तथा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिवार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में हमारे 400 से अधिक शाखाएं हैं और यह समझौता के तहत सभी शाखोंव में विद्यार्थियों को विशेष लाभ प्रदान करेगा।

स्पष्ट करते हुए बताया कि,यह समझौता भारतीय सेना के कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर 3एंड4 और एईएसएल के डॉ. यश पाल,चीफ़ अकैडमिक एंड बिज़नेस हेड,दिल्ली-एनसीआर द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। जो भारतीय सेना के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है,जिसमें देशभर के एईएसएल केंद्रों पर पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्तियाँ प्रदान करना भी शामिल है। सिर्फ़ रजिस्ट्रेशन फ़ीस देनी होगी,ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मियों के बच्चों के लिए बाकी सभी फ़ीस में 100 प्रतिशत छूट है। और 20 प्रतिशत से ज़्यादा विकलांगता वाले कर्मियों और वीरता पुरस्कार पाने वालों के बच्चों के लिए 100 प्रतिशत ट्यूशन फ़ीस माफ़ है। उन्होंने बताया कि, हाल ही में, एईएसएल ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के साथ भी एक एमओयू किया है।

## तिब्बती परम्परा और भारतीय संस्कृति की मिली-जुली संस्कृति का संगम है : डॉ.स्मिता एस चौधरी



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती संस्थान में मंगलवार को पूर्व डिप्टी कंट्रोलर एंड आडिटर जनरल तथा वर्तमान में संस्कृति मंत्रालय ने तिब्बती विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया साथ ही यहां की परम्पराओं को समझा। इस अवसर पर संस्थान की कुल सचिव डॉ.सुनीता चंद्रा ने स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया। डॉ.स्मिता एस चौधरी ने फाइनेंस बोर्ड द्वारा संस्थान में इंटरनल आडिट सेल के गठन, सृजन एवं क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्राचीन भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को सहेजने पर बहुत सक्रिय है। वर्तमान में तिब्बती संस्थान, हमारी प्राचीन नालंदा परम्परा और संस्कृति को सहेजने का काम कर रहा है। यहां के कण-कण में तिब्बती परम्परा और भारतीय संस्कृति की मिली-जुली संस्कृति का संगम है। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव डॉ. हिमांशु पाण्डेय, सहायक उपकुलसचिव डॉ सुमिल तिवारी, प्रमोद सिंह, सुनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी : मंडलायुक्त

- मण्डलायुक्त ने किया 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मंडल में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में की गई। बैठक में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह सहित पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने एक-एक परियोजना की बिंदुवार समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, समयबद्धता और धनराशि के समुचित उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कार्यों की समयसीमा तय है, उनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यदायी संस्थाओं को मानकों के अनुरूप काम कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सड़कों, नालों, भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की गई।

मंडलायुक्त ने कहा कि गुणवत्ता से समझौते की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को तेज़ी से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने नगर निगम क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिकता वाले कार्यों को तय समय में पूरा कराने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## फाइनेंस कंपनी ने ग्राहक के साथ धोखाधड़ी करते हुए निकाल लिया 60 हजार रुपये लोन



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** एक फाइनेंस कंपनी ने अपने एक ग्राहक के साथ धोखाधड़ी करते हुए 60 हजार रुपये लोन निकाल लिया, जब महिला दोबारा लोन लेने पहुंची तो कंपनी एप में लोन लिए होने की जानकारी का मामला उजागर हुआ। मंगलवार को महिला ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए माइक्रो फाइनेस कंपनी के लोगों की मिलीभगत से फर्जी बीमा किए जाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के अजनर गांव निवासी रानी पत्नी नरेंद्र सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 12 फरवरी 2025 को क्षेत्र की माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 60 हजार रुपये लोन लिया था, जिसका साप्ताहिक किश्त 755 रुपये निर्धारित थी। बताया कि लोन करे 102 सप्ताह में चुकता करना था, जिस पर प्रत्येक सोमवार को सारी किश्त समय पर चुकता कर दी थी। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह दोबारा लोन लेने के लिए कंपनी गई तो एप पर सिबिर चेक की तो जानकारी हुई कि उस पर 60 हजार रुपये का लोन है, जिसकी उसे कोई जानकारी नहीं है। ज्ञापन में बताया कि उसके नाम से मॉस फाइनेस सर्विस प्रा. लि. कंपनी में 102 माह के लिए 760 मासिक किश्त के लोन लिया गया और इस लोन की चार किश्त भी नहीं भरी गई। पीड़िता ने बताया कि यह धोखाधड़ी उसके दस्तावेजों का गलत प्रयोग कर फाइनेंस कंपनी के लोगों ने किया है। बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की अशिक्षित महिलाओं के साथ इस तरह की फाइनेंस कंपनी धोखाधड़ी करके सिविल रिपोर्ट खराब कर रही हैं।

## एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो और पुलिस-जन संवाद और अधिक सुदृढ़ हो। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर जनविश्वास को और मजबूत करना है।

## राम राज्याभिषेक पर कर्मयोगियों का सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

- श्री काशी विश्वनाथ धाम के सफाई व सुरक्षा कर्मियों को चांदी का सिक्का व अंगवस्त्रम भेंट

**वाराणसी।** श्री काशी सत्संग मंडल के तत्वावधान में विगत 68 वर्षों से आयोजित हो रहे ÷श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण ज्ञान महायज्ञ÷के अंतर्गत एक फरवरी को श्रीराम राज्याभिषेक का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया।

इस अवसर पर आगामी महाशिवरात्रि पर्व के शुभ संदर्भ में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर धाम के सफाई कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। श्री राम दरबार की ओर से उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर अंकित चांदी का सिक्का, प्रसाद एवं अंगवस्त्रम भेंट किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि मंदिर धाम की स्वच्छता और सुरक्षा में इन कर्मयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनका सम्मान करना समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना तभी साकार होगी जब सेवा में लगे प्रत्येक व्यक्ति को उचित सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहा।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों को घर से बुलाकर टेस्ट कराया गया

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा लिया गया निपुण टेस्ट - शासन के निर्देश पर डायट रजलामई के प्रशिक्षु मनीष कुमार यदुवंशी एवं विनय प्रताप सिंह ने कक्षा एक व दो में अध्यनरत बच्चों का आनलाईन एसेसमेंट किया। अनुपस्थित बच्चों को घर से बुलाकर टेस्ट कराया गया। लेखपाल मनोज कुमार ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र एवं जनसुनवाई पत्र प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को सौंपे।इस अवसर पर अभिषेक गंगवार संचालक सार्थक प्रयास अकादमी, उजैफ पठान, हेमवती, कमलेश राजपूत, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा विद्यालय में आयोजित कृमि मुक्ति दिवस पर 48 बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि छूटे हुए बच्चों को माप अप राउंड में आगामी 14 फरवरी को पुनः पेट में कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी।

## रीतेश कुमार राय को मिली वनस्पति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि



**गोरखपुर।** दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोध छात्र रीतेश कुमार राय को विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी (Doctor of Philosophy) की उपाधि से विभूषित किया गया है। मूल रूप से जनपद कुशीनगर के ग्राम व पोस्ट बगही के निवासी रीतेश राय ने अपना शोध कार्य ÷स्टडी ऑन पोस्ट हार्वेस्ट लॉस ऑफ टोमेटो एंड देयर मैनेजमेंट बाई बॉटनिकल एंड चईटोसान (Study on Post-Harvest Loss of Tomato and Their Management by Botanical and Chitosan) विषय पर पूर्ण किया। डॉ रितेश कुमार राय का यह शोध प्रोफेसर पूजा सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके शोध का मुख्य उद्देश्य टमाटर की फसल में कटाई के बाद होने वाले नुकसान को प्राकृतिक वनस्पतियों और चईटोसान के प्रयोग से कम करना है, जो कृषि और किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। रीतेश की इस शैक्षणिक उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। डॉ रीतेश के शोध पत्र प्रतिष्ठित जनरलों में प्रकाशित हो चुके हैं। इनकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति, विभागाध्यक्ष सहित विभाग के समस्त शिक्षकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ रितेश कुमार राय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और मित्रों के सहयोग को दिया है।

## राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी तक पहुंची

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि,मंत्री रविंद्र जायसवाल द्वारा एसआईआर प्रकिया के कार्य को प्रभावित करने एवं मुसलिम मतदाताओ के नाम के साथ छेड़छाड़ के आरोप के साथ पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोमवार को उ प्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्रदेश के विभिन्न जनपदो के मतदाता सूची के मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले में सपा ने कहा -राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने विगत दिनो जिलाधिकारी से मुलाकात कर एसआईआर के कार्य मे व्यापक पैमाने पर वोट बढवाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्रक सौपा था । उसके बाद सपा जिलाध्यक्ष सुजित यादव ÷लक्कड÷ पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा विश्वकर्मा एवं पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी समेत दर्जनो सपा नेताओ ने भी जिलाधिकारी के अनुपस्थिती मे सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपकर मंत्री रविन्द्र जायसवाल एसआईआर कार्य मे दखल व शिकायत लेकर ज्ञापन सौपा था।

## एनडीआरएफ जन जागरूकता ही बचाव को सिद्ध किया



**वाराणसी।** एनडीआरएफ वाराणसी द्वारा काशी के प्राचीनतम,धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से प्रतिष्ठित दशाश्वमेध घाट पर एनडीआरएफ उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एक सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को आपदा प्रबंधन के सभी पहलुओं से परिचित कराते हुए, दुर्घटना के समय काम आने वाली विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक पद्धतियों और कौशल में प्रशिक्षित कर एक जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण करना जिससे आपदा में होने वाली हानि को न्यूनतम स्तर तक ले आया जा सके। सामाजिक चेतना के इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए उप महानिरीक्षक श्री शर्मा ने प्रतिभाग कर रहे लोगों को बताया की किसी भी आपात स्थिति सबसे ज्यादा प्रभावित स्थानीय समुदाय होता है इसलिए सर्वप्रथम आपात प्रतिक्रिया स्थानीय जन समुदाय द्वारा ही किया जाता है।

# धर्म समाज कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** धर्म समाज कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 फरवरी 2026 को हुआ, जबकि समापन समारोह दिनांक 10 फरवरी 2026 को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में महिला, पुरुष, अध्यापक एवं अध्यापिका वर्ग में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**महिला वर्ग (एथलेटिक्स)**

**100 मीटर दौड़ :** अन्नू (प्रथम), राखी (द्वितीय), रिचा सैनी (तृतीय), **200 मीटर दौड़ :** सानिया (प्रथम), बीनू (द्वितीय), जया (तृतीय), **400 मीटर दौड़ :** नेहा (प्रथम), गुंजन (द्वितीय), शगुन (तृतीय), **गोला फेंक :** मेघा (प्रथम), प्रिया (द्वितीय), स्नेह (तृतीय), **लंबी कूद :** अन्नू (प्रथम), गुंजन (द्वितीय), जया (तृतीय)

**पुरुष वर्ग (एथलेटिक्स), 100 मीटर दौड़ :** अंकित (प्रथम), प्रशांत (द्वितीय), अमन (तृतीय), **200 मीटर दौड़ :** योगेश चंद्रा (प्रथम), राजीव कुमार (द्वितीय), अजय (तृतीय), **400 मीटर दौड़ :** विनीत कुमार (प्रथम), करण कुमार (द्वितीय), गौरव (तृतीय), **गोला फेंक :** मोहित (प्रथम), आदित्य (द्वितीय), कान्हा (तृतीय), **लंबी कूद :** प्रभांशु (प्रथम), अमन कुमार (द्वितीय), अजय (तृतीय)

**अध्यापिका वर्ग, 100 मीटर दौड़ :** डॉ. कमलेश (प्रथम), डॉ. रेखा (द्वितीय), डॉ. रेनू (तृतीय), **गोला फेंक :** डॉ. हेमलता (प्रथम), डॉ. पूजा (द्वितीय), डॉ. कमलेश (तृतीय)

**अध्यापक वर्ग, 100 मीटर दौड़ :** डॉ. अनुराग (प्रथम), डॉ. उमेश कुमार (द्वितीय), यतीश (तृतीय), **गोला फेंक :** डॉ. उमेश (प्रथम), प्रो. अवनीश कुमार सिंह (द्वितीय), डॉ. पुष्पेंद्र यादव (तृतीय)

**रस्साकसी प्रतियोगिता, छात्रा वर्ग :** बी.ए. (प्रथम), बी.एससी. (द्वितीय), **छात्र वर्ग :** बी.ए. एल.एल.बी. (प्रथम), एजुकेशन (द्वितीय) । समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रक्षपाल सिंह रहे। उन्होंने सभी विजेता छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता प्रतिभागियों को कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मुकेश कुमार भारद्वाज द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## एआरटीओ द्वारा एक ओवरलोड ट्रक किया सीज

- 2 ऑटो टैक्स बकाया में सीज कर एक डग्गा मार बस पकड़ी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज दिनांक 10-02-2025 को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा टीएसआई सतेन्द्र कुमार के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक डग्गेमार बस पकड़ी गई, जिसमें 72 सवारियां ले जाई जा रहीं थीं। बस को सीज करते हुये उस पर रू0 36 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त मैनपुरी जनपद के मार्ग पर संचालित होने वाली एक बस को बिना परमिट मेरापुर से फर्रूखाबाद तक बारात ढोने के अभियोग में चालान किया गया है तथा उस पर रू0 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। एक ओवरलोड ट्रक भी पकड़ा गया तथा इस पर परिवहन विभाग द्वारा रू0 47 हजार का जुर्माना लगाया गया। आज की कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा रू0 1.13 लाख जुर्माना लगाया गया।

# जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड कार्यालय नवाबगंज का निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा विकासखंड कार्यालय, नवाबगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की व कार्यालय परिसर में स्थापित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया, उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने कार्यालय के कंडम वाहन को नीलाम कराने के लिये निर्देशित किया, जिलाधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करते हुये स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण करने,स्पेशल क्लोज प्रकरणों का रिव्यू करने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना/राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शतप्रतिशत उपभोग करने, विकास खंड परिसर में स्थित पार्क में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड परिसर में स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया, पत्रावलियों का रखरखाव सही नही पाया गया, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व परिसर में फैली गंदगी साफ कराने के लिये निर्देशित किया गया।

# रामनगरी का नक्षत्र चमका, भारत देखेगा हुनर




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में एक नया नक्षत्र चमक उठा है। वह अब देशव्यापी मंच पर अपनी कला का जादू बिखेरने को तैयार है। रानोपाली निवासी 12 वर्षीय प्रतिभाशाली बालक नक्षत्र कुमार का चयन प्रसिद्ध नेशनल म्यूजिक चैनल 9ङ्गरू के लोकप्रिय रियलिटी शो हुनर का मंच में हुआ है। यह शो उन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है जो संगीत, नृत्य, अभिनय या अन्य कलाओं में असाधारण हुनर रखते हैं। नक्षत्र का चयन देश भर से आए हजारों प्रतियोगियों में से हुआ है, जिसमें केवल 50 प्रतिभागियों को जगह मिली है। उत्तर प्रदेश से मात्र 5-6 बच्चों का ही चयन हुआ है, जिसमें नक्षत्र का नाम शामिल होना अयोध्या और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। नक्षत्र अयोध्या एकेडमी में कक्षा छह का छात्र है। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षक और स्थानीय लोग बेहद उत्साहित हैं। नक्षत्र के पिता कार्तिक कुमार मूल रूप से बस्ती जिले के परसरामपुर गांव (पेरीपोखर) के निवासी हैं। लगभग 15 वर्ष पहले वे परिवार सहित अयोध्या आ बसे थे। पहले वे आईटीआई के निकट एक फोटो स्टूडियो चलाते थे, लेकिन कुछ पारिवारिक और आर्थिक कारणों से अब वे अपना व्यवसाय ऑनलाइन माध्यम से संचालित कर रहे हैं। कार्तिक बताते हैं कि नक्षत्र की इस सफलता ने पूरे परिवार को नई ऊर्जा दी है। ऑडिशन के बाद जब ईमेल से चयन की सूचना मिली, तो घर में खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

माता कालिंदी देवी ने बताया कि नक्षत्र बचपन से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रखता है। वह छोटी उम्र में ही विभिन्न स्कूलों में आयोजित होने वाले संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेता रहा है और कई बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। उसकी आवाज में मिठास और स्वरों में गहराई ऐसी है कि सुनने वाले मुग्ध हो जाते हैं। नक्षत्र ने अपना यूट्यूब चैनल भी शुरू किया है, जहां वह अपने गाए हुए गीत अपलोड करता है। अभी तक उसके चैनल पर कई वीडियो वायरल हो चुके हैं, जिन्हें लाखों लोग देख चुके हैं। नक्षत्र वर्तमान में अयोध्या के प्रसिद्ध संगीतज्ञ देव प्रसाद पांडेय के मार्गदर्शन में संगीत की प्रभाकर डिग्री की शिक्षा प्राप्त कर रहा है। गुरुजी की कड़ी मेहनत और नक्षत्र की लगन ने मिलकर उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। नक्षत्र में जन्मजात प्रतिभा है और यदि वह इसी तरह मेहनत करता रहा तो भविष्य में बड़ा नाम कमाएगा। हुनर शो में जज के रूप में प्रसिद्ध अभिनेत्री और कॉमेडियन उपासना सिंह मौजूद हैं, जिनकी नजर में नक्षत्र की प्रतिभा खास तौर पर आई है। शो के विभिन्न राउंड में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और नक्षत्र को भी बड़े मंच पर रामनगरी की शान बढ़ाने का मौका मिलेगा। पिता कार्तिक बताते हैं आने वाले दिनों में चैनल की टीम शूटिंग के लिए अयोध्या आएगी । घर के वीडियो और परिजनों के इंटरव्यू करने की बात हुई है। सारा खर्चा चैनल वाले ही उठाएंगे।

## परीक्षा आपकी काबिलियत नहीं, बल्कि आपकी तैयारी को परखती है: शिखा दूबे

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रेवतीगंज स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सफलता और सौभाग्य की कामनाओं के साथ गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं।विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि विद्यार्थियों द्वारा पूरे वर्ष की गई कड़ी मेहनत के सम्मान के लिए है। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा आपकी काबिलियत नहीं, बल्कि आपकी तैयारी को परखती है। इसलिए परीक्षा के भय को स्वयं पर हावी न होने दें और सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

# जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आज शासन के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, नजारत, निबंधन, आपदा प्रबंधन सहित अन्य कार्यालयों का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित आवासीय एवं अनावासीय भवनों की साफ-सफाई, आम जनमानस के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, वाहन पार्किंग, भवन मरम्मत एवं समग्र स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं।अभिलेखों के रखरखाव को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए



कि सभी अभिलेखों को क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित रखा जाए तथा फाइलों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान खराब पाए गए फर्नीचर को दुरुस्त कराने अथवा नए फर्नीचर की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने परिसर में कई स्थानों पर अव्यवस्थित विद्युत तारों को सुव्यवस्थित कराने एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शौचालयों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन कम से कम दो बार शौचालयों की साफ-सफाई कराई जाए तथा महिला एवं दिव्यांग शौचालयों की व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित हों।उन्होंने यह भी कहा कि कूड़ा-करकट के निस्तारण हेतु उचित स्थानों पर डस्टबिन रखी जाएं, आमजन के बैठने की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए और सभी कार्यालयों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राम कुमार यादव इंटर कॉलेज, संण्डवा में फेयरवेल समारोह हुआ आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली-अयोध्या।** राम कुमार यादव इंटर कॉलेज, संण्डवा में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय का वातावरण उस समय भावुक हो उठा जब अपने प्रिय शिक्षकों और विद्यालय से बिछड़ने की घड़ी आई। विद्यार्थियों की आँखों में आंसू और चेहरे पर भविष्य को लेकर उम्मीदें साफ झलक रही थीं।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 12 जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहीं से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव पड़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर विशेष संदेश देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।प्रबंधक महेश चंद्र यादव ने कहा, आप सभी विद्यार्थी पूरे मनोयोग से परीक्षा की तैयारी करें। यूपी बोर्ड की परीक्षा केवल अंक पाने का माध्यम नहीं, बल्कि आपके जीवन की दिशा तय करने वाला अवसर है। ईमानदारी से की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।÷विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय में बिताए पलों को याद कर भावुक हो उठे।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**रुदौली-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मवई क्षेत्र के ग्राम पराग दत्त पुरवा मजरे रामपुर जनक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर मवई द्वितीय जिला पंचायत पद के प्रत्याशी राजेंद्र कुमार यादव विशेष रूप से कथा स्थल पर पहुंचे और धर्मलाभ अर्जित किया। कथा स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति एवं ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कर रहीं प्रसिद्ध कथा वाचिका सरिता यादव को राजेंद्र कुमार यादव द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं कथा आयोजनकर्ता मंशु यादव द्वारा भी जिला पंचायत प्रत्याशी राजेंद्र यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल और भी भावनात्मक व गौरवपूर्ण हो गया। राजेंद्र कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

# मॉडल टाउन में सुबह घुसपैठियों के 'रेकी गैंग की दस्तक, वीडियो कॉल पर दिखाये घर, कैप लगाए दो लोगों के वीडियो

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शहर की सुरक्षित कहलाने वाली मॉडल टाउन कॉलोनी में तड़के 4:40 बजे ऐसा सीन बना कि लोग चौंककर उठ गए। गली में दो अज्ञात युवक कैप लगाए घूमते दिखे, मोबाइल पर वीडियो रिकॉर्डिंग करते रहे और आरोप है कि वीडियो कॉल के जरिए अपने साथियों को पूरे इलाके की स्थिति दिखाते रहे। इस पूरे मामले की शिकायत मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में की गई।

कॉलोनीवासियों के मुताबिक 8 फरवरी की सुबह करीब 4:40 बजे दो युवक गली में बार-बार चक्कर काटते रहे। कभी दरवाज़ों के सामने रुकते, कभी कैमरे की तरफ पीठ करके मोबाइल चलाते, जैसे किसी वारदात की स्क्रिप्ट रिहर्सल हो रही हो। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि दोनों संदिग्ध वीडियो कॉल पर थे और घरों के बाहर खड़े होकर लाइव इलाके की पोजिशन दिखा रहे थे।

किस घर में लाइट बंद, किस घर में सन्नाटा, किस मोड़ पर कौन-सा कैमरा यह सब।एक घर में घुसने की कोशिश के दौरान सामने वाले मकान की लाइट जलते ही दोनों पीछे हट गए। इसके बाद उन्होंने दूसरी तरफ दूसरे घर में घुसपैठ का प्रयास किया, लेकिन घर के लोगों के जागने और आवाज लगाने पर दोनों अजीब-अजीब आवाजें निकालते हुए दौड़ पड़े। कॉलोनीवासियों ने सीसीटीवी फुटेज देखी। फुटेज में दोनों युवक करीब 20 मिनट तक गलियों में संदिग्ध गतिविधियां करते दिखे। चक्कर लगाना, रुककर वीडियो बनाना, फोन पर बात करना और तेज़ी से लोकेशन बदलना। घटना के बाद मॉडल टाउन में लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पहले भी इलाके में चोरी/हत्या जैसी घटनाओं की चर्चा रही है। इसलिए इस बार की रेकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता।जनसेवा ई-रिक्शा ऑटो चालक एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह बिट्टू ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर मांग की है।

कि CCTV के आधार पर पहचान कर तुरंत गिरफ्तारी की जाए, ताकि किसी बड़ी वारदात से पहले गैंग पर शिकंजा कसा जा सके।

# मुख्यमंत्री का बैनर फाड़ने का आरोप: मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत



**कुमारगंज अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** निज़संज़। कस्बा कुमारगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बैनर को फाड़ने का मामला सामने आया है जहां स्थानीय निवासी और खुद को योगी भक्त बताने वाले विक्की ने अपने खर्च से चौराहे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बैनर लगवाया था। इस संबंध में विक्की का कहना है कि यह बैनर मुख्यमंत्री के प्रति उनकी श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक था जिसे बीती 4 फरवरी की शाम को कुमारगंज के ही रहने वाले युवक अंकित ने कथित तौर पर ईंट-पत्थरों से इस बैनर को फाड़ दिया। शिकायतकर्ता विक्की ने बताया कि जब उन्होंने इस हरकत का विरोध किया, तो अंकित ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट भी की। घटना के तुरंत बाद विक्की ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और कुमारगंज थाने में लिखित शिकायती पत्र देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाना कुमारगंज की पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच शुरू की। जांच में प्रारंभिक सबूतों के आधार पर युवक अंकित को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# ग्राम सभा उधरौरा मे लगी भीषण आग,तीन घर जल कर राख

**रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा उधरौरा मे अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग जिसमे तीन घर मय साजो सामान के साथ जल कर हुए राख आप को बता दे कि सोमवार को ग्राम सभा उधरौरा मे अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई जिससे ग्राम सभा निवासी मैकू लाल, जुग्गी लाल, व लल्लू का घर जल कर राख हो गया आग इतनी भीषण थी जिसमे तीन गैस सिलेंडर को भी अपने चपेट मे ले लिया और तीनो सिलेंडर फट गए सिलेंडर फटने से किसी प्रकार का जान माल का नुकसान नहीं हुआ आग की सूचना सर्व प्रथम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने तहसील प्रशाशन को दिया सूचना मिलते ही रुदौली उपजिलाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गए और ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया व हालातो का जायजा लेकर पीडिट लोगो को तत्काल आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया और लोगो मे 15 कम्बल का वितरण करवाया वही उधरौरा कोटेदार से प्रति परिवार को 1 कुंतल गेहूं, 1 कुंतल चावल, 5 किलो दाल व चारपाई की व्यवस्था कराई वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने पीडिट लोगो को कॉलोनी दिलाने का आश्वासन भी दिया है और कहा कि आग से पीति परिवार की हर संभव मदद करेंगे ताकि ये परिवार पुनः अपना जीवन यापन कर सके!

# महापौर की पहल रंग लाई, ई-रिक्शा चालकों का आंदोलन समाप्त

**अयोध्या धाम।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में पिछले कई दिनों से जारी ई-रिक्शा चालकों का आंदोलन आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गया। नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के प्रभावी हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद ई-रिक्शा यूनियन ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। प्रमोद वन मोहल्ले में कृष्णा फाउंडेशन और अयोध्या जी ई-रिक्शा कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा यह आंदोलन चालकों की रोज़ी-रोटी, रूट निर्धारण और प्रशासनिक अड़चनों से जुड़ी मांगों को लेकर किया जा रहा था।

# ब्लॉक अधिकारियों पर झूठी रिपोर्ट लगाने का शिकायतकर्ता ने लगाया गंभीर आरोप

**रूदौली-अयोध्या।** रुदौली ब्लॉक के चर्चित ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर से प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने ब्लॉक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों का निस्तारण झूठी रिपोर्ट लगाकर किया जा रहा है, जिससे उच्चाधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक शौचालय आज भी आधा-अधूरा है। महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जिससे दोनों को एक ही शौचालय का उपयोग करना पड़ता है। समय से शौचालय का गेट नहीं खुलता और टैंक तक जाने वाली पाइपलाइन टूटी होने के कारण लंबे समय तक मल-मूत्र खुले में बहता रहा।

# IGRS में बरेली रेंज का जलवा बरकरार लगातार आठवीं बार प्रदेश में अव्वल

*अवधनामा संवाददाता*
*(सौरभ गुप्ता)*

**बरेली।** जनशिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में बरेली रेंज ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। DIG अजय कुमार साहनी के कुशल नेतृत्व में बरेली रेंज ने IGRS (एकीकृत जनशिकायत निवारण प्रणाली) की मासिक रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि बरेली रेंज लगातार आठवीं बार प्रदेश में शीर्ष पर रही है।

IGRS पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के समाधान को लेकर शासन स्तर पर हर माह मूल्यांकन किया जाता है। इसमें समयबद्ध निस्तारण, शिकायतकर्ता से संवाद, जांच की गुणवत्ता और संतुष्टि जैसे मानकों के आधार पर रैंकिंग तय की जाती है। इन सभी कसौटियों पर बरेली रेंज का प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट रहा है। DIG अजय कुमार साहनी के निर्देशन और सख्त मॉनिटरिंग के चलते रेंज के सभी जनपदों में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा से पहले किया गया। परिणामस्वरूप कोई भी प्रकरण लंबित या डिफॉल्टर श्रेणी में दर्ज नहीं हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर DIG अजय कुमार साहनी ने IGRS शाखा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जनसेवा है और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान की यह प्रक्रिया आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगी।

IGRS रैंकिंग में बरेली रेंज का लगातार शीर्ष पर बने रहना पुलिस प्रशासन की पारदर्शी कार्यशैली, जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। यह उपलब्धि पूरे रेंज पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

## अर्बन हाट बनेगा बरेली का मिनी-दुबई, फाइव स्टार होटल से मल्टीप्लेक्स तक होगा सब कुछ

### बरेली को मिला नया रोजगार हब, अर्बन हाट में आएगा फाइव स्टार होटल और मल्टीप्लेक्स

**बरेली।** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित अर्बन हाट अब सिर्फ एक निर्माण नहीं, बल्कि बरेली के भविष्य की नई पहचान बनने जा रहा है। सोमवार को स्मार्ट सिटी कंपनी और मैसर्स वैगमाइन इंटरप्राइजेज के बीच हुए 30 वर्षों के ऐतिहासिक समझौते के साथ ही अर्बन हाट में फाइव स्टार होटल, मल्टीप्लेक्स, फूड कोर्ट, हस्तशिल्प केंद्र और ओपन एयर थिएटर के संचालन का रास्ता साफ हो गया। इस परियोजना से न सिर्फ शहर की आर्थिक रफ्तार तेज होगी, बल्कि करीब एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना पुरन्दरपुर का वार्षिक निरीक्षण



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा थाना पुरन्दरपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में उपलब्ध सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अभिलेखों की जांच की। पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रागार में हथियारों की सफाई, रखरखाव एवं रजिस्टर, थाना कार्यालय के अभिलेख, मालखाना में जब्तशुदा सामान की सुरक्षा व रिकॉर्ड, हवालात की स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था, पुलिसकर्मियों की मेस व बैरक, महिला हेल्प डेस्क के संचालन तथा सीसीटीएनएस प्रणाली की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। साथ ही थाने के समस्त रजिस्टरों एवं फाइलों की भी जांच की गई। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बीट आरक्षियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर जनता की समस्याओं को सुनने तथा त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटर, चोरों एवं शातिर अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, अपराध नियंत्रण, जनता की सेवा एवं थाना कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर थाना पुरन्दरपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महराजगंज की शानदार वापसी

### जनवरी रैंकिंग में प्रदेश के टॉप -10 जनपदों में हासिल किया आठवां स्थान

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद महराजगंज ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉपङ्क10 जनपदों में स्थान बनाया है। जनवरी माह की रैंकिंग में जनपद ने राजस्व एवं विकास की संयुक्त श्रेणी में आठवां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम मानी जा रही है। विकास योजनाओं में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन विकास क्षेत्र के अंतर्गत संचालित योजनाओं में जनपद को कुल 71 योजनाओं में 'ए' ग्रेड, 06 योजनाओं में 'बी' ग्रेड तथा मात्र 03 योजनाओं में 'सी' ग्रेड प्राप्त हुआ है। खास बात यह रही कि किसी भी विकास योजना में जनपद को 'डी' ग्रेड नहीं मिला, जो प्रशासनिक दक्षता को दर्शाता है।राजस्व रैंकिंग में भी हुआ बड़ा सुधार राजस्व क्षेत्र में भी जनपद का प्रदर्शन सराहनीय रहा। यहां 34 योजनाओं में 'ए' ग्रेड, 09 योजनाओं में 'बी' ग्रेड तथा 04 योजनाओं में 'सी' ग्रेड प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह जनपद राजस्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए थे।

इसके बाद जनपद ने तेजी से सुधार करते हुए 12वें स्थान तक छलांग लगाई। शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई सूचकांकों में बेहतर स्थिति सीएम डैशबोर्ड पर जनपद का प्रदर्शन शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, स्वच्छता, पर्यटन, पेयजल, सड़क निर्माण एवं सामाजिक कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विभागीय सूचकांकों में बेहतर पाया गया है।

# मधुबनी में श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

### गाजे-बाजे के साथ निकली विशाल कलश यात्रा, गूंजे जयकारे

*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर, मधुबनी में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सोनवल, नंदाभार, पिपरा सोनाडीह, पड़री खुर्द, पिपरिया गुरु गोविंद राय, मठिया, हरपुर, भुलना, बरोहिया, सेमरा, मिठौरा होते हुए देवरिया शाखा भागाटार पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया।

कलश यात्रा में रथ पर विराजमान भगवान शिव एवं माता पार्वती की मनोहारी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं घोड़े और सुसज्जित रथ ने शोभा बढ़ाई। यात्रा में शामिल



501 कुंवारी कन्याएं सिर पर कलश धारण कर भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ चल रही थीं। कलश यात्रा का नेतृत्व मंदिर के पुजारी एवं संरक्षक कर रहे थे। यज्ञ समिति के व्यवस्थापक एवं पूर्व ग्राम प्रधान संत मुनी त्रिपाठी ने बताया कि यह आयोजन अपने 33वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। नौ दिनों तक चलने वाले इस रुद्र महायज्ञ का समापन 18 फरवरी को होगा। इस अवसर पर महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित अवध किशोर हैं, जबकि प्रवचन जुगुल किशोर द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत दिन में रामलीला एवं प्रवचन तथा रात्रि में बिहार के सीतामढ़ी की प्रसिद्ध रामलीला मंडली द्वारा मंचन किया जाएगा। कलश यात्रा एवं आयोजन की व्यवस्था में संत मुनी त्रिपाठी, समाजसेवी धनराज, झिनकारी शर्मा, संजय तिवारी, राजन पाण्डेय, राजकुमार गौड़, अजय कुमार भारती, केवल गुप्ता सहित अनेक ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग रहा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौक थाना से एसएसआई अमित सिंह, एसआई परशुराम सिंह, हेड कांस्टेबल विश्वनाथ पासवान, अखिलेश यादव, धर्मेन्द्र गौतम व दीपक यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# शिवनगर मोहल्ले में बड़ी चोरी, नगर पालिका कर्मचारी का घर बना निशाना

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत क्षेत्र के शिवनगर मोहल्ले में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। नगर पंचायत चौक पर कार्यरत कर्मचारी विजय यादव के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए नकदी सहित लाखों रुपये के जेवरात चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय यादव अपनी पत्नी के इलाज के लिए कुछ दिनों से बनारस गए हुए थे, जिस कारण उनका मकान पूरी तरह बंद था। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने दिन के समय मकान के पीछे की ओर से प्रवेश किया और घर में रखी अलमारी को तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान में सोने की चेन, अंगूठियां, पायल, मंगलसूत्र, टीका, नथ सहित अन्य सोने-चांदी के जेवरात तथा नकदी शामिल हैं।

# आकांक्षी विकासखंड मिठौरा में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** आकांक्षी विकासखंड मिठौरा के ब्लॉक सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को योजना के लाभ, प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराना रहा। आयोजन शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, चांदपुर (वाराणसी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राम हरख गुप्ता ने योजना को कारीगरों के सशक्तिकरण, कौशल उन्नयन और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जुड़ने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त अविनाश कुमार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योजना की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं आरसेटीआई निदेशक सुनील राजेश कुमार ने बैंक ऋण, वित्तीय सहायता एवं समावेशन से जुड़ी जानकारी दी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधक गुंजन नाथ तिवारी ने डिजिटल लेन-देन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और वित्तीय साक्षरता पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में विपणन विशेषज्ञ रिजवान अंसारी ने उत्पादों के विपणन, ब्रांडिंग और बाजार से जुड़ाव पर मार्गदर्शन दिया। एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी से आए अधिकारियों ने पंजीकरण प्रक्रिया, प्रशिक्षण, टूलकिट प्रोत्साहन एवं अन्य सहायता घटकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 140 कारीगरों, शिल्पकारों एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता की। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

# एसपी ने बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ को किया रवाना

देवी अवस्थी संवाददाता



**गोण्डा।** बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन, बालकों एवं बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा तथा समाज को इसके दुष्परिणामों व वैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद गोण्डा में व्यापक स्तर पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10.02.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर से बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

यह अभियान अपराजिता सामाजिक समिति, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को संबोधित करते हुए बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, मानसिक विकास एवं आत्मनिर्भर भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कम उम्र में विवाह होने से विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, मातृ मृत्यु दर एवं कुपोषण की संभावना बढ़ती है तथा उनका सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण बाधित होता है। इसलिए बाल विवाह को समाप्त करना आज के समय की सबसे बड़ी सामाजिक जरूरत है। महोदय ने बताया कि शासन की मंशा है कि हर बच्चा शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बने। बाल विवाह इस लक्ष्य की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सामाजिक दबाव या परंपराओं के नाम पर बच्चों के भविष्य से समझौता न करें और उन्हें उच्च शिक्षा एवं बेहतर अवसर प्रदान करें। साथ ही आग्रह किया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तैयारी होती दिखाई दे या संदेह हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। आपात स्थिति में डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा नजदीकी थाने से संपर्क कर सकते हैं। समय पर मिली सूचना से प्रशासन त्वरित हस्तक्षेप कर बच्चों के जीवन को सुरक्षित बना सकता है।यह जागरूकता रथ जनपद के सभी विकासखण्डों, दूरस्थ ग्राम पंचायतों, कस्बों, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर लोगों को जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से ध्वनि प्रचार, पोस्टर, पम्पलेट, बैनर तथा संवाद कार्यक्रमों के जरिए आमजन को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। लोगों को बताया जाएगा कि 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष तथा 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है और यह पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दण्डनीय अपराध है। अभियान के अंतर्गत यह भी प्रचारित किया जाएगा कि बाल विवाह को बढ़ावा देने या आयोजित करने वाले माता-पिता, अभिभावक अथवा रिश्तेदारों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसमें 02 वर्ष तक का कारावास एवं 01 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। विवाह सम्पन्न कराने वाले पंडित, मौलवी, पादरी या अन्य धर्मगुरु भी दण्ड से मुक्त नहीं होंगे। इसके साथ ही नाई, हलवाई, बैण्ड, टेन्ट हाउस, कैटरिंग सेवा प्रदाता अथवा किसी भी रूप में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को भी कानून के दायरे में लाया जाएगा।

गोण्डा पुलिस द्वारा बाल विवाह में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। सभी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयास, निरंतर जागरूकता और कानूनी सख्ती के माध्यम से इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव, घर-घर तक यह संदेश पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि बाल विवाह अपराध है- बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य देना हम सभी का दायित्व है।

# पाकिस्तान में शिया मस्जिद में नमाजियों के कत्लेआम पर आक्रोश, हल्लौर में निकला कैंडल मार्च

- हिंदुस्तान जिंदाबाद-पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजा बस्ती बढ़नी मार्ग, मौलाना शाहकार हुसैन ने पाक पीएम को घेरा

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पाकिस्तान की शिया मस्जिद में नमाज के दौरान हुए कायराना बम धमाके में शहीद हुए बेगुनाह नमाजियों की याद में सोमवार को हल्लौर शिया समुदाय ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। मगरिब की नमाज के बाद जामा मस्जिद से एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें शामिल लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होता हुआ बस्ती बढ़नी मार्ग स्थित चौराहे पर पहुँचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। हाथों में मोमबत्तियां लिए युवाओं और बुजुर्गों ने शहीद नमाजियों को खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की।

बस्ती बढ़नी मार्ग चौराहे पर एक सभा को संबोधित करते हुए जामा मस्जिद के मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने सीधे तौर पर पाकिस्तान सरकार की अक्षमता पर सवाल उठाए। उन्होंने कड़े लहजे में कहा, पाकिस्तान में जो जुल्म हो रहा है, उसे पूरी दुनिया देख रही है। मैं वहां के प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं कि अगर उनसे मुल्क नहीं संभल रहा है, तो वह हुकूमत हमें सौंप दें। हमें बखूबी इल्म है कि मुल्क कैसे चलाया जाता है और अमन कैसे कायम किया जाता है।

मौलाना ने आगे कहा कि शिया कौम इन धमाकों से ड़रने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे इमाम ने कर्बला के मैदान में यजीद की विशाल फौज के सामने झुकने से इनकार कर दिया था, आज हम भी हर दौर के यजीद और आतंकी ताकतों से लड़ने के लिए तैयार हैं। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और अंत में शहीदों की मगफिरत के लिए सामूहिक दुआ की गई।

# कार्यकर्ता बूथ करो मजबूत अभिमान में लग जाये, आने वाला दिन बसपा का : सुधीर कुमार



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के दिशा निर्देश पर बहुजन समाज पार्टी जनपद सिद्धार्थनगर तत्वावधान आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता समिक्षा बैठक रानी लक्ष्मी विवाह वाटिका मैरेज हॉल बांसी में आयोजित हुआ

बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी बस्ती मंडल सुधीर कुमार भारती जी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता संगठित होकर बूथ करो मजबूत अभिमान में लगजाये आने वाले दिनों में बसपा की सरकार बनाने जा रही है दलित समाज के साथ-साथ सर्वसमाज ख़ासकर मुस्लिम समुदाय व ब्राम्हण समाज आसाभरी निगाहों से देख रहा है एसआईआर के अनुसार बूथों पर जाकर बूथ कमेटी को पुनः रिनिवल करने में लग जाये साथ ही साथ नये मतदाता को फार्म 6 भरने के लिए जागरूक करना होगा बैठक को विष्टिअतिथि के के गौतम साहब कल्पनाथ बाबू जी मुख्य मंडल प्रभारी बस्ती रामसूरत चौधरी जी ने भी सम्बोधित किया संचालन मंडल जोन इंचार्ज राजकुमार आर्य ने किया अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने किया बैठक में मुख्य रूप से इन्द्र जीत गौतम मंडल ज़ोन इंचार्ज दिनेश चौधरी रमेश चमार प्रेम मिलन शुक्ला संजय शर्मा जहूर खां रामधनी गौतम शुभकरन चौधरी मुनीराम राजभर हीरालाल कुरिल आनही प्रसाद घनश्याम गौतम रमेश आजाद सतेन्द्र कुमार गौतम दिलीप कुमार विजयपाल कन्नौजिया मंटू गौतम रामपाल गौतम राजेश कुमार अशोक कुमार राधेश्याम गौतम हरी लाल आर्या राजकुमार चौधरी राकेश कुमार गौतम महेंद्र कुमार वरूण विनोद कुमार राव खुर्शीद आलम वीरू पासवान शमीम अहमद पूर्व जिला महासचिव अब्दुल सलाम अब्दुल अलीम अंगद राज गौतम पिंगल प्रसाद राम अचल गौतम रामनिवास सहित समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

## तहसील बांसी का डीएम ने किया निरीक्षण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा तहसील बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी कोर्ट को देखा गया। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 05 वर्ष व 03 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र निस्तारण कराया जाए। धारा-67 का मौके पर जाकर निस्तारण कराये तथा कब्जा भी दिलाये। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, पट्टा, आर.सी.वसूली, ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र आदि पत्रावली का गहनता से जांच किया गया। इसके अलावा रिकार्ड रूम, संग्रह कार्यालय, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, नजारत, आपूर्ति कार्यालय, वसूली रजिस्टर, आदि को देखा गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती, तहसीलदार बांसी पियुष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार महमूद आलम व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा के प्रयासों हेतु जन समुदाय जागरूकता उत्सव

**हमारा आंगन - हमारे बच्चे**

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मिठवल में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजारडीह परिसर में मंगलवार को बेसिक शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम हमारा आंगन - हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है आने वाले समय में बच्चों को उनका भविष्य प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों की जिम्मेदारी भी जरूरी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिक्षक विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा दी जाए कि उनकी मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बाल वाटिका में गतिविधि व कैलेंडर का उपयोग शिक्षण कार्य में जरूर करे। आप लोग शिक्षकों के साथ मिलकर निपुण लक्ष्य को प्राप्त करें और बच्चों का उत्साहवर्धन करें और शिक्षक व आंगनबाड़ी समन्वय स्थापित कर निर्धारित अधिगम लक्ष्यों को प्राप्त करे जिससे हमारा ब्लॉक निपुण ब्लॉक बन सके। साथ ही साथ हर न्याय पंचायत से पांच-पांच निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र, स्टेशनरी किट देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। वही जिला अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के रमेश चन्द्र मिश्रा ने कहा बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा की ओर बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसमें अभिभावकों को बुनियादी शिक्षा में बाल वाटिका के कक्षा में 3 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के लिए आंगनवाड़ी केंद्र एवं उनके अधिक आयु के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में नामांकित करवाने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया जाता है।

अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी द्य कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भोजन की व्यवस्था कराई गई कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ मिठवल अध्यक्ष संजय कनौजिया, एआरपी शिवम पाठक और तारिक मुस्तफा, ब्लॉक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर शैलेश श्रीवास्तव, संजय कुमार जायसवाल, अटेवा अध्यक्ष मनीष कुमार दुबे, अर्चना वर्मा और मंच का संचालन जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

# अलमहंदी पब्लिक स्कूल हल्लौर में हुआ विदाई समारोह बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए छात्रों को दिए टिप्स



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** अलमहंदी पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर साथियों को भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या आफरीन रिज़्वी ने छात्रों को जीवन में निरंतर प्रगति करने का आशीर्वाद दिया। मुख्य वक्ता तनवीर हसन रिज़्वी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन में स्पष्ट लक्ष्य का होना अनिवार्य है। सही दिशा में की गई मेहनत ही सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाती है। इस अवसर पर ज़ैगम अब्बास और फ़ात्मा रिज़्वी ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के विशेष टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे सुनियोजित तरीके से पढ़ाई कर अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के सम्मान में केक काटा और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शादाब खान, ज़ीशान, तनज़ीम, इशरत, अलीज़ा, अब्बास यूसुफ, सफ़दर, रूपाली, शनावर, अमर कीर्ति, अना ज़ेहरा, ऐमन, ज़ेहरा आमिना, मोहम्मद अब्बास, हसन अरहान, अब्बास और अनस की मुख्य भूमिका रही। इस मौके पर हसन मेंहदी, रवी मिश्रा, असग़र शिकोह, चांदनी अंजुम, नेहा पाण्डेय, यासमीन सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## एनएच 730 बाइपास निर्माण से जल निकासी बाधित होने की आशंका

**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 के बाइपास निर्माण कार्य के दौरान उस्का बाजार नगर पंचायत अंतर्गत सेखुई वार्ड में मुख्य जल निकासी नाले को बंद किए जाने से क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की आशंका है। सभासद पूनम त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद प्रशासन व निर्माण संस्था सक्रिय हो गई है। ज़िलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को मौके पर एक टीम पहुंची और वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। सभासद की आशंका पर सहमति जताते हुए अंडर बाईपास बनवाने का आश्वासन दिया गया है। सभासद ने शिकायत किया था कि बाईपास निर्माण होने से नाला अवरुद्ध हो जाएगा और पूरे वार्ड में बारिश के मौसम में पानी जमा हो सकता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा। समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। बाइपास निर्माण के कारण वार्ड के दो प्रमुख रास्ते भी प्रभावित हो रहे हैं।

# चंद्रशेखर कृषक बालिका इंटर कलेज में सह-सम्मान विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** नगर पंचायत धानेपुर के चन्द्रशेखर शुक्ल कृषक बालिका इंटर कालेज में पास आउट होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की छात्राओं के लिए विद्यालय परिवार की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल उर्फ बबलू भइया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया।

फेयरवेल पार्टी में जूनियर छात्राओं की ओर से अपने सीनियर्स के सम्मान में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, देशभक्ति, नाट्य रूपांतरण, नाट्य मंचन, नृत्य जैसे तमाम कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर आये हुए अतिथियों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि कालेज प्रबंधक नित्यानंद शुक्ला उर्फ बबलू भइया की ओर से सम्मानित किया गया। कालेज की इंटर फाइनल की छात्रा वर्षा शर्मा पुत्री प्रानजी शर्मा ने अब्दुल कलाम प्रतियोगिता में जिले में टाप कर अपने माता-पिता गांव जवार,कालेज ही नहीं बरन जिले का मान बढ़ाया और नाम रोशन किया है।इस पर प्रबंधक की ओर से कालेज के छात्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। छात्रा ने अपनी पढ़ाई और सफलता का सारा श्रेय अपने पिता प्रानजी शर्मा और अपने गुरुजनों खासकर शिक्षक रामनाथ गुप्ता को दिया साथ प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल का आभार व्यक्त किया कि इलाके में गर्ल्स स्कूल खोलने से उन जैसी ग्रामीण परिवेश की बेटियों को पढ़ने का मौका मिला है। इस मौके आये हुए अतिथियों का कालेज की प्रिंसिपल करिश्मा पांडेय ने स्वागत किया। इस मौके डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ श्रीनिवास द्विवेदी,शिक्षक अजय कुमार मिश्र, वीरेंद्र पांडेय,नरेंद्र दूबे, वीरेंद्र दूबे, लिपिक जगदम्बा कनौजिया, जगदम्बा प्रधान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक शामिल रहे।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-188/24, धारा 306 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय पाण्डेय पुत्र पारसनाथ निवासी ग्राम सरहरा थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को ग्राम सरहरा से गिरफ्तार कर लिया गया। वादी मुन्नालाल पाण्डेय निवासी ग्राम सरहरा, थाना इटियाथोक, जनपद गोण्डा द्वारा दिनांक 28.03.2024 को थाना को0 नगर में सूचना दी कि दिनांक 18.10.2023 को अमन पाण्डेय पुत्र राकेश पाण्डेय व अजय पुत्र पारसनाथ द्वारा उसके पुत्र दिव्यराज पाण्डेय को बहला-फुसलाकर गोण्डा लाया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक, कोतवाली नगर गोण्डा के सामने उसके ऊपर जोर दबाव डालकर डीजल-पेट्रोल तथा माचिस की तीली से आग लगवा दी। राहगीरों द्वारा आग बुझाकर उपचार हेतु भेजा गया, जहां से लखनऊ रेफर होने के बाद दिनांक 19.10.2023 को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त-अजय पाण्डेय पुत्र पारसनाथ निवासी ग्राम सरहरा थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को ग्राम सरहरा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## डीडीओ ने ब्लाक का किया औचक निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन में डी डी ओ राजमणि वर्मा ने मंगलवार को अचानक पहुंच कर कार्यालय का निरीक्षण किया। ब्लाक परिसर में पहुंचते ही ब्लाक कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने पहुंचते ही ब्लाक कार्यालय,एडीओ पंचायत कार्यालय,एन आर एल एम कार्यालय का निरीक्षण किया और ब्लाक कार्यालय मे बैठकर लेखा मनरेगा सेल का निरीक्षण किया और मनरेगा सम्बन्धित पत्रावली रजिस्टर को भी देखा । फार्मर रजिस्ट्री के जागरुकता हेतु प्रचार वाहन का हरी झंड़ी दिखाकर डी डी ओ और बी डीओ ने प्रचार गाड़ी को ब्लाक से रवाना किया। इस दौरान बीडीओ सर्वेश मोहन , एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्रा,एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, एपीओ सत्यप्रकाश, देवता दीन चौधरी,उमेश राय, दिलीप पटेल,सुग्रीव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यायालय के आदेश के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं पुलिस पर लगे गंभीर आरोप

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के थाना कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र से न्यायालय के आदेशों की अनदेखी और पुलिस की निष्क्रियता का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निवासी मोहम्मद शमीम पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सलीम ने पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है।पीड़ित के अनुसार, दिनांक 30 जनवरी 2026 को न्यायालय के आदेशानुसार थाना कोतवाली अकबरपुर में मुकदमा संख्या 0083/2026 पंजीकृत कराया गया था, लेकिन मामला दर्ज होने के बाद भी आज तक किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया गया। हैरानी की बात यह है कि वादी और विपक्षी एक ही मकान में निवास करते हैं, इसके बावजूद पुलिस ने न तो पूछताछ की और न ही कोई ठोस कार्रवाई की। पीड़ित ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि विपक्षी पक्ष की महिला आए दिन गाली-गलौज करती है और खुलेआम यह धमकी देती है कि तुम लोग कुछ नहीं कर पाओगे, क्योंकि पुलिस को हम लोग पैसा दे चुके हैं। इस तरह की बातों से पीड़ित और उसके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।

# रोड सेफ़्टी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ महाविद्यालय में आयोजन छात्र छात्रों ने सड़क सुरक्षा की ली शपथ

- रोड सेफ्टी क्लब 2026 के तहत भसड़ा टांडा कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** रोड सेफ्टी क्लब 2026 के तत्वाधान में माँ तिलेसरा देवी पी.जी. कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकरनगर में मंगलवार, 10 जनवरी 2026 को महाविद्यालय प्रांगण में एक रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण की तथा यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव व सुरक्षित ड्राइविंग से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने छात्रों को बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का उपयोग न करना तथा ट्रैफिक नियमों का सम्मान करना किस प्रकार जीवन रक्षा में सहायक होता है। छात्रों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएँ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. अश्वनी कुमार यादव, डॉ. सुशील कुमार मौर्य, डॉ. शिवानी श्रीवास्तव, अभिषेक पांडेय, इंद्रेश कुमार, अरुण कुमार, ब्रह्मदेव निषाद, शिव प्रकाश, संदीप, सुश्री लक्ष्मी एवं सुश्री अंशिका रानी सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। उपस्थित विद्यार्थियों में आकाश, आशुतोष, अवनीश, अमर, करीम, आदित्य, समर, समीर, संदीप, रौनक, स्नेहा, रुचि प्रजापति, प्रीति, रूबी वर्मा, नेहा, बबिता, अंजू कुमारी, रोली, कुसुम, नंदिनी, नैन्सी, आभा, गरिमा, वंदना, आइसी, नीलम, साधना, काजल, अर्पिता, रोशनी, मोनी, सोनी, सोनम, सुनीता, पुनीता, राबिया, साबिया परवीन, अंजना, निशा, रेशमा सहित अनेक छात्र-छात्राएँ शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

# शिक्षा के मंदिर प्राथमिक स्कूल में लापरवाही का ताला! बिना अनुमति विदेश यात्राएं, स्कूल में पढ़ाई ठप

- रूपईडीह के नव्वागांव प्राथमिक विद्यालय पर उठे गंभीर सवाल

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जिले के शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नव्वागांव इन दिनों शिक्षा के लिए नहीं, बल्कि अव्यवस्था और घोर लापरवाही के कारण चर्चा में है। विद्यालय में तैनात एक सहायक अध्यापक पर आरोप है कि वे बिना किसी अवकाश स्वीकृति और विभागीय अनुमति के बार-बार विदेश (नेपाल) भ्रमण कर रहे हैं, जबकि विद्यालय में पढ़ने वाले मासूम बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। सरकार की मंशा के अनुरूप सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों को भवन, फर्नीचर, पाठ्य पुस्तकें, मिड-डे मील और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। लेकिन नव्वागांव विद्यालय की स्थिति इन दावों को आईना दिखा रही है, जहां कुछ गैर-जिम्मेदार शिक्षकों की मनमानी से शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक का पद लंबे समय से रिक्त है। इसी का फायदा उठाकर सहायक अध्यापकों की मनमानी बढ़ गई है। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षक समय से विद्यालय नहीं आते, नियमित पढ़ाई नहीं होती और बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर धकेला जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक धर्मेन्द्र तिवारी को अस्थायी रूप से प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपा गया है। लेकिन वे विद्यालय में उपस्थित रहकर बच्चों को पढ़ाने के बजाय बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) में अधिक समय बिताते हैं, जिससे शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं, सूत्र बताते हैं कि श्री तिवारी अक्सर नेपाल की यात्राओं पर निकल जाते हैं, जिनसे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या विभागीय अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ना नियमों की खुली अवहेलना नहीं है? विभागीय नियम स्पष्ट हैं कि कोई भी शिक्षक बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकता, इसके बावजूद बार-बार विदेश भ्रमण होना न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाता है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले में जब बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, मुझे इस प्रकरण की फिलहाल जानकारी नहीं है। यदि बिना अनुमति विदेश यात्रा की गई है, तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत का हिंदुत्व

सरसंघचालक मोहन भागवत अक्सर 'हिंदू' को लेकर संबोधित करते रहे हैं। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की वैचारिकता भी है। कोई भी संगठन या उसका नेतृत्व अपनी विचारधारा का प्रचार कर सकता है। भागवत का मानना है कि भारत का प्रत्येक नागरिक बुनियादी और आत्मा के स्तर पर 'हिंदू' है। उसकी पूजा-पद्धति भिन्न हो सकती है। यानी मुसलमान, ईसाई, पारसी, यहूदी आदि समुदाय भी 'हिंदू' हैं। यह भारत का समावेशी चरित्र है। हमारे राष्ट्र में 'विविधता में एकता' आज भी बरकरार है और पूरे समन्वय, सौहार्द, स्नेह, भाईचारे के साथ बरकरार है। इसका बुनियादी कारण यह है कि हम समाज और राष्ट्र के तौर पर 'हिंदू' हैं। सरसंघचालक ने चार प्रकार के हिंदू बताए हैं। यह व्यावहारिक नहीं है और 'विविधता में एकता' वाले देश में आध्यात्मिकता का वर्गीकरण नहीं किया जा सकता। जो हिंदू है, वह हिंदू ही है, बेशक वह अपने 'हिंदूपन' को प्रचारित करे अथवा न करे या 'हिंदू' होने को भूल जाए अथवा 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' का उद्घोष करे। संघ प्रमुख के हिंदू वर्गीकरण को स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसे हिंदू विद्वान, मनीषी, राजनेता, समाजसेवी, वैज्ञानिक आदि हुए हैं, जो सोच के स्तर पर 'नास्तिक' थे। वे मंदिर-मठ नहीं जाते थे और न ही नियमित पूजा-पाठ करते थे, लेकिन वे प्रकृति और परब्रह्म की 'शक्ति' को मानते थे। हालांकि उनकी व्याख्याएं भिन्न थीं। जरा सोचो, 'आर्य समाज' की स्थापना क्यों हुई थी? सभी 33 करोड़ देवी-देवताओं के अस्तित्व और सक्रियता को क्यों नहीं मानते? भागवत उन व्याख्याओं से सहमत नहीं हैं। उनका अपना 'थीसिस' है। लेकिन लंबे अंतराल के इतिहासों में ऐसे 'हिंदू' आज भी जिंदा हैं और प्रासंगिक हैं। उन्हें भुलाया नहीं गया।

'गर्व से हिंदू' का नारा लगाने वाले राजनीतिक जमात के लोग हैं। उनका संबंध संघ, भाजपा, विहिप और बजरंग दल से है। यह नारा राम मंदिर आंदोलन के दौरान खूब गूंजा। भारत में जैन, बौद्ध, सिख सरीखे अल्पसंख्यक समुदाय भी हैं, जिनके धर्म और पूजा-पाठ की आस्थाएं अलग-अलग हैं, लेकिन उन्हें बुनियादी और आत्मिक तौर पर 'हिंदू' माना जाता रहा है। सरकारी दस्तावेजों में भी उन्हें 'हिंदू' के तौर पर दर्ज किया जाता रहा है। दलित, आदिवासी, ओबीसी भी 'हिंदू' हैं। सवाल है कि असली हिंदू कौन है और सोच-विचार के स्तर का हिंदू कौन है? देश के प्रधानमंत्री मोदी ओबीसी हैं, लेकिन उनके स्तर का कर्मकांडी और प्रतिबद्ध, नतमस्तक हिंदू कोई दूसरा नहीं है। भागवत को प्रयास करना चाहिए कि 'हिंदू' की परिभाषा और चरित्र तय किए जाएं, क्योंकि हिंदू सोच तो बड़ी व्यापक है। उसे प्रकारों में व्याख्यायित नहीं किया जा सकता। स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाले मुसलमान, किसी भी स्तर पर, खुद को हिंदू नहीं मानते। उनके पुरखे हिंदू-सनातनी होंगे, उनके जबरन धर्मान्तरण किए गए होंगे, लेकिन आज का मुसलमान 'जन्मजात इस्लामी' है, जिसका 'हिंदू' होने से दूर-दूर तक का वास्ता नहीं है। बिल्कुल विपरीत ध्रुवों पर स्थित समुदाय हैं। भागवत देश के सभी समुदायों, वर्गों, धर्मों, मतों, संप्रदायों को 'हिंदू' मानते हैं, क्योंकि देश का नामकरण हिंदू सभ्यता-संस्कृति, इतिहास पर आधारित है, लेकिन हम 'विविधता में एकता' वाले देश हैं। सवाल यह है कि संघ प्रमुख बार-बार हिंदू के मुद्दे पर संबोधित क्यों करते हैं? वह हिंदुत्व की प्रासंगिक चर्चा करते हैं और धर्मान्तरण के विरोधी हैं। बेशक भारत की करीब 80 फीसदी आबादी हिंदू या हिंदूमता है, लेकिन संवैधानिक तौर पर भारत 'हिंदू राष्ट्र' नहीं है।

## अमेरिकी कोयला खदान से निकली गरुड़ आकृति वाली घंटी

अमेरिका के पश्चिम वर्जीनिया प्रांत की एक साधारण कोयला खदान से जुड़ी एक असाधारण घटना पिछले कई दशकों से लोगों की कल्पना, आस्था और विवेक को एक साथ झकझोरती रही है। यह घटना एक छोटी सी पीतल की घंटी से संबंधित है, जिस पर उकेरी गई गरुड़ की आकृति ने न केवल भारतीय सांस्कृतिक चेतना को स्पर्श किया, बल्कि मानव इतिहास की स्वीकृत समयरेखा पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया। यह घंटी उन्नीस सौ चवालीस में एक बालक द्वारा कोयले के एक टुकड़े को तोड़ते समय प्राप्त हुई थी। दावा यह किया गया कि यह घंटी कोयले के भीतर पूरी तरह जड़ी हुई थी और जिस कोयले से यह निकली, उसकी आयु करोड़ों वर्ष मानी जाती है। यहीं से इस रहस्य ने जन्म लिया और धीरे धीरे यह एक वैश्विक बहस का विषय बन गया। जिस स्थान पर यह घटना घटी, वह क्षेत्र भूवैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत प्राचीन माना जाता है। वहाँ की चट्टानों और कोयले का निर्माण उस काल में हुआ था जब पृथ्वी पर घने वन फैले हुए थे और जीवन की संरचना आज की तुलना में अत्यंत सरल थी। उस समय न मानव था, न पक्षी और न ही किसी प्रकार की विकसित सभ्यता। ऐसे में यदि किसी धातु से बनी कलात्मक घंटी उस कोयले के भीतर से प्राप्त होती है, तो स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या मानव इतिहास हमारी समझ से कहीं अधिक पुराना है, या फिर हम किसी भ्रम का शिकार हो रहे हैं।



महेन्द्र तिवारी

इस घंटी का आकार साधारण होते हुए भी उसका स्वरूप अत्यंत अर्थपूर्ण है। ऊपर की ओर फैले हुए पंखों वाला गरुड़, तीखे नख और सशक्त आकृति, ठीक वैसी ही जैसी भारतीय मंदिरों में भगवान विष्णु के वाहन के रूप में पूजी जाती है। भारतीय धार्मिक परंपरा में गरुड़ केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि धर्म, वेग, साहस और चेतना का प्रतीक है। मंदिरों में बजने वाली घंटियों को चेतना के जागरण और नकारात्मकता के नाश से जोड़ा जाता है। जब इस घंटी पर वही प्रतीक दिखाई देता है, तो यह केवल एक सजावटी संयोग नहीं लगता, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति को छू लेने वाला दृश्य बन जाता है।

कुछ लोगों ने इसे इस बात का प्रमाण माना कि प्राचीन काल में ऐसी उन्नत सभ्यताएँ थीं जो आज के भूगोल से कहीं आगे तक फैली हुई थीं। उनका तर्क है कि संभव है किसी महाविनाश, जलप्रलय या भूखंडों के डूबने से वे सभ्यताएँ नष्ट हो गई हों और उनके अवशेष आज हमें असंभव प्रतीत होने वाले स्थानों पर मिल रहे हों। इस दृष्टि से यह घंटी उस भूली बिसरी सभ्यता की एक कड़ी मानी गई, जो भारत जैसी सांस्कृतिक भूमि से निकलकर दूर देशों तक पहुँची थी। दूसरी ओर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण इस पूरे प्रकरण को अत्यंत साधारण ढंग से देखता है। भूविज्ञान के अनुसार कोयला वनस्पतियों के दबाव और ताप से लाखों वर्षों में बनता है। खनन के दौरान कोयले के साथ अनेक प्रकार की बाहरी वस्तुएँ दबाव में आकर उसमें फँस सकती हैं। उद्योगों, परिवहन और मानवीय गतिविधियों के कारण धातु की छोटी वस्तुएँ कोयले के ढेरों में मिल जाना असामान्य नहीं है। समय और दबाव के कारण वे इस प्रकार जड़ी हुई प्रतीत हो सकती हैं मानो वे प्रारंभ से ही वहाँ रही हों।

घंटी की धातु संरचना भी इसी ओर संकेत करती है। उसमें तांबा और जस्ता का अनुपात वही है जो आधुनिक काल में प्रचलित धातु मिश्रणों में पाया जाता है। कुछ सूक्ष्म तत्वों की उपस्थिति को प्राचीनता का प्रमाण बताया गया, परंतु भूवैज्ञानिक संदूषण और औद्योगिक प्रक्रियाओं से ऐसे तत्वों का मिलना स्वाभाविक माना जाता है। अब तक ऐसा कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका जो यह सिद्ध कर सके कि यह धातु मानव सभ्यता से पहले अस्तित्व में थी। फिर भी यह प्रश्न बना रहता है कि गरुड़ जैसी विशिष्ट आकृति वहाँ कैसे पहुँची। इसका उत्तर सांस्कृतिक इतिहास में छिपा हो सकता है। उन्नीसवीं शताब्दी में पूर्वी देशों की कला और प्रतीकों का पश्चिमी समाज में आकर्षण बढ़ा। व्यापार, यात्रा और उपनिवेशवाद के कारण भारतीय कलात्मक रूपांकन अनेक सजावटी वस्तुओं में अपनाए गए। संभव है कि किसी कारीगर ने भारतीय प्रेरणा से ऐसी घंटी बनाई हो, जो किसी तरह खनन क्षेत्र में पहुँच गई हो। इस पूरी कथा में मानव मनोविज्ञान की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। मनुष्य स्वभाव से रहस्य प्रेमी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है।**

# लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वासः लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है।



ललित गर्ग

ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं। विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह



हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मर्यादा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मर्यादाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाज़े खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है।

# ब्रेकिंग द मिथ होम इंश्योरेंस क्यों ज़रूरी

**गुरदीप सिंह बत्रा**

**सच यह है कि कभी-कभी देरी या विवाद ज़रूर होते हैं, लेकिन अगर सही डॉक्यूमेंट्स दिए जाएं और नुकसान पॉलिसी की शर्तों के तहत आता हो, तो ज़्यादातर क्लेम सेटल हो जाते हैं। आमतौर पर दिक्कत तब आती है जब घर के मालिक पॉलिसी को ध्यान से नहीं पढ़ते, ज़रूरी जानकारी साझा नहीं करते, क्लेम के समय ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स नहीं देते, या फिर प्रोडक्ट को ठीक से समझे बिना पॉलिसी खरीद लेते हैं।**

भारत में कई लोगों के लिए अपना घर खरीदना एक बहुत बड़ा सपना होता है। यह सिर्फ ईंटों और सीमेंट से बनी कोई इमारत नहीं, बल्कि यादों, सुकून और सुरक्षा से भरपूर एक जगह होती है। फिर भी, जहां लोग घर खरीदने या बनाने के लिए सालों साल पैसा जोड़ते हैं, वहीं उसे बीमा से सुरक्षित करने का खयाल बहुत कम लोग को आता है। भारत में होम इंश्योरेंस अभी भी बहुत ज़्यादा प्रचलित नहीं है, और कई घर के मालिक मानते हैं कि इसकी ज़रूरत नहीं है, यह बहुत महंगा है या फिर इसकी शर्तों को समझना बहुत मुश्किल है। सच्चाई तो यह है कि होम इंश्योरेंस आपके घर और उसमें रखे सामान को आग, चोरी, बाढ़, भूकंप और ऐसी कई अनचाही घटनाओं से बचाने का एक आसान और असरदार तरीका है

**होम इंश्योरेंस महत्वपूर्ण क्यों है :** भारत में ऐसे कई जोखिम हैं जो घरों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केरल में बाढ़, ओडिशा में चक्रवात और भूकंप इसके कुछ उदाहरण हैं। ऐसे हालात में घर की मरम्मत या दोबारा निर्माण पर लाखों रुपये का खर्च आ सकता है। इंश्योरेंस न होने पर घर के मालिकों को अक्सर अपनी बचत का सहारा लेना पड़ता है या फिर कर्ज़ लेना पड़ता है, जिससे लंबे समय तक आर्थिक दबाव बना रहता है। होम इंश्योरेंस ऐसे समय में एक सुरक्षा कवच का काम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि किसी अनहोनी की स्थिति में मरम्मत या निर्माण का पूरा बोझ अकेले घर के मालिक पर न पड़े। इसके अलावा, होम इंश्योरेंस घर के अंदर मौजूद सामान, जैसे फर्नीचर, घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स आदि को भी कवर करता है, जिन्हें दोबारा खरीदना अक्सर काफी महंगा पड़ सकता है।



**होम इंश्योरेंस के बारे में आम गलतफहमियां**

**यह बहुत महंगा है :** लोगों के होम इंश्योरेंस से दूर रहने की सबसे बड़ी वजह यह धारणा है कि इसका प्रीमियम उनकी पहुंच से बाहर होता है। जबकि सच्चाई यह है कि होम इंश्योरेंस पॉलिसीज़ काफी किफायती हो सकती हैं, खासकर जब आप इसकी तुलना किसी आपदा में होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान से करते हैं। बीमा कंपनियां ऐसे प्लान भी देती हैं जिनमें घर के मालिक अपने बजट के अनुसार कवरेज राशि और ज़रूरी ऐड-ऑन्स चुन सकते हैं। इसका मतलब यह है कि आपको उन कवर के लिए पैसे नहीं देने पड़ते जिनकी आपको ज़रूरत नहीं है। ज़्यादा खर्च होने की यह सोच अक्सर सही जानकारी की कमी से पैदा होती है, न कि असली कीमत की वजह से।

**यह अपने-आप सब कुछ कवर कर लेता है :** एक और आम गलतफहमी यह है कि होम इंश्योरेंस पॉलिसी लेते ही हर तरह के नुकसान का कवर मिल जाता है। यह सत्य नहीं है। हर पॉलिसी में कुछ चीज़ें शामिल होती हैं और कुछ नहीं। भूकंप या आतंकी गतिविधियों जैसे खास जोखिमों से सुरक्षा पाने के लिए अक्सर अलग से राइडर या वैकल्पिक कवर जोड़ने पड़ते हैं। ये ऐड-ऑन्स पॉलिसी को ज़्यादा व्यापक बनाते हैं। यह समझना बहुत ज़रूरी है कि पॉलिसी में क्या शामिल नहीं है, क्योंकि कई बार विवाद इसी वजह से होते हैं कि लोग ऐसे कवर की उम्मीद कर लेते हैं जो पॉलिसी में शामिल होते ही नहीं।

**क्लेम कभी सेटल नहीं होत :** बीमा कंपनियों पर भरोसे की कमी भी एक बड़ी वजह है। कई लोगों को लगता है कि इंश्योरेंस कंपनियां क्लेम खारिज करने के लिए बहाने ढूंढती रहती हैं। सच यह है कि कभी-कभी देरी या विवाद ज़रूर होते हैं, लेकिन अगर सही डॉक्यूमेंट्स दिए जाएं और नुकसान पॉलिसी की शर्तों के तहत आता हो, तो ज़्यादातर क्लेम सेटल हो जाते हैं। आमतौर पर दिक्कत तब आती है जब घर के मालिक पॉलिसी को ध्यान से नहीं पढ़ते, ज़रूरी जानकारी साझा नहीं करते, क्लेम के समय ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स नहीं देते, या फिर प्रोडक्ट को ठीक से समझे बिना पॉलिसी खरीद लेते हैं। क्लेम प्रक्रिया की सही जानकारी - जैसे बिल संभालकर रखना, नुकसान की फोटो लेना और समय पर सूचना देना - क्लेम को आसानी और बिना झंझट के सेटल होने की संभावना को काफी बढ़ा देती है।

**मुझे इसकी ज़रूरत नहीं है, आपदाएं बहुत कम होती हैं :** कुछ लोगों का मानना है कि आपदाएं कभी-कभी ही होती हैं, इसलिए इंश्योरेंस की कोई खास ज़रूरत नहीं है। लेकिन भारत में बाढ़, चक्रवात, भूकंप और आग जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसके अलावा चोरी या सेंधमारी से भी बड़ा नुकसान हो सकता है। भले ही आपदाएं रोज़ न हों, लेकिन जब होती हैं तो उनका असर बहुत भारी होता है और आर्थिक रूप से झकझोर देने वाला हो सकता है। इंश्योरेंस आपदाओं की भविष्यवाणी करने के बारे में नहीं है, बल्कि अनहोनी के लिए पहले से तैयार रहने के बारे में है।

**यह सिर्फ घर के मालिकों के लिए है, किरायेदारों के लिए नहीं :** एक आम गलतफहमी यह है कि होम इंश्योरेंस सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए होता है जिनके पास अपना घर है। जबकि सच्चाई यह है कि किरायेदारों को भी इससे फायदा मिल सकता है, क्योंकि इंश्योरेंस सिर्फ इमारत की सुरक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि घर के अंदर रखे सामान को भी कवर करती है। किरायेदार अक्सर फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण और निजी कीमती सामान पर अच्छी-खासी रकम खर्च करते हैं, जो चोरी, आग या पानी से होने वाले नुकसान जैसे जोखिमों के सामने असुरक्षित होते हैं। भले ही घर की संरचना मकान-मालिक की हो, लेकिन किरायेदार अपने सामान की सुरक्षा के लिए अलग से पॉलिसी ले सकते हैं।

भारत में होम इंश्योरेंस सिर्फ संपत्ति की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपकी आर्थिक स्थिरता और मानसिक शांति से भी जुड़ा हुआ है। कीमत, कवरेज और क्लेम से जुड़ी गलत धारणाओं के कारण कई लोग इससे दूर रहते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि होम इंश्योरेंस किफायती और बेहद ज़रूरी है। चाहे आप घर के मालिक हों या किरायेदार, प्राकृतिक आपदाओं, चोरी या दुर्घटनाओं से अपने घर और सामान की सुरक्षा करना एक स्मार्ट और ज़िम्मेदार विकल्प है। होम इंश्योरेंस को नज़रअंदाज़ करने से भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जबकि इसे अपनाने से आपकी सबसे कीमती संपत्ति - आपका घर - सुरक्षित रहता है।

# बैनुल-मज़ाहिब हम-आहंगी एक इस्लामी फ़रीज़ा

**अलताफ़ मीर**

**भारती तनाज़ुर में मुहल्ले तारीख़ी, बाहमी तौर पर जुड़े हुए हैं और यही वाबस्तगी फ़िर्कावाराना अमन को बरक़रार रखने के अमल को इबादत की एक मुसलसल सूरत में बदल देती है। फ़िर्कावाराना कशीदगी के मामूल बन जाने को बर्दाश्त करना दरअसल एक ऐसे मज़हबी फ़रीज़े से ग़फ़लत बरतना है जिस पर नबी करीम ने इतना ज़ोर दिया कि सहाबियों को ये गुमान होने लगा कि शायद हमसाया को विरासत में हिस्सादार ठहरा दिया जाएगा।**

भारत के मौजूदा मंज़र नामे में मुआशरती ढांचा अक्सर तफ़रीक़ पैदा करने वाली कुव्वतों के ज़ेरे-असर आज़माया जाता है। मज़हबी हम-आहंगी पर बहस अक्सर सियासी हिक्मत-ए-अमली या सेकुलर नज़रिए तक महदूद हो कर रह जाती है। एक भारती मुस्लमान के लिए बाहमी बकाए-बाहमी का तक़ाज़ा महज़ एक जदीद शहरी ज़रूरत या हिक्मत-ए-अमली नहीं बल्कि एक दीनी फ़रीज़ा है जो इस्लाम की बुनियादी तालीमात में जुड़ा हुआ है। हम एक तशवीशनाक रुझान के गवाह हैं जहां फ़िर्कावाराना अदावत को शनाख्त के दिफ़ा के नाम पर मामूल बना दिया गया है। इस सूरते-हाल में ज़रूरी है कि हम क़ुरान की इन तालीमात की तरफ़ रुजू करें जो मुस्लमानों और दीगर कौमों के बाहमी ताल्लुक़ात को वाज़िह करती हैं।

क़ुरान का आलमी नज़रिया इन्सानी वहदत के ऐलान से आग़ाज़ करता है। सूरत अलहजरात में फ़रमाया गया है कि इन्सानियत को एक मर्द और औरत से पैदा किया गया और क़बाइल-ओ-क़ौमों में तक़सीम किया गया ताकि वो एक दूसरे को पहचान सकें। हालांकि ये ख़ुदाई निज़ाम तसादुम के लिए नहीं बल्कि हम-आहंगी के लिए बनाया गया है। जब दुश्मनी मामूल बन जाये तो ये क़ुरानी रूह से इन्हिराफ़ की अलामत होती है, क्योंकि इससे बाहमी पहचान के उसूल की जगह तंग-नज़री और इख़राज पर मबनी रवैया ले लेता है जो इस्लाम की आफ़ाक़ी अख़लाक़ियात के मुनाफी है।

इस्लामी रिवायत में हमसाया की हुर्मत एक बुनियादी अख़लाक़ी सतून की हैसियत रखती है। अहादीस-ए-नबवी में बारहा तंबीह की गई है कि वो शख़्स मोमिन नहीं जिसका हमसाया उसके शर से महफ़ूज़ ना हो। क़दीम इस्लामी फ़िक़ही और अख़लाक़ी निज़ाम में हमसाया की तारीफ़ अक़ीदे की बुनियाद पर नहीं बल्कि क़ुरबत-मकानी और इन्सानी रिश्ते की बुनियाद पर की गई है। भारती तनाज़ुर में मुहल्ले तारीख़ी, बाहमी तौर पर जुड़े हुए हैं और यही वाबस्तगी फ़िर्कावाराना अमन को बरक़रार रखने के अमल को इबादत की एक मुसलसल सूरत में बदल देती है। फ़िर्कावाराना कशीदगी के मामूल बन जाने को बर्दाश्त करना दरअसल एक ऐसे मज़हबी फ़रीज़े से ग़फ़लत बरतना है जिस पर नबी करीम ने इतना ज़ोर दिया कि सहाबियों को ये गुमान होने लगा कि शायद हमसाया को विरासत में हिस्सादार ठहरा दिया जाएगा। ये तसव्वुर फ़िर्कावाराना हम-आहंगी को एक दीनी ज़िम्मेदारी के तौर पर पेश करता है। लिहाज़ा भारती मुसलमानों के लिए ज़रूरी है कि वो इस हक़ीक़त को क़ुबूल करें और दुश्मनी के बयानिया मुक़ाबला ईमान पर मबनी इस अज़्म से करें जो तमाम शहरियों की इज़्ज़त-ए-नफ़्स के एहतराम पर क़ायम हो। यही तर्ज़-ए-अमल क़ुरान के इस उसूल की अमली ताबीर है जो मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब के मानने वालों के साथ हम-आहंगी के साथ ज़िंदगी गुज़ारने को एक मुक़द्दस फ़रीज़ा



क़रार देता है।

ये इजतिमाई तर्ज़-ए-ज़िंदगी के अज़्म का ताल्लुक़ बर्र-ए-सग़ीर में इस्लाम की मुनफ़रद तारीख़ी तरक्क़ी के साथ गहरा लगाव है। बर्र-ए-सग़ीर का इस्लाम की रूहानियत और हम-आहंगी के गहरे एहसास से मरबूत रहा है एक हक़ीक़त जो उस वक़्त दूसरे और तक़सीम करने वाले सख्त नज़रियात के बढ़ते असरात से कगार पर है। ये बैरूनी नज़रियात अक्सर हिन्दुस्तानी मुसलमानों को एक ख़ालिस मशरिक़-ए-वुसता के मॉडल के मुक़ल्लिद के तौर पर पेश करने की कोशिश करते हैं और बर्र-ए-सग़ीर की अमीर, मुक़ामी रिवायात को बिगाड़ा हुआ या कमज़ोर क़रार देते हैं। ताहम, इस्लाम के हिन्दुस्तानी अवाम के साथ तारीख़ी ताल्लुक़ात का मुताला एक मुख़्तलिफ़ कहानी सुनाता है। इस सरज़मीन में इस्लाम का फैलाव सूफ़ी सिलसिलों की रुहानी कशिश का नतीजा था। उन्होंने मुक़ामी मंज़र नामे, ज़बान और रुहानी हस्सासियत से गहरे ताल्लुक़ात क़ायम किए, जिसके नतीजे में एक ऐसा मुक़ामी इस्लाम उभरा जो ब'यक-वक्त ख़ालिस इस्लामी और गहरे तौर पर हिन्दुस्तानी था।

सूफ़ी तसव्वुर-ए-सुलह-कुल, या आफ़ाक़ी अमन, इस मेल-जोल का बुनियादी उसूल बन गया। ये एक ऐसी फ़िक्र थी जो पूरी मख़लूक़ात में मौजूद ख़ुदाई नूर को तस्लीम करती थी और मुख़्तलिफ़ राहों में सच्चाई तक पहुंचने के लिए मुशतर्का बुनियाद तलाश करने की कोशिश करती थी। ये इस्लामी अक़ाइद पर कोई समझौता नहीं था बल्कि क़ुरान की इस आयत का बामानी इतलाक़ था जिसमें कहा गया है कि ख़ुदा ने हर क़ौम के लिए एक रहनुमा भेजा। हिन्दुस्तान की रुहानी तारीख़ को तस्लीम करते हुए, सूफ़िया-ए-किराम ने इस्लाम को बर्र-ए-सग़ीर की समाजी ज़िंदगी के दिल में बुना। इससे गंगा-जमुनी तहज़ीब का उदय हुआ जो एक मुशतर्का सक़ाफ़्ती विरासत जो फ़न्ने-तामीर, मौसीक़ी, शायरी और रोजमर्रा रसूमात में झलकती थी। इस हम-आहंगी को ग़ैर रिवायती या कमज़ोर ईमान क़रार देना दरअसल इस तारीख़ी हक़ीक़त से इनकार है कि यही शमूलियत इस्लाम के फ़रोग़ का एक अच्छे मुआशरे के लिए सबब बनी। वो बैरूनी नज़रियात जो तन्हाई और सक़ाफ़्ती पाकीज़गी की तब्लीग़ करते हैं, दरहक़ीक़त अजनबी कुव्वतें हैं जो एक ऐसी बिरादरी को इस मिट्टी से उखाड़ने की कोशिश कर रही हैं जिसने उसे एक हज़ार साल से सँभाल रखा है।

आज का चैलेंज ये है कि इस मुक़ामी रुहानी विरसे को दुबारा हासिल किया जाये जो लफ़्ज़ी तशरीहात के बाइस अपने हुस्न और रहम से ख़ाली हो गया है। हिन्दुस्तान की मुशतर्का सक़ाफ़्त जहां एक मुसलमान कारीगर अपनी ज़िंदगी मंदिर के पर्दे के नमूनों को कमाल तक पहुंचाने में गुज़ार देता है या एक हिंदू अक़ीदतमंद किसी सूफ़ी बुज़ुर्ग के मज़ार पर सुकून पाता है इस बात की गवाह है कि सदियों से क़ायम अमली हम-आहंगी आज भी ज़िंदा है। ये इस बात की नुमाइंदगी करती है कि किस तरह एक मज़हबी रिवायत अपने इक़दार, इन्साफ़, रहम और हुस्न को मुक़ामी इज़हार में ढाल सकती है। इस तारीख़ को गले लगा कर, भारती मुसलमान इस दिफ़ाई तर्ज़-ए-अमल से आगे बढ़ सकते हैं जो अक्सर उन्हें मुआसिर सियासत के ज़ेरे असर इख्तियार करना पड़ता है और इसके बजाय बाहमी बकाए-बाहमी की अख़लाक़ियात को दुबारा ज़िंदा करने में क़यादत कर सकते हैं।

क़ुरान मोमिनों को तलक़ीन करता है कि ''बुराई का जवाब उस नेकी से दो जो इससे बेहतर हो'' जिससे ये ज़ाहिर होता है कि दुश्मनी का जवाब नरमी और भलाई से देना चाहिए। ऐसे दौर में जब डिजीटल दुनिया के इवान-ए-बाज़गश्त इख़्तलाफ़ात को बढ़ावा देते हैं, भारती मुसलमान के पास एक मुनफ़रद मौक़ा है कि वो सूफ़ी रूहानियत और क़ुरानी अख़लाक़ियात से रहनुमाई लेकर तक़सीमों को पुर करे।

# एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया जहर सामूहिक आत्महत्या से फैली सनसनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र के गांव खप्परपुर में मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज मामले में एक ही परिवार के पांच लोगों की जान चली गई। गृहस्वामी ने अपने तीन मासूम बच्चों का गला दबाया, फिर पत्नी के सिर पर वार किया। खुद करंट लगाकर जान दे दी।



- तीन बच्चों का गला दबाया, पत्नी के सिर पर किया हमला
- पति ने खुद को करंट लगाकर किया सुसाइड

मृतक के मोबाइल में एक वीडियो मिला है, जिसमें उसने कहा है कि वह खुद आत्महत्या कर रहा है, किसी को परेशान न किया जाए। घर की दीवार और एक पर्ची पर भी आत्महत्या करने की बात लिखी है। गृहस्वामी करीब तीन वर्ष से तंत्र-मंत्र के चक्कर में भी था। खप्परपुर निवासी 35 वर्षीय मनीष जाटव, उनकी पत्नी 32 वर्षीय सीमा, पांच वर्षीय बेटी हनी, चार वर्षीय प्रियांशी और दो वर्ष के बेटे पंकज का शव सुबह के घर के अंदर पड़ा मिला। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोस में रह रहे मनीष के भाई पीछे की दीवार फांदकर अंदर पहुंचे।

खिड़की से देखा तो कमरे में पांचों लोगों के शव पड़े थे। ग्रामीणों के साथ दरवाजा तोड़ा और कमरे के अंदर घुसे, फिर पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। बेटी सीमा और दामाद मनीष के साथ मासूम धेवता और धेवती की मौत की खबर मिलते ही विजेन्द्र भी गांव पहुंच गए। विजेन्द्र ने बताया कि बेटी और दामाद से एक दिन पहले ही मिलने आए थे। उन लोगों से बात भी हुई थी। ऐसा कुछ हो जाएगा, इसका अंदाजा भी नहीं था। उन्होंने बताया कि किसी तरह की कोई समस्या तो नहीं थी, लेकिन कुछ समय से मनीष का अपने भाई बिल्लू से विवाद चला आ रहा था।

**वीडियो में खुद बताया आत्महत्या**
मनीष ने अपने घर की दीवार पर लिखा है कि मैं मनीष आत्महत्या कर रहा हूं, किसी को परेशान न किया जाए। घर के कमरे में एक पर्ची मिली है, इस पर भी लिखा है कि मैं आत्महत्या कर रहा हूं, किसी को परेशान न किया जाए। पुलिस ने मनीष के मोबाइल से एक वीडियो भी बरामद किया है, इसमें मनीष कह रहे हैं कि मैं आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। यह भी कहा है कि कुछ दिन पहले उन्होंने साढ़े 12 लाख रुपये की जमीन बेची थी, उसका पैसा भी उन्हें मिल गया है।
**सामूहिक आत्महत्या में कहीं तंत्र-मंत्र का चक्कर तो नहीं** : जनपद की महावन तहसील के अंतर्गत खप्परपुर गांव में मंगलवार को तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों के संदिग्ध हालत में मौत हो गई।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव की रचनात्मकता को निखारने का नायाब उपकरण

**मथुरा।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) जो कभी एक चर्चित शब्द हुआ करती थी, अब हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार दे रही है और उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव बुद्धि का विकल्प नहीं है लेकिन यह मानव रचनात्मकता और प्रतिभा को बढ़ाने का एक नायाब उपकरण जरूर है। उक्त सारगर्भित उद्गार केडी विश्वविद्यालय द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव विषय पर आयोजित सम्मेलन में अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किए।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव विषय पर आयोजित सम्मेलन का शुभारम्भ कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, उप कुलपति डॉ. गौरव सिंह, प्राचार्य और डीन डॉ. आर.के. अशोका, कुल सचिव डॉ. विकास कुमार अग्रवाल आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

# महाशिवरात्रि को लेकर डीएम-एसपी ने किया ताम्बेश्वर व थवईश्वर मंदिर का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत स्थित ताम्बेश्वर मंदिर तथा थाना ललौली क्षेत्रांतर्गत स्थित थवईश्वर मंदिर का स्थलीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। जिलाधिकारी



- दिए सुरक्षा एवं व्यवस्था के निर्देश

रविन्द्र सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर पालिका एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा मेडिकल टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाए। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम की सक्रियता तथा स्वयंसेवकों की सहायता से यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने भी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए। अंत में अधिकारियों ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को जनपद में पूरी श्रद्धा, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व तहसील का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया तथा स्वयं सहायता समूह के द्वारा परिसर में संचालित कैंटीन का निरीक्षण किया संबंधित को कैंटीन को कवर करने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने परिसर में पेड़ों के घेरे के सौन्दर्यीकरण को लेकर टाइल्स या पत्थर लगाने को लेकर निर्देशित किया। शीतल जल प्याऊ को लेकर तथा परिसर में साफ सफाई को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) चंदौसी का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा एनआरसी में एडमिट सैम बच्चों की माताओं से यहाँ होने वाले उपचार आदि के विषय में



जानकारी प्राप्त की तथा सैम बच्चों की माताओं द्वारा बताया गया कि उन्होंने अपने बच्चे का बहुत से जिलों में ईलाज कराया था परन्तु उनका बच्चा एन आर सी में आकर ही सही हुआ है जिलाधिकारी ने माताओं से कहा कि वह अपने आस पास अगर कोई कुपोषित बच्चा रहता है तो उनके परिवार से बच्चे को एनआरसी में एडमिट कराने के लिए कहें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा परिसर में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट तथा चिकित्सकों के बने आवास का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को परिसर में साफ सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप सोमवार की देर रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के छोटे भाई के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई में जुट गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार कमालपुर निवासी बालमुकुंद अग्रहरि (45) अपने पड़ोसी नीरज मोदनवाल उर्फ निक्की के साथ सोमवार की रात घर से बाइक से वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही सरेसर गांव के समीप पहुंचे कि ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। वह सम्भल पाते कि तभी तेज गति से पीछे से आ रहे ट्रक ने चपेट में ले लिया। जिससे बालमुकुंद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नीरज मोदनवाल उर्फ निक्की घायल हो गए। मौका पाकर ट्रक चालक ट्रक सहित फरार हो गया।

# विद्यालय में अर्जित ज्ञान उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव : विल्सन राजन

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के विद्यालय परिसर में कक्षा ग्यारहवीं की विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के विद्यालय जीवन की सुनहरी यादों को संजोना और उन्हें आगामी जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और भावनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विद्यालय जीवन की यादों को साझा किया, जिससे पूरा वातावरण भावुक और उल्लासपूर्ण बन गया। इस अवसर पर आयोजित मिस्टर एंड मिस फेयरवेल प्रतियोगिता में याहिया अथर को मिस्टर फेयरवेल



- विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ

तथा अनाबिया खान को मिस फेयरवेल चुना गया। विजेताओं को मंच पर क्राउन, सैश एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास को जीवन की कुंजी बताते हुए कहा कि विद्यालय में अर्जित ज्ञान उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय की निर्देशिका शबाना कोसर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और सही दिशा में प्रयास ही सफलता की पहचान है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर फैजान अली, आईटी हेड ज़िया उल्लाह खान, मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम, किश्वर समन, सामिया अनवर, कमाल आरिफ, आमिर रज़ा, धर्मेंद्र ठाकुर, शिराज़ मसर्रत सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जनसमूह का मोहा मन



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जगम्मनपुर में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अल्पकाल में विद्यालय के कायाकल्प के लिए प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार देना समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की उन्होंने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या हेमलता गौतम, बृजेश कुमार प्रजापत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र सिंह सेंगर, अरविंद सिंह चंदेल, निक्की सिंह बहादुरपुर, रेखा वर्मा अध्यापिका, वर्षा अग्निहोत्री, राहुल अध्यापक, उमंग मिश्रा अध्यापक, अख्तर जलील लिपिक, बृजभान सहायक सहित अनेक क्षेत्रीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### गणित माडल प्रतियोगिता में एमएल कांवेंट के छात्र विजयी



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** गणित प्रतियोगिता में एमएल कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। छात्रों को डीआईओएस राजकुमार पंडित और जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक विनय गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। नगर के छत्रसाल इंटर कॉलेज में आयोजित गणित विषयक प्रतियोगिता एवं गणित मॉडल प्रतियोगिता में सेंट एल. कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने सहभागिता की। गणित मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न गणितीय सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक एवं शिक्षाप्रद मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने गणित की जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में समझाने का सफल प्रयास किया, जिसकी निर्णायक मंडल द्वारा प्रशंसा की गई।

### भाजपा के शासन में सभी वर्गों के संवैधानिक अधिकार खतरे में : रमेश व राही

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** शैक्षणिक संस्थानों में समानता, सामाजिक न्याय और जातिगत भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आज मथुरा में यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में एकजुट बहुजन संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन एवं पैदल मार्च का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय फुले संघ, समता फाउंडेशन, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति, भीम आर्मी तथा राष्ट्रीय समान शिक्षा मिशन के तत्वावधान में प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लागू किए गए यूजीसी रेगुलेशन को उच्च शिक्षा में संवैधानिक समानता, सामाजिक न्याय और भेदभाव-रोकथाम की दिशा में आवश्यक कदम बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह रेगुलेशन विशेष रूप से एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा करता है।

# हाशमी नगर चक बाजापुर में महफ़िल-ए-शब-ए-इंतेज़ार का हुआ भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** जनपद के हाशमी नगर चक बाजापुर स्थित मस्जिद वली अस्र (अ.स.) में बीती रात महफ़िल-ए-शब-ए-इंतेज़ार का 72वां भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक महफ़िल शिया इस्लाम के 12वें इमाम हज़रत इमाम मेंहदी (अ.स.) के इंतज़ार की याद में आयोजित की जाती है, जो बीते 72 वर्षों से लगातार अंजुमन फ़ौज-ए-हुसैनी एवं कमेटी सिपाहे मोहम्मद मेंहदी के तत्वावधान में आयोजित हो रही है।

इस अवसर पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी ने भी शिरकत कर महफ़िल की शोभा बढ़ाई। धार्मिक विद्वानों ने बताया कि इमाम मेंहदी (अ.स.) शिया इस्लाम के 12वें और अंतिम इमाम हैं, जिनका जन्म 15 शाबान 255 हिजरी (869 ई.) को समर्रा, इराक में हुआ था। उनके पिता



- साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने की शिरकत

इमाम हसन अल-असकरी (अ.स.) और माता नरजीस खातून थीं। मान्यता है कि वे क़यामत के निकट दुनिया में व्याप्त अन्याय और ज़ुल्म को समाप्त कर न्याय व शांति की स्थापना के लिए पुनः प्रकट होंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी महफ़िल में देशभर से आए नामचीन शायरों और मौलवियों ने शिरकत कर मनक़बत, नौहा और शायरी के माध्यम से इमाम मेंहदी (अ.स.) की शान में कलाम पेश किया। हजारों की संख्या में मोमिनीन और अकीदतमंदों ने इस ऐतिहासिक महफ़िल में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में रिज़वी कॉलेज के मैनेजर क़र्रार हुसैन (राशिद रिज़वी) उपस्थित रहे। महफ़िल की निज़ामत ज़ाहिद कानपुरी ने की। शायरी पेश करने वालों में प्रमुख रूप से शबरोज़ कानपुरी, सावन हल्लौरी, मुनव्वर जलालपुरी, आरिफ़ जौनपुरी, ज़मीर इलाहाबादी, इरम बनारसी, आबिद बुरहानपुरी सहित कई प्रसिद्ध शायर शामिल रहे, जिन्होंने अपने शानदार कलाम से माहौल को पूरी तरह रूहानी बना दिया।

## चलता हुआ ट्रक बना आग का गोला



**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के प्वाइंट नंबर 230 पर उस समय हड़कंप मच गया, जब चलते हुए ट्रक में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि ट्रक ईटा से लदकर शाहजहांपुर से झांसी की ओर जा रहा था। आग लगते ही ट्रक चालक और कंडक्टर ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा पुलिस तथा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन आग बुझने के बाद पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से चालू करवा दिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# प्रधान पर गबन का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** विकास खंड असोथर अंतर्गत ग्रामसभा ऐझी में मनरेगा सहित विभिन्न विकास कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा की धनराशि का गबन किया गया है तथा जमीनी स्तर पर बिना कार्य कराए सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामसभा ऐझी में विद्यालय परिसर की वह भूमि, जो ग्रामवासियों द्वारा दान स्वरूप दी गई थी (गाटा संख्या 10-921), उसमें कराए गए बलकट कार्य, हैंडपंप रिबोर, नाली निर्माण तथा तालाब खुदाई जैसे कार्यों में गंभीर अनियमितताएं की गईं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन कार्यों में कागजों में

- मनरेगा घोटाले का आरोप



भुगतान कर दिया गया, जबकि मौके पर कोई वास्तविक कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मनरेगा के तहत मजदूरी से होने वाले कार्य जेसीबी मशीनों से कराए गए, जो नियमों के विरुद्ध है। इसके अलावा वर्ष 2022 में लगभग 500 मनरेगा जॉब कार्ड ग्राम प्रधान द्वारा निरस्त कराए गए, लेकिन पूर्व में जारी की गई धनराशि का समुचित हिसाब नहीं दिया गया और उसे गबन कर लिया गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि ग्राम प्रधान हेमसुता एवं उनके सहयोगियों द्वारा ग्रामसभा की कई योजनाओं में लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिससे गांव में वास्तविक विकास कार्य नहीं हो पाए और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

# डायट से प्रशिक्षुओं का दल शैक्षिक भ्रमण के लिए राजगीर रवाना



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), सैदपुर के वर्ष 2023 बैच के 170 प्रशिक्षुओं का दल 9 जनवरी को तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं शैक्षिक नगरी राजगीर (बिहार) के लिए आज उत्साहपूर्वक रवाना हुआ। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना तथा उनके ज्ञान एवं अनुभव में वृद्धि करना है। इस अवसर पर डायट के प्रवक्ता गण–अभय चन्द्रा, निधि सोनकर, अर्चना सिंह, राजवंत सिंह, आलोक तिवारी, राकेश यादव, बृजेश कुमार, नवल गुप्ता, हरिओम प्रताप यादव एवं आलोक कुमार–ने प्रशिक्षुओं को भ्रमण के दौरान अनुशासन, सुरक्षा एवं शैक्षिक उद्देश्यों के प्रति सजग रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शैक्षिक भ्रमण के समन्वयक डॉ. सर्वेश कुमार राय, प्रवक्ता, डायट सैदपुर गाजीपुर, ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से प्रशिक्षुओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक अधिगम का अवसर प्राप्त होता है, जिससे उनके व्यक्तित्व एवं शिक्षण कौशल का समग्र विकास संभव हो पाता है।

## आईजीआरएस में जालौन का शानदार प्रदर्शन, प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार की जनशिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस में जनपद ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए प्रदेश स्तर पर 6वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जनपद की तहसील कौंच ने शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के आधार पर प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि को यूपी सरकार की पारदर्शी शासन व्यवस्था, मुख्यमंत्री के निर्देशन तथा प्रशासनिक अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। डीएम ने बताया कि तहसील कौंच द्वारा शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद, फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई तथा गुणवत्ता आधारित निस्तारण को अपनाया गया।

# चारू के सिर सजा मिस मुरादाबाद का ताज, मिसेज का खिताब निकिता को

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** लाइफ स्टाइल फाउंडेशन एवं पर्यावरण मित्र समिति द्वारा आयोजित मिस एंड मिसेज मुरादाबाद 2026 के फाइनल राऊंड में मिस मुरादाबाद के लिए चारू अग्रवाल और मिसेस मुरादाबाद के लिए निकिता अरोड़ा ने जीत हासिल की है। रामगंगा विहार स्थित बैंक्वेट हाल में बीती रात हुए फाइनल राऊंड मिस कैटेगरी में चारू अग्रवाल ने जीत हासिल की है। इसके अलावा रनरअप अंजलि व प्रिया रही हैं। इसी तरह

मिसेज कैटेगरी में निकिता अरोड़ा ने जीत हासिल की है और रनरअप गरिमा सिरोही व अंजू सिंह रही हैं। मिस केटेगरी में मिस बेस्ट कैटवॉक रहीं प्रियांशी, मिस कॉन्फिडेंट रहीं भूमि, मिस टैलेंटेड रहीं अंजलि, मिस ब्यूटीफुल आइज रहीं आयजा, मिस ब्यूटीफुल स्माइल रहीं रिया, मिस पर्सनैलिटी रहीं चारू तथा मिस इंटेलेक्चुअल प्राची रहीं। मिसेज



- लाइफ स्टाइल फाउंडेशन एवं पर्यावरण मित्र समिति द्वारा आयोजित किया गया मिस एंड मिसेज मुरादाबाद

कैटेगरी में मसेज बेस्ट कैटवॉक त्रिशा, मिसेज फोटोजेनिक प्रिया, मिसेज कॉन्फिडेंट अंजुला, मिसेज टैलेंटेड सोनिका, मिसेज फैशन आइकन गरिमा, मिसेज ब्यूटीफुल आइज निकिता, मिसेज पर्सनैलिटी ज्योति व मिसेज इंटेलेक्चुअल मंजू रहीं। निर्णायकों में अलक्ष्या सिंह, नेहिल श्रीवास्तव व दीप सच्चर रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में पंकज कुमार सक्सेना, अनिल गुप्ता, वीणा रस्तोगी, अनुमालिनी, मौलश्री, कदंब गुप्ता, राजेश रस्तोगी, डा प्रदीप शर्मा, मनमोहन शर्मा, संजय गुप्ता, पवन सक्सेना, विनय गुप्ता, डा. आरएन बाजपेई, डा. नितिन यादव, वीके पाल, डीपी सिंह, संजू गौतम, विशाल वर्मा, मिली सिक्का, खुशी बख्शी, कोमल गांधी आदि रहे। आयोजन में पराग, उर्वशी सिंह, हिमान्तिका खत्री, अग्रिमा, दिव्यांशी मिश्रा, सोनल आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर लाइफ स्टाइल फाउंडेशन द्वारा डा. मोहित शर्मा, डा. रघु प्रकाश, डा. सौरभ अग्रवाल, अनिल गुप्ता, पंकज कुमार सक्सेना, वीणा रस्तोगी, शिल्पी गोयल, अपूर्वा शर्मा, अनूप भारद्वाज, विजय दिव्य, अजय विश्नोई अरुण को सम्मानित किया गया।

# 'हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित'

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में द्वारकाधीश मंदिर परिसर में गोपाल बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सनातन धर्म की एकता, सामाजिक जागरूकता व राष्ट्रहित में संगठित प्रयासों को लेकर चर्चा की गई।

गोपाल बस्ती द्वारा द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में आयोजित हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता सुनीत मिश्रा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यवाह गौतम त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रहलादजी द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। जिसके बाद भारत माता की पूजा अर्चना कर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत की पहचान उसकी गौरवमयी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से है। सनातन धर्म ने सदैव समाज

- गोपाल बस्ती के हिंदू सम्मेलन में जिला कार्यवाह गौतम का प्रेरक उद्बोधन



को एकता, सहिष्णुता और सेवा का मार्ग दिखाया है। वर्तमान समय में समाज को संगठित रहकर अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने की आवश्यकता है। यदि हिंदू समाज एकजुट होकर कार्य करे तो सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकता है। देव एवं लावण्या ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और संस्कारों को समझें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

अवधनामा



# भाषा विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन

■ विद्वानों ने नवाबी विरासत को किया सलाम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अरबी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार अवध का अरबी एवं इस्लामिक अध्ययन में योगदान का दोपहर 12.30 बजे सभागार में भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपने अध्यक्षीय उद्गार में कहा कि यह सेमिनार अवध की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम बनेगा और युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगा। प्रो तनेजा ने कहा कि भाषा विश्वविद्यालय की स्थापना का मूल उद्देश्य ही यह है कि भाषाओं के माध्यम से समाज और मानवता के बीच बेहतर समझ, सहअस्तित्व और प्रगति की राह खोली जाए। अरबी भाषा इस दृष्टि से विशेष महत्व रखती है. मुख्य अतिथि भाषा विश्वविद्यालय (केएमसीएलयू) के पूर्व कुलपति डॉ अनीस अंसारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अरबी सिर्फ़ एक भाषा नहीं, बल्कि इल्म, तहज़ीब और रूहानी विरासत की एक पूरी दुनिया है। अरबी के ज़रिये न सिर्फ़ इस्लामी दुनिया की क्लासिकी किताबों तक हमारी पहुंच बनती है, बल्कि आज के दौर में खाड़ी देशों और अरब दुनिया से जुड़े रोज़गार, व्यापार और कूटनीतिक रिश्तों के नए दरवाज़े भी खुलते हैं।




कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दानिश आज़ाद अंसारी, राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण और मुस्लिम वक्फ एवं हज़, उप्र सरकार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सोच साफ़ है शिक्षा, हुनर और रोज़गार के बेहतर अवसर हर वर्ग तक पहुँचें। अल्पसंख्यक समाज के नौजवान अगर अरबी के साथङ्कसाथ अंग्रेज़ी, कंप्यूटर और अन्य तकनीकी कौशल भी हासिल करें, तो वे किसी भी मैदान में पीछे नहीं रहेंगे। हमारी कोशिश है कि मदरसों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषा शिक्षा को आधुनिक ज़रूरतों से जोड़ा जाए, ताकि एक मदरसे का छात्र भी यह ख्वाब देख सके कि वह अरबी जानकर आईएएस, प्रोफेसर, दुभाषिया या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाला प्रोफेशनल बन सकता है।कीनोट स्पीकर प्रो ओबेदुल्लाह फहद ने कहा कि अवध की अरबी विद्वता का केंद्र लखनऊ रहा है, जहां मौलाना अब्दुल हई फरंगी महली, मौलाना अब्दुल बाकी लखनवी और अल्लामा, शुजाद्दीन लखनवी जैसे महान विद्वानों ने फिक्ह, हदीस और तफसीर पर अमूल्य ग्रंथ रचे। नवाबी काल में स्थापित नादवतुल उलेमा और फिरंगी महल ने इस्लामी शिक्षा को आधुनिक आयाम दिए। आज के दौर में इनकी प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। सेमिनार संयोजक प्रो मसूद आलम, अरबी विभागाध्यक्ष ने स्वागत भाषण में बताया कि यह सेमिनार 10-11 फरवरी को आयोजित हो रहा है, कार्यक्रम में 3 से अधिक देशों से जिसमें 15 से अधिक संस्थानों से 200 से अधिक विद्वान, शोधार्थी और छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, अवध ने अरबी साहित्य में उर्दू-अरबी संमिश्रण को जन्म दिया, जो भारतीय इस्लामी चिंतन की विशेषता है। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रो मसूद आलम, डॉ अब्दुल हफ़ीज़, डॉ नीरज शुक्ला, डॉ जफरुन नकी, डॉ नसीब, डॉ मुंतजित मुज्जमिल सहित सभी शिक्षक, विद्यार्थी और प्रतिभागी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# तीन ट्रांसफार्मरों को छतिग्रस्त कर क्वाईल व आयल चोरी की

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने खेतों की सिचाई के स्थापित नलकूपों पर रखे 25 केवीए के तीन ट्रांसफार्मरों को छतिग्रस्त कर क्वायल व आयल चोरी कर लिया। पीडितों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जॉच की। मंगलवार की सुवह क्षेत्र के रामाश्रम मलिकपुर विद्युत उपखंड से आने वाले विद्युत लाइन पर ग्राम मलिकपुर निवासी कमरुद्दीन खान, शमशाद खान पुत्र ईशाक खान व सगीर खान पुत्र नत्थू खान आदि आलू फसल में पानी लगाने गए तो नलकूप पर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को जमीन पर पडा देखकर पैरो तले जमीन खिसक गई। किसानों ने यूपी डायल 112 पुलिस को सूचना देकर घटना की जानकारी दी जिस पर 112 पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इस दौरान किसानों ने कहा कि आए दिन ट्रांसफार्मर को छतिग्रस्त करनें की घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहिए। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# जिले में आज से खिलाई गई कृमि मुक्ति दवा

■ पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय 3 बाद जनपद मथुरा में किया गया अभियान का शुभारंभ ■ 13 फरवरी को चलेगा मॉप अप राउंड, जिसमें दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को किया जाएगा आच्छादित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा बल्लभ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अर्न्तगत मंगलवार 10फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू हो गया। अभियान का शुभारंभ पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय 3 बाद जनपद मथुरा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की उपस्थित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाज़ोल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे किसी कारणवश दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है। कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को 10 फरवरी को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्ठों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। डीसीपीएम ने बताया कि अभियान के बाद 13 फरवरी को जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्री मुनेश कुमार, वाईस प्रिंसिपल श्री दिनेश पटेल, अध्यापिका माधुरी,अर्बन कॉर्डिनेटर फौजिया खानम, MOIC राल डॉ राकेश सिकरवार, डीपीएम संजय सिहोरिया, ममता, डॉ पंकज ,डॉ अनुज, स्टाफ नर्स स्टाफ नर्स विश्व आलोक शेखर, CHO आशा व ANM, आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों की कला और कौशल का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वैष्णवी सेवा शिक्षण संस्थान, उमानगर, देवरिया द्वारा राज्य निधि के अंतर्गत दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों, कलाकृतियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन हेतु दो दिवसीय 'दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी' का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) प्रांगण में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुल 12 स्टॉल लगाए गए, जिनमें दिव्यांगजनों द्वारा तैयार हस्तशिल्प, उपयोगी उत्पाद एवं विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी कला और कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण



अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, प्रधानाचार्य स्पर्श इंटर कॉलेज लाल डिग्गी गोरखपुर तथा प्रधानाचार्य संकेत राजकीय मूक-बधिर बालिका इंटर कॉलेज कुशीनगर सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बलिया, आजमगढ़, बस्ती, गोरखपुर एवं देवरिया जनपद की विभिन्न संस्थाओं ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाकर दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कैंसर बन रहा है भारत की बड़ी स्वास्थ्य चुनौती

■ पहचान और रोकथाम अब हर परिवार की ज़िम्मेदार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कैंसर आज भारत की सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुका है। हर साल देश में 14 लाख से अधिक नए कैंसर केस सामने आते हैं। इतने बड़े आंकड़ों के बावजूद जागरूकता अब भी कम है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहां मिथक और सामाजिक झिझक समय पर जांच और इलाज में बड़ी रुकावट बनते हैं। आज के दौर में कैंसर को समझना कोई विकल्प नहीं, बल्कि हर भारतीय परिवार की ज़रूरत है।

कैंसर तब होता है जब शरीर की असामान्य कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बना लेती हैं, जो आसपास के टिश्यू में फैल सकती हैं। सामान्य कोशिकाओं की तरह ये कोशिकाएं समय पर रुकती या खत्म नहीं होतीं। कैंसर के 200 से अधिक प्रकार हैं, जिनमें भारत में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओरल, लंग और स्टमक कैंसर सबसे अधिक पाए जाते हैं।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अतुल शर्मा ने बताया कैंसर की जल्दी पहचान से जीवन बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन अक्सर लोग शुरुआती संकेतों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। इनमें बिना कारण वजन कम होना, लगातार थकान, किसी भी तरह की गांठ या सूजन, पेशाब या शौच की आदतों में बदलाव, निगलने में परेशानी, लंबे समय तक रहने वाली खांसी, असामान्य ब्लीडिंग और ऐसे घाव जो ठीक न हों—शामिल हैं। ये लक्षण हर बार कैंसर ही हों, ऐसा ज़रूरी नहीं, लेकिन इन पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना बेहद ज़रूरी है। तंबाकू सेवन भारत में कैंसर का सबसे बड़ा कारण है और लगभग 40त्न कैंसर केस इससे जुड़े होते हैं। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा या पान मसाला—तंबाकू हर रूप में खतरनाक है। इसके अलावा अत्यधिक शराब सेवन, फल-सब्ज़ियों की कमी वाला खराब डाइट, फिजिकल एक्टिविटी की कमी, मोटापा और बिना सुरक्षा के लंबे समय तक धूप में रहना भी ऐसे रिस्क हैं जिन्हें कंट्रोल किया जा सकता है।



आम धारणा के विपरीत, कई प्रकार के कैंसर को रोका जा सकता है। कुछ आसान लाइफस्टाइल बदलाव—जैसे तंबाकू से पूरी तरह दूरी, शराब का सीमित सेवन, संतुलित डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज़ से हेल्दी वजन बनाए रखना, धूप से त्वचा की सुरक्षा और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए HPV वैक्सीन—कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। डॉ. अतुल ने आगे बताया कैंसर, खासकर रिप्रोडक्टिव कैंसर से जुड़ी सामाजिक झिझक के कारण कई लोग समय पर इलाज नहीं कराते। महिलाएं ब्रेस्ट या सर्वाइकल से जुड़े बदलाव बताने में देर कर देती हैं, वहीं पुरुष ओरल कैंसर के संकेतों को नज़रअंदाज़ करते हैं, जबकि देश में ओरल कैंसर के मामले बहुत अधिक हैं। यह चुप्पी जानलेवा साबित हो सकती है। कैंसर कोई अभिशाप या नैतिक दोष नहीं, बल्कि एक मेडिकल कंडीशन है, जिस पर खुलकर बात और तुरंत एक्शन ज़रूरी है। कैंसर जागरूकता को फुसफुसाहट नहीं, बल्कि सामूहिक ज़िम्मेदारी बनना चाहिए। चेतावनी संकेतों पर खुलकर चर्चा, समय पर चेक-अप को बढ़ावा और डर व स्टिग्मा को खत्म करना ही असली बदलाव लाएगा। अर्ली डिटेक्शन आज हमारे पास सबसे मज़बूत हथियार है, जो बेहतर ट्रीटमेंट ऑप्शंस और अच्छे नतीजे देता है।

कैंसर को साइलेंट लड़ाई नहीं बनना चाहिए। सही जानकारी, प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता और प्रिवेंशन व समय पर इलाज की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम ऐसे भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं, जहां कैंसर को समय पर पहचाना जाए, प्रभावी इलाज मिले और उसे चुप्पी नहीं, बल्कि हिम्मत के साथ सामना किया जाए।

# संगठन से जोडकर किसानों के हितों में संघर्ष करेंगे : अभिषेक




■ किसानों का उत्पीडन बंद करें अधिकारी व कर्मचारी: विपिन

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** देश के अन्नदाता के हितों व अधिकारों के लिये सरकारें गंभीर नही हैं। किसानों को उनकी फसलों का बाजिब दाम नही मिल पा रहा है, उनकी फसलों का लाभ बिचौलिये ले रहे हैं। वहीं किसान कर्ज के तले डूबकर एवं मौसम की मार से अपने बच्चों को बेहतर परवरिश नही कर पा रहा है। ऐसी ही तमाम समस्याओं को लेकर जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन किसानों के हकों की लडाई सडक पर उतरकर लडेगा। यह बात मंगलवार को नगर जीटीरोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कही। इससे पूर्व उन्होनें जिलाध्यक्ष विपिन चौरसिया, अंकित चौरसिया, चन्दन सक्सेना, अंकुर शर्मा, अकरम खॉन, अबनीश कुमार के साथ क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों ऊंचा, जुनेदपुर, मझपुर्वा, डुडबा बुजुर्ग में भ्रमण कर किसानों की समस्यायें सुनकर हर कदम पर सहयोग करनें का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होनें कहा कि विभागों में बैठे अधिकारी व कर्मी किसानों का उत्पीडन बंद करें। कहा कि किसानों, युवाओं को संगठन से जोडकर उनके अधिकारों की लडाई लडी जायेगी।

# नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री वामन भगवान महोत्सव समिति (रजिस्टर्ड, उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में मंगलवार को गली पातीराम, मंडी रामदास स्थित सुरेश चंद गोला जी के आवास पर, मंदिर के समीप एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा स्थानीय नागरिकों की आँखों की जाँच की गई तथा उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया गया। इस शिविर का लाभ 65 से अधिक नागरिकों ने उठाया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना समिति का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार के शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संजय हरियाणा ने शिविर के सफल आयोजन हेतु चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति भविष्य में भी जनहित में इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी।शिविर में उपस्थित डॉ. सिद्धार्थ तरकर ने नेत्र रोगों से बचाव, नियमित जाँच की आवश्यकता एवं आँखों की उचित देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं तथा लोगों से समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने की अपील की।वहीं समिति के महामंत्री श्री अर्जुन पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक तीन माह में इस प्रकार के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर श्याम शर्मा, संजय हरियाणा, विजय शर्मा, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, कुलदीप शर्मा, शिव नारायण, डोमेश शर्मा, सुरेश गोला, हरिकिशन गोला, डॉ. सिद्धार्थ तरकर, योगेश शर्मा, मोना डागोर, सिंधु, बिस्सा चौधरी , विवेक शर्मा,सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेतों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें: अंशुमान

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** कृभको कन्नौज द्वारा समिति अंगीकरण कार्यक्रम का आयोजन बी-पैक्स सिकंदरपुर, ब्लॉक छिबरामऊ पर किया गया जिसमें निम्न अतिथि उपस्थित रहे मुख्य अतिथि मनीष कुमार (अपर ज़िला सहकारी अधिकारी छिबरामऊ) कार्यक्रम अध्यक्षता-देवप्रकाश पालीवाल ( अध्यक्ष, बी - पैक्स सिकंदरपुर) विशिष्ट अतिथि- अंशुमान यादव (क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको कानपुर) विशिष्ट अतिथि- अनुज किशोर द्विवेदी ( अध्यक्ष, सहकारी संघ सिकंदरपुर) विशिष्ट अतिथि- सूर्यप्रकाश राजपूत( उपाध्यक्ष, बी पैक्स सिकंदरपुर) आदित्य वर्मा ( मंडल अध्यक्ष भाजपा ) चंद्रशेखर दुबे ( डायरेक्टर ,बी पैक्स सिकंदरपुर) राजेंद्र सिंह वर्मा, वीरेश कुमार (सचिव ,बी पैक्स सिकंदरपुर सर्वजीत सिंह (क्षेत्र प्रबंधक कृभको-कन्नौज) एवं 115 किसान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। क्षेत्र प्रबंधक कृभको ने सभी किसान भाइयों को कृभको के बारे में,



कृभको के उत्पाद जैसे यूरिया डीएपी एन पी के, सिटी कंपोस्ट, सिवारिका, रहाइजोसुपर, बीज एवं तरल जैव उर्वरक के लाभ, प्रयोग करने की विधि, एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान भाई अपनी मिट्टी परीक्षण जरूर कराए, और यह सुविधा कृभको के द्वारा निःशुल्क में प्रदान की जा रही है। सभी किसान अपनी फसलों में मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करे। जिससे हम अपनी मिट्टी एवं पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सके। अंशुमान यादव ने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी क्योंकि अंधाधुंध मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने से हमारे खेत की उर्वराशक्ति भी कम होती है, साथ ही इनके प्रयोग से मनुष्य में विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है स मुख्य अतिथि ने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए सुझाव दिए एवं उन्होंने कृभको के द्वारा प्रदान की जाने बाली जैविक खादों के बारे में जानकारी दी, साथ ही किसानो से जैविक खेती करने की अपील की। जिससे हम अपने आने बाली पीढ़ी को बीमारियों से बचा सके। उन्होंने समिति द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। अंत में समिति की पेंटिंग एवं फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए मुख्य अतिथि द्वारा कृभको का धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष ने कृभको द्वारा जनपद में हमारी समिति चुनने एवं कार्यक्रम कराने के लिए कृभको का धन्यवाद दिया स अंत में सभी अतिथियों की उपस्थिति में कृभको द्वारा समिति को 1 ऑफिस मेज, 1 ऑफिस कुर्सी एवं 5 प्लास्टिक कुर्सी निःशुल्क प्रदान की गई।

# कन्नौज में हिंदी शॉर्ट फिल्म थर्सडे स्पेशल की स्क्रीनिंग



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** इत्र नगरी कन्नौज में गुरुवार को हिंदी शॉर्ट फिल्म 'थर्सडे स्पेशल' की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के एक निजी होटल सभागार में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में सिनेमा प्रेमी, युवा दर्शक, स्थानीय कलाकार और फिल्म से जुड़े लोग मौजूद रहे। शॉर्ट फिल्म 'थर्सडे स्पेशल' सामाजिक विषय पर आधारित है, जो आम जीवन की सच्चाइयों को संवेदनशील तरीके से दर्शाती है। फिल्म की कहानी, संवाद और अभिनय ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

खास बात यह रही कि फिल्म में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी गई, जिससे कन्नौज की उभरती प्रतिभाओं को पहचान मिली। स्क्रीनिंग के बाद आयोजित चर्चा सत्र में फिल्म की प्रोडक्शन टीम और कलाकारों ने दर्शकों से संवाद किया और फिल्म निर्माण के अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि कन्नौज जैसी सांस्कृतिक नगरी में इस तरह की फिल्मों की स्क्रीनिंग से युवा वर्ग को रचनात्मक दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि 'थर्सडे स्पेशल' सिर्फएक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का प्रयास है। भविष्य में भी ऐसी शॉर्ट फिल्मों के जरिए स्थानीय मुद्दों को बड़े मंच तक पहुंचाया जाएगा। फिल्म प्रेमियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कन्नौज में इस तरह के सांस्कृतिक और सिनेमा आधारित कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए, ताकि नई सोच और नए कलाकार सामने आ सकें।

# उमरा पर जा रहे जायरीनों का भव्य स्वागत किया



कन्नौज। उमरा पर जा रहे जायरीनों का जन एकता वेलफेयर समिति उप्र कार्यालय तिर्वा द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर बिदाई दी गई।

मंगलवार को समिति के अध्यक्ष डाक्टर सदाकत हुसैन व सदस्यों और पदाधिकारी गण ने सभी लोंगो से मिलकर उमरा पर जा रहे अन्नपूर्णा नगर निवासी नइमुद्दीन एडवोकेट व उनकी पत्नी मुन्नी बेगम से अपना सलाम पेश करने के लिये कहा और गुम्मदे खिजरा पर भी सलाम पेश करने को कहा। इस अवसर पर रफाकत हुसैन एडवोकेट, मास्टर रामऔतार यादव, जेपी यादव, बीरेंद्र दिवाकर, आलोक मिश्रा, सालू इदरीसी, गोलू सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने गैगेस्टर एक्ट के शातिर इनामिया को धर दबोचा

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा गैगेंस्टर एक्ट मे वाँछित शातिर इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु गस्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी नें उपनिरीक्षक दीपक कुमार सिंह, हेड कांस्टेवल अशोक कुमार, कांस्टवेल सत्य प्रकाश, बिहारी, आदेश कुमार के



साथ गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित, शातिर व 25000 रूपये के इनामिया अभियुक्त सतेंद्र पुत्र विशंभर निवासी ग्राम नया बंगला थाना बिलग्राम जनपद हरदोई को इन्दुइयागंज से खांडेदेवर की ओर आने वाली रोड के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त पर कई संगीन मुकदमें चल रहे हैं। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

# पेट से कीड़े निकालने के लिए दवा सेवन जरूरी

■ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई कृमि नाशक दवा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) मनाया गया। इसके तहत 1 से 19 वर्ष तक के लाभार्थियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी व सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने शहर के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज में अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं के साथ दवा का सेवन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं जिले के पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) गठित ब्लाकों में पीएसपी सदस्यों ग्राम प्रधान, सीएचओ, एएनएम, शिक्षक, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों ने अभियान में सभागिता निभाते हुए विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दवा के फायदे बताकर कृमि नाशक दवा का सेवन कराया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम के जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि पेट में कृमि संक्रमण को रोकने के लिए पेट से कीड़े निकालने की दवा खाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के करीब 17 लाख से अधिक लाभार्थियों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। जो लाभार्थी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा का सेवन नहीं कर सके हैं, उन्हें 13 को माप अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। जिले के सरकारी स्कूलों, निजी स्कूलों और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को पेट से कृमि निकालने की दवा खिलाई जानी है। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ आदतों का विकास करके भी कृमि संक्रमण से बचा जा सकता है। शरीर में कृमि संक्रमण के कारण खून की कमी, कुपोषण, थकावट व बीमारी एवं कमजोरी की दिक्कत हो जाती है। इससे बचाव के लिए प्रत्येक छह माह में खिलाई जाने वाली दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। इसी क्रम में 10 फरवरी को दवा खिलाई गई है। उन्होंने कहा कि अभियान में किसी कारण दवा न खाने वाले लाभार्थियों के अभिभावक, उनसे जुड़े शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उन्हें 13 फरवरी को मॉप अप राउंड के दौरान इस दवा का सेवन अवश्य करवा दें। इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अजीत, डिप्टी सीएमओ डॉ आरपी यादव, डॉ अश्विनी पाण्डेय, डॉ हरेंद्र कुमार, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, विश्वनाथ मल्ल सहित विद्यालय के शिक्षक और छात्राएं आदि मौजूद रहे।



# पेट से कीड़े निकालने के लिए दवा सेवन जरुरी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) मनाया गया। इसके तहत 1 से 19 वर्ष तक के लाभार्थियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी व सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने शहर के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज में अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं के साथ दवा का सेवन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं जिले के पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) गठित ब्लाकों में पीएसपी सदस्यों ग्राम प्रधान, सीएचओ, एएनएम, शिक्षक, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों ने अभियान में सभागिता निभाते हुए विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दवा के फायदे बताकर कृमि नाशक दवा का सेवन कराया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम के जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि पेट में कृमि संक्रमण को रोकने के लिए पेट से कीड़े निकालने की दवा खाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के करीब 17 लाख से अधिक लाभार्थियों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। जो लाभार्थी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा का सेवन नहीं कर सके हैं, उन्हें 13 को माप अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। जिले के सरकारी स्कूलों, निजी स्कूलों और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को पेट से कृमि निकालने की दवा खिलाई जानी है।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया, सीफर्ट और एलेन की शानदार साझेदारी



**चेन्नई।** टिम सीफर्ट और फिन एलेन की शानदार साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया। यूएई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। यूएई ने मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफु के अर्धशतकों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने सीफर्ट और एलेन के नाबाद अर्धशतकों की मदद से 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप में यह लगातार दूसरी जीत है। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीफर्ट और एलेन ने न्यूजीलैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती से ही आक्रामक रुख अपनाया और यूएई के गेंदबाजों को हावी होने का कोई मौका नहीं दिया। यूएई ने न्यूजीलैंड के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन सीफर्ट और एलेन ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की उससे ये लक्ष्य आसान बन गया। सीफर्ट और एलेन के बीच पहले विकेट के लिए 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई जो टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। सीफर्ट 42 गेंदों पर 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 89 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि एलेन ने 50 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों के सहारे नाबाद 84 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को पहला झटका शुरुआत में ही लग गया था। जैकब डफी ने आर्यंश शर्मा को आउट किया जो आठ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हालांकि, मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफु ने टीम को संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। इस दौरान अलीशान शराफु ने 39 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। शराफु और वसीम ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया।

# परिवार के साथ पीएम मोदी से मिले सचिन तेंदुलकर, बेटे अर्जुन की शादी में आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी में आने का न्योता दिया। सचिन के बेटे अर्जुन की सगाई सानिया चंदोक के साथ हुई है। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सचिन के साथ इस दौरान पत्नी अंजलि, बेटे अर्जुन, बेटी सारा और अर्जुन की मंगेतर सानिया भी मौजूद थीं। मालूम हो कि अर्जुन और सानिया की शादी को लेकर कई दिनों से अटकलें चल रही थीं, लेकिन अब खुद सचिन ने इस खबर पर मुहर लगा दी है।

सचिन ने परिवार के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। सचिन ने लिखा, हमें अर्जुन और सानिया के विवाह समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस युवा जोड़े को आपके आशीर्वाद और



विचारशील सलाह के लिए मोदी जी को धन्यवाद।

सचिन ने इससे पहले कांग्रेस पार्टी के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात की थी। सचिन पत्नी अंजलि के साथ सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर मिले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अर्जुन और सानिया की शादी के कार्यक्रम तीन मार्च से शुरू होगी और मुख्य सेरेमनी पांच मार्च को होगी।

अर्जुन की सगाई सानिया चंदोक के साथ हुई है। सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है। अर्जुन और सानिया की सगाई एक निजी कार्यक्रम में हुई जिसमें करीबी दोस्त और दोनों परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।

25 वर्षीय अर्जुन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं, जो घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व करते हैं और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। आईपीएल 2026 के लिए हुई मिनी नीलामी से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अर्जुन को मुंबई से ट्रेड किया था। उन्होंने 2020/21 सीजन में मुंबई के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की, जहां उन्होंने हरियाणा के खिलाफ एक टी20 मैच में पदार्पण किया। इससे पहले, उन्होंने जूनियर स्तर पर मुंबई का प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंडर-19 टीम में जगह बनाई। 2022/23 घरेलू सीजन में वह गोवा चले गए, जहां उन्होंने प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए में डेब्यू किया।

## निशानेबाज संभाजी पाटिल की कार दुर्घटना में मौत

**मुंबई।** भारत के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज संभाजी पाटिल का कार दुर्घटना में निधन हो गया है। संभाजी ने 2016 जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व कप 2016 के स्वर्ण पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज संभाजी पाटिल की सोमवार को मुंबई अहमदाबाद हाइवे पर पालघर जिले में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई। वह 27 वर्ष के थे। अधिकारी ने बताया कि तेज रफ्तार से जा रही कार बाईं ओर से ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में उससे टकरा गई जिसमें पाटिल को गंभीर चोट आई।

पाटिल को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पाटिल ने अजरबैजान में 2016 जूनियर विश्व कप में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2017 में इसी वर्ग में विश्व चैंपियनशिप में 23वां स्थान हासिल किया था।

# एपस्टीन फाइल्स में फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर का नाम

## दस्तावेज में कई चौंकाने वाले खुलासे, पर आरोप साबित नहीं

**नई दिल्ली।** अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी एपस्टीन फाइल्स में



फ्रांस और बायर्न म्यूनिख के पूर्व स्टार फ्रैंक रिबेरी का नाम सामने आया है। हालांकि यह सिर्फ गवाहों के आरोप हैं। न कोई केस दर्ज हुआ है, न जांच की घोषणा। कानूनी तौर पर रिबेरी की स्थिति फिलहाल जस की तस है।

फ्रांस और बायर्न म्यूनिख के दिग्गज फुटबॉलर फ्रैंक रिबेरी एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह मैदान की उपलब्धियां नहीं, बल्कि अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक किए गए तथाकथित एपस्टीन फाइल्स हैं। रिबेरी 2006 में फीफा विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाली फ्रांस टीम का हिस्सा रहे थे, लेकिन इटली के खिलाफ उनकी टीम हार गई थी।

वहीं, वह एक बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप और एक बार बायर्न म्यूनिख के साथ चैंपियंस लीग का खिताब जीत चुके हैं। स्पेनिश अखबार मार्का की रिपोर्ट के मुताबिक, रिटायर्ड स्टार का नाम उन दस्तावेजों में दिखाई देता है जो दिवंगत और दोषी करार दिए जा चुके कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच का हिस्सा थे। सबसे पहले सबसे अहम बात। इन फाइल्स में नाम आने का मतलब यह नहीं है कि रिबेरी पर कोई अपराध साबित हुआ है, उनके खिलाफ मामला दर्ज है या वह किसी जांच के दायरे में हैं। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि यह सामग्री बड़े पैमाने पर इकट्ठी की गई गवाहियों, नोट्स और बयानों का संग्रह है, जिनमें से कई कभी अदालत तक पहुंचे ही नहीं।

2026 की शुरुआत में अमेरिका में एपस्टीन फाइल्स ट्रांसप के तहत हजारों दस्तावेज सार्वजनिक किए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें हजारों वीडियो, लाखों तस्वीरें और जांच से जुड़े रिकॉर्ड शामिल हैं। इसी बड़े डेटा के बीच कुछ पन्नों पर रिबेरी का नाम सामने आता है।

दस्तावेज में क्या लिखा है?

रिपोर्ट के मुताबिक, जिन हिस्सों में रिबेरी का जिक्र है, वे एक गवाह के दावे हैं। उदाहरण के तौर पर एक जगह लिखा है, फ्रैंक रिबेरी ने मुझे मारने की कोशिश कीज पुलिसकर्मियों ने उन्हें घेर लिया और उनकी कार तक वापस ले गए। एक अन्य हिस्से में दावा किया गया, %मैं यह देखकर हैरान था कि देह व्यापार का नेटवर्क यहां पहुंच गया मुझे लगा जैसे वे मुझे वापस ले जाना चाहते हैं।% आगे के पन्नों में भी कुछ और गंभीर आरोपों का जिक्र है, लेकिन फिर से साफ कर दें कि ये आरोप हैं, अदालत का फैसला नहीं।

अमेरिकी न्याय विभाग ने कहीं भी इन दस्तावेजों को औपचारिक आरोप या सबूत नहीं बताया है। रिबेरी के खिलाफ किसी कार्रवाई की घोषणा भी नहीं हुई है। यानी कानूनी स्थिति फिलहाल वही है, न केस, न चार्ज। रिबेरी का नाम पहले भी 2010 में एक मामले में सामने आया था, जब उन पर और करीम बेंजेमा पर नाबालिग से जुड़े आरोप लगे थे। 2014 में अदालत ने दोनों को यह कहते हुए राहत दी थी कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि उन्हें उम्र की जानकारी थी। अब नए दस्तावेज सामने आने से सोशल मीडिया पर बहस जरूर तेज हो गई है, लेकिन कानून की नजर में स्थिति अभी नहीं बदली है। यह कहना फिलहाल मुश्किल है कि इन खुलासों के बाद कोई नई जांच शुरू होगी या नहीं। अक्सर ऐसे दस्तावेज चर्चा तो पैदा करते हैं, लेकिन हर बार कानूनी कार्रवाई तक बात पहुंचे, यह जरूरी नहीं।

# अंतरराष्ट्रीय पिस्टल शूटर संभाजी की सड़क हादसे में मौत, 2016 में विश्वकप में जीता था स्वर्ण

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय पिस्टल शूटर और 2016 जूनियर विश्व कप के स्वर्ण पदक विजेता संभाजी पाटिल की मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। अंतरराष्ट्रीय पिस्टल शूटर और 2016 जूनियर विश्व कप के स्वर्ण पदक विजेता संभाजी पाटिल का सोमवार को एक सड़क हादसे में निधन हो गया। वह 27 वर्ष के थे। यह हादसा महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर हुआ, जब उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। अधिकारियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। संभाजी पाटिल अपने दोस्त और साथी शूटर यश चौधरी के साथ शूटिंग अभ्यास के लिए गुजरात जा रहे थे। कार यश चौधरी चला रहे थे और संभाजी आगे की सीट पर बैठे थे।



**सड़क हादसे में हुई मौत**

बताया गया है कि तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान बाईं ओर से एक ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में संभाजी पाटिल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यश चौधरी इस हादसे में घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। संभाजी पाटिल मूल रूप से छत्रपति संभाजीनगर के निवासी थे। उनके परिवार के सदस्य शाम को अस्पताल पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार छत्रपति संभाजीनगर में किया जाएगा।

**2016 में जीता था स्वर्ण**

इस मामले में पालघर के मनोर पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। खेल उपलब्धियों की बात करें तो संभाजी पाटिल ने 2016 में अजरबैजान में आयोजित जूनियर विश्व कप में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, 2017 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने इसी स्पर्धा में 23वां स्थान हासिल किया था। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की वेबसाइट के अनुसार, संभाजी पाटिल को मशहूर शूटर और तत्कालीन राष्ट्रीय कोच जसपाल राणा से प्रशिक्षण मिला था।

# सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने राघव चड्ढा को कहा 'हैंडसम'



**मुंबई।** हाल ही में जब एक इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर ने सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा को 'हैंडसम' कहा, तब परिणीति चोपड़ा ने मजेदार रिएक्शन दिया। जानिए उनका रिएक्शन, जो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है।

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने सितंबर 2023 में उदयपुर के लीला पैलेस में शादी की थी। दोनों सोशल मीडिया पर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब एक इंफ्लुएंसर ने इंस्टाग्राम पर रील शेयर कर राघव चड्ढा को हैंडसम कहा, जिस पर परिणीति का रिएक्शन चर्चाओं का विषय बन गया है।

दरअसल, पियूष त्रिपाठी नाम के एक इंफ्लुएंसर ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की, जिसमें वह अपने पार्टनर के साथ एयरपोर्ट पर सस्ते खाने का मजा लेते नजर आए। दोनों यह देखकर हैरान थे कि जहां आमतौर पर एयरपोर्ट पर खाना बहुत महंगा होता है, वहीं यहां चाय सिर्फ 10 रुपये और समोसा 20 रुपये में मिल रहा था। वीडियो में इंफ्लुएंसर ने इस पहल का श्रेय राघव चड्ढा को दिया। इसके बाद जब उसने अपनी पार्टनर से पूछा, 'राघव चड्ढा कैसे लगते हैं?' तो उसने हंसते हुए जवाब दिया- 'हैंडसम।' यह वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। इसके बाद कमेंट सेक्शन में खुद राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा ने भी अपना रिएक्शन दिया है। कमेंट में राघव ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'हाहा, उम्मीद है समोसा अच्छा लगा होगा!' इसके बाद इंफ्लुएंसर ने परिणीति को टैग करते हुए लिखा - 'मैम अब तो आप भी कुछ कह दो, सर की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है इधर।' इस पर परिणीति ने मजेदार रिएक्शन देते हुए लिखा, 'मैं पूरी तरह सहमत हूं।' साथ में उन्होंने आंख और नर्वस हंसी वाले इमोजी भी लगाए।

**इस सीरीज में नजर आएंगी परिणीति**

वर्कफ्रंट की बात करें तो परिणीति चोपड़ा आखिरी बार इम्तियाज अली की 2024 की नेटफ्लिक्स फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आई थीं। जल्द ही वह वेब सीरीज 'तलाश-ए मदर्स सर्च' में दिखाई देंगी।

# उद्धव से ज्यादा हिंदू हैं सलमान, भाजपा नेता का बड़ा बयान

**मुंबई।** बीते दिनों अभिनेता सलमान खान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस पर विवाद हो रहा है। इस बीच भाजपा नेता नितेश राणे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर बीते दिनों एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सलमान खान सहित कई फिल्मी सितारे मौजूद रहे। इवेंट में सलमान खान व अन्य स्टार्स की मौजूदगी को लेकर विवाद शुरू हुआ। विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने सवाल किए। इसके बाद महाराष्ट्र के बीजेपी मंत्री नितेश राणे ने आज मंगलवार को शिवसेना (क्क्ष) चीफ उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, नितेश राणे ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि अभिनेता सलमान खान उनसे ज्यादा हिंदू हैं। यह बात मुंबई में क्रूस के एक इवेंट में सुपरस्टार की



मौजूदगी को लेकर हुए विवाद के बीच कही गई। बता दें कि सलमान खान उन कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज में से थे, जिन्होंने उस इवेंट में हिस्सा लिया था। इस इवेंट में आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने भाषण दिया था।

आरएसएस का यह शताब्दी कार्यक्रम नेहरू सेंटर में आयोजित किया गया था। शिवसेन के एमपी संजय राउत ने संघ के इवेंट में शामिल होने के लिए पॉपुलर एक्टर सलमान खान पर निशाना साधा था। संजय राउत, उद्धव ठाकरे के करीबी हैं। मंगलवार को एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए राणे ने सलमान खान की तारीफ की और उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सलमान खान, उद्धव ठाकरे से ज्यादा हिंदू हैं। सलमान खान में कम से कम संघ चीफ के प्रोग्राम में शामिल होने की हिम्मत तो थी। क्या उद्धव ठाकरे कभी राहुल गांधी के सामने खड़े होने या अपने पिता बालासाहेब ठाकरे को हिंदूहृदय सम्राट कहने की हिम्मत दिखाएंगे?

बता दें कि आरएसएस के इवेंट में कई आर्टिस्ट, स्पोर्ट्सपर्सन और जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। इवेंट में सलखान की मौजूदगी की कुछ लोगों ने बुराई की, जबकि कुछ ने उनकी तारीफ की। फिल्मी सितारों की मौजूदगी पर राजनीतिक जगत में हलचल तेज हो गई। इससे पहले संजय राउत ने संघ के कार्यक्रम में अदनान सामी की मौजूदगी पर तंज कसा था। इस पर अदनान सामी ने उन्हें पलटकर करारा जवाब दिया।

## मैंने किसी को रिप्लेस नहीं किया: प्रकाश राज

**मुंबई।** अभिनेता प्रकाश राज की झोली में एक और फिल्म आ गिरी है। वे अजय देवगन की फिल्म का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग शुरू कर दी है। बीते दिनों प्रकाश राज को लेकर ऐसी अफवाहें चलीं कि वे संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म स्पिरिट से बाहर हो गए हैं। हालांकि, प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कल सोमवार को इन अफवाहों को खारिज कर दिया। आज मंगलवार को उन्होंने एक दिलचस्प अपडेट शेयर किया है। वे अब फिल्म दृश्यम 3 का हिस्सा बन गए हैं।

प्रकाश राज ने आज मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है कि वे फिल्म दृश्यम 3 का हिस्सा बन गए हैं। आगे लिखा है, दिलचस्प फ्रेंचाइजी दृश्यम 3 हिंदी में शूटिंग शुरू कर दी है। एक शानदार टीम और एक शानदार रोल के साथ। मुझे यकीन है कि आपको यह पसंद आएगा।

# रणवीर-दीपिका की सुरक्षा ने बढ़ाई सोसायटी मेंबर्स की चिंता

## पुलिस तक पहुंचा मामला तो सामने आई बड़ी जानकारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी मिली है। व्हॉट्सएप पर भेजे गए वॉइस नोट के जरिए उनसे करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी गई है। इस बीच एक्टर ने सुरक्षा बढ़ाई। मगर, इसे लेकर उनकी सोसाइटी की लोगों ने चिंता जताते हुए पुलिस को पत्र लिखा है और स्पष्टीकरण मांगा है। अभिनेता रणवीर सिंह को व्हॉट्सएप पर एक वॉइस नोट भेजकर धमकी दी गई है। एक अनजान शख्स ने अभिनेता से करोड़ों रुपये की रकम मांगी है। मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच उनकी सुरक्षा में इजाफा किया गया है। रणवीर और दीपिका पादुकोण के घर के बाहर अचानक सिक्योरिटी में बढ़ोतरी देख सोसाइटी के लोगों ने चिंता जताई है। पुलिस को लिखे पत्र में कहा गया है कि रणवीर सिंह और दीपिका ने सोसाइटी प्रबंधन और सोसाइटी के सदस्यों को बताए बिना निजी सिक्योरिटी तैनात की है। मुंबई के प्रभादेवी हाउसिंग सोसायटी ने



रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को लेकर पुलिस से स्पष्टीकरण मांगा है। मुंबई के प्रभादेवी स्थित ब्यू मोंडे बी टॉवर हाउसिंग सोसायटी की तरफ से दादर पुलिस स्टेशन को पत्र लिखा गया है। इसके जरिए सोसायटी परिसर में तैनात निजी सशस्त्र सुरक्षा गार्डों को लेकर चिंता जताई है।

दरअसल, यह गार्ड रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने तैनात किए है। सोसायटी प्रबंधन के अनुसार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण द्वारा बिना सोसायटी की अनुमति के छह सशस्त्र गार्ड तैनात किए गए हैं, जो हथियारों के साथ लॉबी, जिम और बच्चों के खेल क्षेत्र जैसे साझा स्थानों में आवाजाही करते देखे गए। सोसायटी ने पुलिस से यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया है कि सुरक्षा गार्डों के पास वैध हथियार लाइसेंस है या नहीं? क्या पुलिस ने इसकी अनुमति दी है? और, वहां तैनात पुलिसकर्मी की नियुक्ति किस आधार पर की गई है?

**क्या सिक्योरिटी की वजह से पता चली धमकी की बात?**

पत्र लिखने को लेकर सोसायटी ने कहा है कि यह कदम सोसाइटी के अन्य लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। बता दें कि रणवीर और दीपिका के सोसाइटी वालों ने जब पुलिस में शिकायत करते स्पष्टीकरण मांगा कि उन्होंने बिना जानकारी के अपनी सुरक्षा बढ़ा ली है, तब तहकीकात में यह मामला सामने आया कि रणवीर सिंह को वॉइस नोट के जरिए धमकी मिली थी। एक तरफ एक्टर को धमकी मिलने पर सुरक्षा बढ़ाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर उसी सुरक्षा को लेकर सोसायटी में सवाल उठ रहे हैं।

## वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका ने पति पर लगाया चीटिंग का आरोप

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आईं इंफ्लुएंसर चंद्रिका दीक्षित अपने निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गईं। एक वायरल वीडियो में वह अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगा रही हैं। लेकिन इस वजह से वह ट्रोल भी हो रही हैं। जानिए, क्या है पूरा मामला सोशल मीडिया पर वड़ा पाव गर्ल के नाम से मशहूर हुई चंद्रिका दीक्षित आगे चलकर इंफ्लुएंसर बन गईं। साथ ही बिग बॉस ओटीटी 3 में भी नजर आईं। एक बार फिर से वह चर्चा में हैं। हाल ही में चंद्रिका का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह रोते हुए अपने पति पर चीटिंग का आरोप लगा रही हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स उनकी बातों पर यकीन नहीं कर रहे हैं। चंद्रिको सोशल मीडिया यूजर्स खरी-खोटी सुना रहे हैं। चंद्रिका दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सोमवार को एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगा रही हैं।

# सेलिना जेटली के भाई विक्रांत के डिटेंशन केस में आया नया अपडेट

**मुंबई।** सेलिना जेटली के भाई विक्रांत जेटली की हिरासत के मामले में नई जानकारी सामने आई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने विदेश मंत्रालय द्वारा कानूनी सहायता वापस लेने पर सवाल उठाया है।

बॉलीवुड अभिनेत्री सेलिना जेटली के भाई मेजर रिटायर्ड विक्रांत जेटली का मामला काफी समय से चर्चा में है। विक्रांत जेटली भारतीय सेना में स्पेशल फोर्सेस के पूर्व अधिकारी रह चुके हैं। वहीं आज हाई कोर्ट ने इस मामले पर अपनी अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी है।

मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने विदेश मंत्रालय के वकील से कहा कि वे MEA से संपर्क करें ताकि विक्रांत जेटली कोर्ट से बात कर सकें। कोर्ट ने MEA से सवाल भी किया कि उन्होंने पहले UAE की एक कानूनी फर्म को विक्रांत का केस लड़ने के लिए अधिकृत किया था, लेकिन बाद में उनकी पत्नी चारुल के कारण इसे वापस क्यों ले लिया कोर्ट ने यह भी कहा कि कानूनी मदद को पारिवारिक विवादों पर निर्भर नहीं किया जा सकता।



अब हाई कोर्ट ने MEA को निर्देश दिया है कि .श्व की एक फर्म को विक्रांत का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी जाए, ताकि उन्हें ठीक से कानूनी सहायता मिल सके। कोर्ट ने उनकी सुरक्षा और संपर्क की भी बात की।

सितंबर 2024 में दुबई में विक्रांत जेटली को अचानक हिरासत में ले लिया गया। .श्व की तरफ से इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बताया गया, लेकिन अब तक परिवार को उनके खिलाफ कोई स्पष्ट आरोप या केस की जानकारी नहीं दी गई है। वे पिछले 17-18 महीनों से हिरासत में हैं अबू धाबी के अल वथ्बा डिटेंशन सेंटर में। परिवार का कहना है कि यह हिरासत मनमानी और गैरकानूनी है और उनसे लंबे समय तक कोई संपर्क नहीं हो पाया।

**अगली सुनवाई कब?**

सेलिना के भाई विक्रांत जेटली केस के मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को तय की गई है। सेलिना जेटली ने इसे एक बड़ी उम्मीद की किरण बताया है और कहा है कि वे अपने भाई को वापस लाने की पूरी कोशिश जारी रखेंगी। सेलिना ने अपने भाई की रिहाई के लिए काफी संघर्ष किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मदद मांगी है। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें विदेश मंत्रालय से कानूनी मदद मांगी गई।

# कुछ डेड है तो वह है लोगों का भारत पर भरोसा

## राहुल के डेड इकॉनमी वाले बयान पर बरसे देवड़ा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** शिवसेना के राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने मंगलवार को संसद में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा की टिप्पणियों से मिलती-जुलती राहुल गांधी की भारत की डेड अर्थव्यवस्था वाली टिप्पणी पर कटाक्ष करते हुए कहा, भारत की अर्थव्यवस्था डेड नहीं है। अगर कुछ डेड हुआ है, तो वह भारत और उसकी अर्थव्यवस्था पर कुछ लोगों का भरोसा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति सिर्फ उनकी नफरत ही जिंदा है। केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान देवरा ने सवाल उठाया कि अगर भारत की अर्थव्यवस्था ठप है, तो यूरोपीय संघ ने चीन या अमेरिका के बजाय भारत के साथ सबसे बड़ा व्यापार समझौता क्यों किया? उन्होंने जोर देकर कहा कि आज दुनिया के सभी देश भारत के साथ अपनी शर्तों पर नहीं, बल्कि हमारी शर्तों पर व्यापार करना चाहते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोगों ने जानबूझकर हमारी इकॉनमी को डेड कहा है। अगर भारत की इकॉनमी डेड है, तो उन्होंने पूछा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी इकॉनमी कैसे है।

देवरा ने अर्थव्यवस्था की मजबूती दिखाने के लिए कई आंकड़े पेश किए। उन्होंने कहा- यूपीआई के माध्यम से भारत में हर दिन 70 करोड़ से ज्यादा डिजिटल लेनदेन हो रहे हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है।

जन धन योजना के जरिए 50 करोड़ लोग बैंकिंग सिस्टम से जुड़े। सरकार ने सीधे नागरिकों के खातों में 41 लाख करोड़ रुपये भेजे, जिससे लीकेज रुकने से 3.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई।

साल 2020 में जीएसटी राजस्व 11 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025 में दोगुना होकर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के निजी निवेश में कमी वाले बयान पर देवरा ने कहा कि 2024 में निजी निवेश 6.5 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो 2021 के आंकड़े से 66 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने कड़े कानून बनाकर कारोबार करना मुश्किल कर दिया था और विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र की अनदेखी की थी। इस सरकार ने पीएलआई (मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए) का इस्तेमाल किया, जिससे पिछले दस वर्षों में मैन्युफैक्चरिंग के बारे में सोच में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने आगे कहा कि पीएलआई पर 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिससे पीएलआई योजना से देश में 12.5 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं। भाजपा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने बजट की तारीफ करते हुए इसे विकसित भारत की ओर एक बड़ा कदम बताया। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने सरकार को घेरा। डीएमके की कनिमोझी ने इसे विफल बजट और गरीब विरोधी करार दिया। कांग्रेस के नीरज डांगी ने कहा कि बजट के दिन शेयर बाजार का गिरना यह दिखाता है कि निवेशक निराश हैं। वहीं, टीएमसी के सुखेंदु शेखर राय ने बेरोजगारी और जूट उद्योगों की समस्याओं पर सरकार की आलोचना की।

# विपक्ष की भूल- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में हुई बड़ी चूक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की कोशिश उस समय अटक गई, जब प्रस्ताव के नोटिस में तकनीकी खामियां पाई गईं। नोटिस में वर्ष 2026 की जगह बार-बार 2025 लिखा गया था, जिसे गंभीर प्रक्रियागत चूक माना गया। इसके बाद कांग्रेस को संशोधित नोटिस के साथ प्रस्ताव दोबारा जमा करना पड़ा।

प्रक्रियागत नियमों के अनुसार, ऐसे किसी भी प्रस्ताव में सभी जानकारियों का सटीक और तथ्यात्मक रूप से सही होना अनिवार्य होता है। साल की गलती सामने आने के बाद नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया, जिससे विपक्ष को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि हाल ही में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए एक प्रस्ताव को भी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया था। उस समय उनके उपनाम की वर्तनी में गलती पाई गई थी। लगातार हो रही ऐसी चूकों ने विपक्ष की रणनीति और तैयारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विपक्षी दलों का आरोप है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन पक्षपातपूर्ण तरीके से कर रहे हैं। हालांकि, संख्या बल को देखते हुए इस अविश्वास प्रस्ताव को प्रतीकात्मक कदम माना जा रहा है, क्योंकि इसके पारित होने की संभावना बेहद कम है।

तकनीकी गलती के चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को राजनीतिक रूप से शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब सरकार और विपक्ष के बीच टकराव अपने चरम पर है और विपक्ष लगातार अध्यक्ष पर सदन को एकतरफा तरीके से चलाने का आरोप लगा रहा है।

## क्विक न्यूज

### मां, भगवान मुझे बुला रहे हैं- शिव मूर्ति के सामने युवक ने चाकू से काटी हाथ और गले की नस, तड़प-तड़पकर गई जान

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी के ग्रेटर नोएडा सेक्टर डेल्टा-2 श्मशान घाट में भगवान शंकर जी की प्रतिमा के पास सोमवार एक ऑटो चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची सूरजपुर कोतवाली पुलिस का कहना है कि ऑटो चालक ने सब्जी काटने वाले चाकू से हाथ और गले की नस काटकर जान दी है। युवक की पेंट की जेब से गांजा मिला है। युवक पत्नी के अलग रहने के साथ तीन दिन पहले ऑटो छीने जाने की बात से परेशान था। परिजन ने मामले में कोई शिकायत नहीं की है।

जानकारी के अनुसार राहुल (30) साकीपुर गांव में किराये के मकान में मां के साथ रहता था। युवक का बुलंदशहर निवासी एक महिला से 2018 में विवाह हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद पत्नी अलग रह रही थी। करीब आठ साल से पत्नी पारिवारिक कारण से अलग बुलंदशहर में रह रही है। उसने युवक पर केस भी कर रखा है। युवक शराब और गांजे की लत का आदि था। शादी के बाद पत्नी के अलग रहने से वह परेशान था। तीन दिन पूर्व उसकी मां ने काम नहीं करने पर किसी दूसरे युवक को टेंपो चलाने के लिए दे दिया था। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में आ गया था। मां से कहता था कि भगवान उसे बुला रहे है।

सोमवार को घर नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पुलिस को पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि डेल्टा-2 श्मशान घाट में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। जांच के दौरान मृतक की पहचान राहुल के रूप में हुई। युवक का शव श्मशान घाट में स्थित शंकर जी की मूर्ति के पास मिला। मौके पर शव की स्थिति देखने पर मृतक के गले पर कटा हुआ निशान पाया गया। जबकि उसके हाथों पर खून लगा हुआ था।

### मेरे जीवन के 8 साल बिहार के लिए समर्पित हैं : प्रशांत किशोर

**गया।** बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। इस उपचुनाव में इंडी एलायंस और एनडीए के प्रत्याशियों के बीच टक्कर है। हालांकि, जन सुराज भी चुनावी मैदान में है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मीडिया से कहा है कि उनका फोकस सिर्फ बिहार है और अगले 8 साल तक वह सिर्फ बिहार की बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने के काम करेंगे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार आज कल यह कहते हैं कि लालू प्रसाद के राज में गया शाम छह बजे बंद हो जाता था, हमारी सरकार आने के बाद व्यवस्था में बदलाव आया है। हम नीतीश कुमार से पूछना चाहते हैं कि गया, हैदराबाद, बैंगलोर जैसा कब बनेगा। बिहार में जाति की राजनीति पर प्रशांत किशोर ने कहा, जाति की राजनीति नहीं हो रही है। सिर्फ परिवारवाद की राजनीति होती है।

# अमेरिकी टैरिफ में कटौती और रूसी तेल पर भारत का रुख, क्या है पूरी डील?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों में हाल ही में एक नाटकीय मोड़ आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर लगने वाले टैरिफ (आयात शुल्क) में कटौती की घोषणा की है, लेकिन माना जा रहा है कि इसके पीछे एक बड़ी शर्त जुड़ी है- और वह शर्त है रूस से कच्चे तेल के आयात को रोकना। यह गतिविधि ऐसे समय पर हुई है जब रूस पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध और कड़े हो रहे हैं और वहां की अर्थव्यवस्था भारी दबाव में है। इस पूरे मामले को कुछ जरूरी सवालों के जवाब के जरिए समझते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 3 फरवरी को भारत से आयात होने वाले सामानों पर टैरिफ को 25त्न से घटाकर 18त्न करने की सहमति दी है। इसके अलावा, उन्होंने शुक्रवार को रूसी तेल के निरंतर आयात को लेकर लगाए गए अतिरिक्त 25त्न टैरिफ को भी हटा दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस से कच्चे तेल का आयात रोकने पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिका की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह रूस की तेल से होने वाली कमाई को पूरी तरह से सुखाना चाहता है ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए उसकी फंडिंग रोकी जा सके। इस मुद्दे पर अभी तक एक विरोधाभासी स्थिति बनी हुई है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि पीएम मोदी रूसी तेल रोकने पर सहमत हो गए हैं, वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते की बारीकियों का एलान करने के दौरान जब केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से इस बावत सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसका जवाब देने से बचते हुए कहा कि इस पर जवाब विदेश मंत्रालय की ओर से आएगा।

# रेवंत रेड्डी बोले- भाजपा के लिए ओवैसी ही इकलौते भगवान, पार्टी राम का नाम लेती है

एजेंसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाजपा भगवान राम का नाम तो लेती है, लेकिन असल में उनके लिए सबसे बड़ा सहारा और इकलौता भगवान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी हैं।

रेवंत रेड्डी ने सोमवार को हैदराबाद में प्रेस कॉफ्रेंस कर कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए बार-बार ओवैसी को मुद्दा बनाती है। अगर भाजपा के राजनीतिक इतिहास और बयानों का विश्लेषण करें, तो उनके लिए सिर्फ एक ही भगवान असदुद्दीन ओवैसी हैं।

भाजपा हर बार असदुद्दीन ओवैसी को खलनायक के रूप में पेश करती है। जब केंद्र और कई राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो अगर ओवैसी इतने बड़े विलेन हैं, उन्हें कंट्रोल क्यों नहीं किया जा रहा।

हर चुनाव में भाजपा ओवैसी को अलादीन के चिराग की तरह सामने रखकर वोट मांगती है। ओवैसी का नाम लेकर बार-बार चुनावी समर्थन मांगा जाता है।

धार्मिक भावनाओं को भड़काकर और किसी राजनीतिक दल या उसके नेताओं को नकारात्मक रूप में पेश कर राजनीति करना सही नहीं है। ये विचारधारात्मक कमजोरी है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि लोकतंत्र में एआईएमआईएम भी एक राजनीतिक दल है। वह चुनाव लड़ती है और जहां जनसमर्थन मिलता है, वहां जीतती है।

उन्होंने कहा कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में एआईएमआईएम ने चुनाव लड़े और पश्चिम बंगाल में पांच सीटें भी जीतीं। ऐसे में उन्हें भूत-प्रेत या राक्षस बताकर वोट मांगना वैचारिक गरीबी है।

रेवंत रेड्डी ने अंत में तेलंगाना की जनता से सवाल करते हुए कहा कि सिर्फ धार्मिक नफरत भड़काकर, कुछ नेताओं को राक्षस बताकर राजनीति में जिंदा रहना वैचारिक गरीबी है। इस वैचारिक गरीबी को देखकर तेलंगाना की जनता को तय करना चाहिए कि भाजपा को वोट देना है या नहीं।

तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने कहा कि असल में रेवंत रेड्डी के लिए भाजपा ही भगवान बन चुकी है, क्योंकि वे हर राजनीतिक बयान में भाजपा का नाम लेते हैं। रेवंत रेड्डी भाजपा का नाम लेकर मुस्लिम समुदाय को डराने की कोशिश करते हैं।

# अजित पवार विमान हादसा- विधायक रोहित पवार ने साजिश की आशंका जताई

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले महीने विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत में साजिश की संभावना है। उन्होंने इस मामले की कई विशेषज्ञ एजेंसियों से पूरी जांच की मांग की।

हालांकि, एनसीपी के प्रमुख शरद पवार पहले इस हादसे में साजिश की संभावना को खारिज कर चुके हैं। उन्होंने इसे दुर्घटना बताया था। रोहित पवार ने कहा कि विमान चालक कैप्टन सुमित कपूर का रिकॉर्ड सवालों के घेरे में था।

उन्होंने बताया कि कैप्टन सुमित कपूर को पहले शराब पीने के कारण तीन साल के लिए निलंबित किया गया था। रोहित पवार ने कहा कि अपराध जांच विभाग के पास जांच की पूरी शक्ति नहीं है, इसलिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से जांच करवाई जाए। उन्होंने वीएसआर कंपनी पर भी आरोप लगाया कि इस कंपनी का विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों पर प्रभाव है और कंपनी कुछ भी कर सकती है। उन्होंने कहा कि 2023 में वीएसआर कंपनी के विमान की जांच रिपोर्ट जमा हो चुकी है, फिर भी उच्च पदस्थ नेताओं की ओर से कंपनी के विमानों का इस्तेमाल जारी है। विमान हादसे में अजित पवार, कैप्टन सुमित कपूर, सह-पायलट शांभवी पाठक, पीएसओ विदिप जाधव और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की मौत हुई थी। घटना 28 जनवरी को बारामती हवाई अड्डे के पास हुई। विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा था कि दुर्घटना की जांच समयबद्ध तरीके से की जाएगी। विमान हादसा जांच ब्यूरो और डीजीसीए ने घटनास्थल का दौरा किया और विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद किया।

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद- सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है।

वीडियो में मुख्यमंत्री एक मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है।

निजाम पाशा ने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं की याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। याचिका में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी ङ्क हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ङ्क हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे।

# परिवार के साथ पीएम मोदी से मिले सचिन तेंदुलकर, बेटे अर्जुन की शादी में आने का दिया न्योता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सचिन के साथ इस दौरान पत्नी अंजलि, बेटे अर्जुन, बेटी सारा और अर्जुन की मंगेतर सानिया भी मौजूद थीं। मालूम हो कि अर्जुन और सानिया की शादी को लेकर कई दिनों से अटकलें चल रही थीं, लेकिन अब खुद सचिन ने इस खबर पर मुहर लगा दी है।

सचिन ने परिवार के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। सचिन ने लिखा, हमें अर्जुन और सानिया के विवाह समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस युवा जोड़े को आपके आशीर्वाद और विचारशील सलाह के लिए मोदी जी को धन्यवाद।

सचिन ने इससे पहले कांग्रेस पार्टी के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात की थी। सचिन पत्नी अंजलि के साथ सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर मिले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अर्जुन और सानिया की शादी के कार्यक्रम तीन मार्च से शुरू होगी और मुख्य सेरेमनी पांच मार्च को होगी। अर्जुन की सगाई सानिया चंदोक के साथ हुई है। सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है। अर्जुन और सानिया की सगाई एक निजी कार्यक्रम में हुई जिसमें करीबी दोस्त और दोनों परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।

25 वर्षीय अर्जुन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं, जो घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व करते हैं और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं।

# गुयाना सांसद ने हिंदी भाषण से संसद में आलोचकों को दिया जवाब

एजेंसी



**जॉर्जटाउन।** गुयाना के सांसद विकास रामकिसून ने संसद में हिंदी में दिए गए एक जवाब से आलोचकों को चुप कर दिया। यह वाकया उस समय हुआ जब विपक्ष के एक सदस्य ने उनके हिंदी ज्ञान पर सवाल उठाया। गुयाना संसद में बहस के दौरान विपक्षी सदस्य ने विकास रामकिसून पर आरोप लगाया कि वे हिंदी नहीं समझते। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति लेकर हिंदी में जवाब देने का फैसला किया।

रामकिसून ने विपक्षी सदस्य को सीधे चुनौती देते हुए कहा विषय वे तय करें, मैं बिना कागज देखे जवाब दूंगा। यह वाक्य गुयाना संसद में गूंज उठा और उन्होंने खुले तौर पर कहा कि वह किसी भी विषय पर बहस करने के लिए तैयार हैं, जो उनके विरोधी ने तय किया हो, और वह बिना कागज या नोट्स के हिंदी में जवाब देंगे।

उनके इस बयान ने संसद से बाहर भी सुर्खियां बटोरीं, खासकर भारतीय मूल के समुदाय में, जो गुयाना में काफी बड़ा है। उनके इस आत्मविश्वासपूर्ण भाषण को भारत और गुयाना के बीच सांस्कृतिक और भाषाई संबंधों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि विकास रामकिसून, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, जिन्होंने वाणिज्य में स्नातक और वित्त में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उनका हिंदी ज्ञान केवल शैक्षिक नहीं है, बल्कि यह उनके सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है। वह लगातार भारत और गुयाना के बीच एक सांस्कृतिक पुल के रूप में कार्य कर रहे हैं और उनके इस कदम को भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा के महत्व को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है। रामकिसून का भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और भारत में और गुयाना में रहने वाले भारतीय मूल के समुदाय के लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। भारत में भारतीय दूतावास ने इस भाषण का वीडियो अपनी आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, जो तेजी से वायरल हुआ।

गुयाना में भारतीय मूल के लोगों की एक बड़ी संख्या है, जो औपनिवेशिक काल में गुयाना आए थे। यहां की संस्कृति में हिंदी और भारतीय परंपराओं का महत्वपूर्ण स्थान है, हालांकि अंग्रेज़ी यहां की आधिकारिक भाषा है। विकास रामकिसून का यह कदम भारतीय समुदाय के लिए गर्व का विषय बन गया है, क्योंकि वह अपनी सांस्कृतिक धरोहर को प्रमुखता दे रहे हैं।

# रूस का अमेरिका पर आरोप

## तेल की खरीद रोकने के लिए भारत पर बनाया दबाव

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत और दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए दबाव बना रहा है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका आर्थिक दबदबे के लिए प्रतिबंधों का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

रूस ने अमेरिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रूस का कहना है कि अमेरिका भारत और दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने की कोशिश कर रहा है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वॉशिंगटन दुनिया में अपना आर्थिक दबदबा बनाए रखने के लिए टैरिफ, बैन और सीधे रोक जैसे दबाव वाले तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है।

लावरोव ने एक टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका भारत जैसे बड़े रणनीतिक साझेदारों के साथ रूस के व्यापार और सैन्य रिश्तों को कंट्रोल करना चाहता है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के आने के बाद विरोधियों को दबाने की यह लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम अपनी पहले की दबदबे वाली स्थिति छोड़ने को तैयार नहीं है। अमेरिका निष्पक्ष मुकाबले के बजाय गलत तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है।

लावरोव ने दावा किया कि अलास्का में हुई बातचीत के दौरान रूस ने यूक्रेन पर अमेरिका का प्रस्ताव मान लिया था। उम्मीद थी कि समस्या सुलझ जाएगी, लेकिन अमेरिका ने सहयोग करने के बजाय नए प्रतिबंध लगा दिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूरोप और अन्य देशों के ऊर्जा रास्तों पर कब्जा करना चाहता है ताकि वे महंगी अमेरिकी गैस खरीदने को मजबूर हों।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत के साथ एक व्यापार समझौते का ऐलान किया। ट्रंप ने दावा किया कि भारत अब रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने पर सहमत हो गया है। इसके बदले में ट्रंप ने भारत पर लगा 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ हटा दिया। हालांकि, अमेरिका ने चेतावनी दी है कि वह निगरानी रखेगा और अगर भारत ने फिर से रूस से तेल खरीदा, तो यह टैक्स दोबारा लगा दिया जाएगा। इस मुद्दे पर भारत ने अपनी स्थिति साफ कर दी है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत कच्चे तेल की खरीद के लिए किसी एक देश पर निर्भर नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत सप्लाई चेन को स्थिर रखने के लिए कई स्त्रोतों से तेल खरीदेगा और इसमें राष्ट्रीय हित ही सबसे ऊपर रहेगा।

अंत में लावरोव ने कहा कि रूस ब्रिक्स की अध्यक्षता में भारत के एजेंडे का पूरा समर्थन करेगा। भारत ने एक जनवरी 2026 को आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स की कमान संभाली है। रूस का मानना है कि अमेरिका खुद सहयोग के रास्तों में बनावटी रुकावटें खड़ी कर रहा है।

# एआई का जिम्मेदार उपयोग जरूरी: सेफर इंटरनेट डे पर विशेषज्ञों का संदेश

- विश्वविद्यालय के साइबर क्लब द्वारा हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के संकाय भवन में साइबर क्लब के तत्वावधान में सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम स्मार्ट टेक, सुरक्षित निर्णय – एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग रही। कार्यक्रम में आधुनिक डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन जोखिमों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रयोग पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में वैलनेस सेंटर के समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि बौद्धिक क्षमताओं के विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का असंतुलित उपयोग खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर इंटरनेट ने जीवन के अनेक आयामों को सहज और सुविधाजनक बनाया है, वहीं एआई ने कई नई चुनौतियों और समस्याओं को भी जन्म दिया है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि एआई का प्रयोग जीवन में बेहतरी के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज नई और पुरानी दोनों पीढ़ियाँ एआई से प्रभावित हो रही हैं, ऐसे में सजगता और जिम्मेदार व्यवहार अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंजीनियरिंग संस्थान के डॉ. द्विवेंदु मिश्र ने सेफर इंटरनेट डे की थीम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इंटरनेट पर लगभग 90 प्रतिशत सुरक्षा हमारी गुड प्रैक्टिसेज़ पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो हम बहुत-सा डेटा साइबर स्पेस में छोड़ते हैं, ऐसे में सुरक्षा के उपायों से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आम व्यक्ति का डिजिटल व्यवहार निरंतर साइबर स्पेस में विश्लेषित किया जा रहा है और उसी आधार पर उसे लक्षित किया जाता है। डॉ. मिश्र ने जोर देते हुए कहा कि एआई और इंटरनेट का उपयोग रचनात्मक, शैक्षणिक और सकारात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए, ताकि तकनीक मानव जीवन को बेहतर बना सके। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एआई सुरक्षा एवं डीपफेक जागरूकता, वॉइस क्लोनिंग एवं फिशिंग स्कैम, पासवर्ड व मोबाइल सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव तथा जिम्मेदार एआई प्रथाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का विषय-प्रवर्तन एवं संचालन साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। वहीं अतिथियों का स्वागत डॉ. सत्यम उपाध्याय एवं धन्यवाद सह-नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# यूजीसी बिल से बढ़ेगा जातिगत भेदभाव: अशोक

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने एक होटल में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि देश के संविधान में सामाजिक समरसता और जाति विहिन समाज की स्थापना के लिए पर्याप्त प्रावधान मौजूद है। ऐसे में विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार के भेदभावपूर्ण नियम बनाना निरर्थक जाति वर्ग या वर्ण के नाम पर नए नियम सामाजिक संतुलन को प्रभावित करते हैं। सरकार को इस विधेयक पर पूर्ण विचार करना चाहिए वहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय विद्यालय अनुदान आयोग से जुड़े विधयेक पर अस्थायी रोक लगाए जाने का कई सामाजिक संगठन बुद्धिजीवियों ने स्वागत किया। दूसरी ओर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि शिक्षा विशेषज्ञ और शिक्षा जगत के बड़े वर्ग का कहना है। कि यूजीसी संबंधित यह नया विधेयक समाज के किसी भी वर्ग समुदाय के विरुद्ध नहीं है। जबकि यह पूरी तरह से स्पष्ट की ऐसे विधेयक लगाने से समाज में आपसी भाईचारे की नीव कमजोर होती है। एक वर्ग दूसरे वर्ग से नफरत करने लगता है क्या यह समाज के हित में होगा इस पर विचार करना बहुत जरूरी है। स्वर्ण और अन्य समुदायों के बीच बहुत बड़ी खाई बन सकती है कि इस बिल को निरस्त किया जाना चाहिए वरना समझ में संदेश जाएगा की स्वर्ण विद्यार्थी बिल्कुल असमाजिक तत्व की तरह है। उनको सबको बचाकर रखना है इससे देश की ऐसी सोच बन जाएगी कि जो समाज को बाहर देंगे हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि समाज में मंडल कमीशन के जरिए इस तरह का प्रयास किया गया था। उसका नतीजा प्रदेश में भोगा था। सबसे ज्यादा आश्चर्य इस बात की सरकार ऐसे समय पर लाई जबकि देश विकास की दिशा तय कर है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रधान की मौत

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर शाहगंज मार्ग पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास सोमवार की रात 11 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार प्रधान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। जबकि घटना को लेकर तरह-तरह के कयाश लगाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार खम्भौरा गांव के 52 वर्षीय प्रधान डा. रामजन्म यादव बाइक से शहर से घर वापस जा रहे थे, जैसे ही वह जौनपुर शाहगंज मार्ग के पूर्वांचल विश्वविद्यालय चौकी के पास पहुंचे थे, इस दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट मे आ गये उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया और कुचलते हुए वह फरार हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मी वह अन्य लोग मौके पर पहुंचे। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी, लेकिन आनन-फानन में उन्हें लोग जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर आरोपी वाहन फरार हो गई थी, पुलिस वाहन की तलाश में जुट गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आशंका व्यक्त की कहीं साजिशन घटना को अंजाम दिया गया है। प्रधान रामजन्म यादव काफी मिलनसार थे और वह लोगों की हमेशा मदद करते रहते थे और वह प्राइवेट प्रैक्टिस भी करके लोगों का इलाज भी करते थे। उनकी सेवा भाव के चलते वह कई बार प्रधान रह चुके थे।

# पशु तस्कर से मुठभेड़, एक लगी गोली दूसरा फरार

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल विश्वविद्यालय देवकली नहर के पास पुलिस से और को तस्कर की मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक अंतर्जनपदीय गो तस्कर के पैर में गोली लगी। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा फरार है, पकड़े गए गो तस्कर के कब्जे से एक तमंचा कारतूस व पिकअप बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार सरायख्वाजा पुलिस ने विश्वविद्यालय के पास संदिग्ध वाहनो व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान सफेद पिकअप सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उनको रोकने का प्रयास किया। पिकअप पर सवार बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस ने मामले की सूचना कंट्रोल रूम को दी, पुलिस से घिर जाने पर पिकअप सवार बदमाश देवकली नहर पुलिया पर अनियंत्रित होकर पिकअप पुलिया से टकरा गया। आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया। जिसमें एक गोली बदमाश के पैर में लगी, घायल बदमाश आजमगढ़ थाना अहिरौला, माहुल का निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र मेंराज बताया गया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर फरार अभियुक्त सुल्तानपुर अखंड नगर के रामनगर का निवासी मोनू बलवंत बघेल पुत्र अशोक कुमार बताया गया है। पकड़े गए आरोपों के पास से एक तमंचा, एक कारतूस एक खोखा व एक पिकअप पुलिस ने बरामद कर किया।

# टाइनी टॉट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शहर के मध्य स्थित टाइनी टॉट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव रेडियंस 2026 हरी औध कला भवन में मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व गणेश वंदना से हुई। जिसे लोगों ने बहुत सराहा छोटे बच्चों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें वेलकम सोंग दादाजी की छड़ी हूं मैं, शहीद भगत सिंह के बारे में एक छोटे बच्चों ने विवान सिंह ने बहुत अच्छी बातें बताई और एक प्रोग्राम था जिसमें आजकल के किसानों की समस्याओं को उजागर किया गया था, साथ में कई हंसी खुशी के कॉमेडी प्रस्तुतियां भी हुई। जिसमें विद्या को बढ़ावा देने के लिए थीम पर बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया था। महाभारत का नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने बहुत सराहा हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता के प्रतीक के रूप में कई प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। साथ ही इस सदी के दूसरे महान कलाकार धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के कुछ अन्य मुख्य कार्यक्रम रहे फैशन शो, बैसाखी और अहमदाबाद प्लेन क्रैश थीम पर बना कार्यक्रम को सबने खूब सराहा। अंत में प्रधानाचार्य ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि बिना गार्जियन के सहयोग के कुछ भी संभव नहीं था, टीचरों व बच्चों ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बड़ी मेहनत की है कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नितिन गौर, राजीव सिंह गप्पू, राजेश्वर सिंह समस्त टीचर उपस्थित रहे, जिनकी मेहनत को अंत में प्रिंसिपल ने सराहा व धन्यवाद दिया।

## रिटायर दरोगा की पुत्रवधू फांसी के फंदे पर लटकी मिली

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र में एक रिटायर दरोगा की बहू सोमवार को फंदे पर लटकी मिली। स्कूल से आकर छह साल की बेटी पुकारती रही लेकिन दरवाजा नहीं खुला। परिवारवालों ने दरवाजे के सुराख से भीतर झांका तो बहू को फंदे पर लटका देख स्तब्ध रह गए। उसने ऐसा क्यों किया, फिलहाल यह सामने नहीं आ सका है। मायकेवाले रायपुर से आने के लिए चल दिए हैं। पोस्टमार्टम मंगलवार को कराया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 साल की विभा पांडेय मूल रूप से मेजा की रहने वाली थी। उसकी शादी नौ साल पहले शिवकुटी के भुलई का पुरा में रहने वाले रोहित पांडेय से हुई थी। रोहित के पिता सुरेश पांडेय पुलिस विभाग में दरोगा के पद से रिटायर हैं। घर में रोहित का छोटा भाई, उसकी पत्नी, मां भी हैं। पुलिस के मुताबिक, रोहित ने बताया कि उन्हें किडनी की बीमारी है और वह मंगलवार को सुबह ही दवा लेने चले गए। मां व भाई की पत्नी अपने काम में व्यस्त थीं। दोपहर में एक बजे के करीब पिता बेटी को स्कूल से लेकर घर आए और उसे छोडकर चले गए। बेटी कमरे में जाने लगी तो दरवाजा भीतर से बंद मिला।

# क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक में लगभग पाँच करोड़ के विकास प्रस्तावों पर मुहर

- विकास खण्ड शाहगंज के सोंधी सभागार में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**खेतासराय (जौनपुर)** विकास खण्ड शाहगंज स्थित सोंधी सभागार में क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक सकुशल सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के समग्र विकास, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) पीयूष त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में स्वीकृत 124 विकास कार्यों में से 87 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन देते हुए उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। साथ ही जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पेयजल, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। क्षेत्र पंचायत की इस अंतिम बैठक में लगभग पाँच करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह विद्यार्थी, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, डॉ. सूरत बिंद सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह ने कहा कि उनका कार्यकाल लगभग पूरा होने को है और यह पाँच वर्ष कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत एक परिवार की तरह रही है और सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही विकास कार्य संभव हो सके। उन्होंने सभी के सहयोग और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक यादव डब्लू,रहमान मंन्नू ,प्रधान सेराज, प्रधान प्रतिनिधि बाबर सिद्दीकी,प्रधान महेंद्र, हरिश्याम प्रजापति, नीरज सिंह डब्लू, बाबा सिंह, प्रधान संदीप, मंडल अध्यक्ष उपेंद्रनाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कमलाकांत मौर्य ने किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता प्रहरियों का किया सम्मान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को माघ मेला क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था में अपना अमूल्य योगदान देने वाले स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान किया। कार्यकर्ताओं ने संगम नोज पर स्वच्छता प्रहरियों को अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सह संयोजक अंगद सिंह पटेल ने कहा कि सामाजिक संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश करते हुए सफाई मित्रों के श्रम, समर्पण और योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना हम सबका कर्तव्य है। सफाई मित्र हमारे समाज की रीढ़ हैं जो दिन-रात मेहनत कर स्वच्छता अभियान को साकार करते हैं। आज का यह छोटा-सा प्रयास उनके प्रति कृतज्ञता और सहयोग का प्रतीक है। इस दौरान जयकरन पासी, अंकित, मंजेश श्रीवास्तव, पवन, विवेक, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आर्यन ने चौधरी नौनिहाल क्लब को दिलाई जीत



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** आर्यन बनर्जी के हरफनमौला खेल (60 रन नाबाद, 45 गेंद, चार चौके, तीन छक्के एवं दो विकेट) के दम पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने श्री सहायक क्लब को 24 रन से हराकर डॉ. डीएन तिवारी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन (आर्यन बनर्जी 60 नाबाद, फरजान अली 31, कामरान अली 19, आदित्य पाठक 17, श्लोक चतुर्वेदी 2/27, दिव्यांश यादव 2/38, अभिजीत सिंह 2/45) बनाए। जवाब में श्री सहायक क्लब की टीम 30 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन (जयेशदेश केसरवानी 78, ऋषभ 35, शिवांश पांडेय 19, आर्यन बनर्जी 2/32, मोहम्मद अली 2/33, आदित्य पाठक 2/36) ही बना सकी। आर्यन बनर्जी को मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज के कीड़ाध्यक्ष एवं स्कूली हॉकी व क्रिकेट टीम के चयनकर्ता अकील अब्बास रिजवी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## लूकरगंज क्लब ने जीता खिताब



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता** लूकरगंज क्लब ने ट्रिपल आईटी क्लब को 10 रन से हराकर रिपब्लिक डे सेलिब्रेशन कप क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। लूकरगंज क्लब ने मंगलवार को अपने मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में 26 ओवर में 143 रन (संदीप चौधरी 25, सचिन 23, गुलशन वर्मा 19, निर्भय सिंह 4/26, पार्थ, देव सिंह, विवेक कुमार व कृष्ण यादव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में ट्रिपल आईटी क्लब की टीम 30 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन (निर्भय सिंह 61, अमन यादव 31, संदीप चौधरी 3/21, अमन मिश्रा 2/20, अनूप सिंह व वर्तुल शुक्ला एक-एक विकेट) ही बना सकी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता इमरान अहमद ने दोनों टीमों को पुरस्कार वितरित किये। संदीप चौधरी को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर और निर्भय सिंह को बेस्ट बैटर एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

# ईमानदारी, धैर्य व परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है : विनय पाण्डेय

**अवधनामा संवादाता**



**आजमगढ़।** सेंट जेवियर्स स्कूल सम्मोपर आजमगढ़ के प्रांगण में 12वीं कक्षा के सफल समापन के शुभ अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय से विदा ले रहे विद्यार्थियों के प्रति स्नेह,सम्मान एवं शुभकामनाएं व्यक्त करना तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष आवासीय प्रबंध निदेशक प्रद्युम्न जायसवाल, अनिरूद्ध जायसवाल, प्राचार्य विनय पाण्डेय, उप प्राचार्य संजय पाण्डेय एवं समंन्वयिका शालिनी त्रिपाठी आदि के दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों ने इस अनमोल समय को सांझा किया। सभी को शुभकामनाएं देते हुए इस दिन को यादगार बनाया गया। यह सफलता और मित्रता का सफर अद्भुत रहा। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य होते हैं। सफलता के मार्ग में कठिनाइयाँ अवश्य आएँगी, परन्तु ईमानदारी, धैर्य और परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अपने माता-पिता, गुरुजनों और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को सदैव याद रखें और एक अच्छे इंसान बनें। सीनियर्स छात्रों ने जूनियर से अपनी खट्टी मीठी यादें भी साझा की। विदाई समारोह में कई जूनियर और सीनियर एक दूसरे से गले मिलकर भावुक भी हुए और आगे भी मिलते रहने का वादा किया। कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियों को यादगार स्वरूप मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम को रोचक एवं यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों को अनेक प्रकार के गिफ्ट एवं उपाधियों से सम्मानित भी किया गया।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत हत्या का लगा आरोप

**अवधनामा संवाददाता**


**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के चक अब्दुल उर्फ पूरे भुलई गांव में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 25 वर्षीय नीलू पाल के रूप में हुई है। वह जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के गोधना किशुनदासपुर गांव की रहने वाली थीं। परिजनों के अनुसार, सोमवार शाम करीब 7 बजे नीलू के देवर ने फोन कर सूचना दी कि नीलू ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर मायके वाले नीलू के ससुराल पहुंचे। उनका आरोप है कि मौके पर ससुराल के अधिकांश लोग घर से फरार थे और केवल मृतका की सास ही मौजूद थी। परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलू की शादी वर्ष 2022 में चक अब्दुल उर्फ पूरे भुलई गांव निवासी रमेश पाल से हुई थी, जो रेलवे में कर्मचारी हैं। उनका एक दो वर्षीय बेटा भी है। नीलू के पिता भी रेलवे विभाग में कार्यरत हैं। परिजनों ने बताया कि नीलू पांच दिन पहले ही मायके से ससुराल आई थीं। फूलपुर थाना प्रभारी प्रवीण गौतम ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एडीजी पीएसी ने किया चतुर्थ वाहिनी पीएसी का निरीक्षण

**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी रामकृष्ण स्वर्णकार (आईपीएस) द्वारा चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज पुलिस मॉडर्न स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र (आईपीएस) की उपस्थिति में प्रधानाचार्या श्रीमती मंगला मिश्र द्वारा महोदय को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया, तत्पश्चात एडीजी द्वारा विद्यालय शैक्षणिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया, जिसमें विद्यालय का अनुशासन, पठन-पाठन की गुणवत्ता, कक्षा-कक्षों की स्थिति, कंप्यूटर लैब, नर्सरी कक्षाओं के कक्षा-कक्ष सम्मिलित रहीं। एडीजी पीएसी ने उपलब्ध सुविधाओं एवं शैक्षणिक वातावरण की सराहना की तथा उन्हें निरंतर बनाए रखने एवं और अधिक प्रभावी किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# साइबर अपराधों से बचाव पर डीएम ने किया जागरूक

- सेफर इंटरनेट डे पर आयोजित हुई कार्यशाला
- ओटीपी और स्क्रीन शेयर न करें : जिलाधिकारी
- डिजिटल अरेस्ट जैसे नए अपराधों पर चेतावनी



**अवधनामा संवादाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने भारत सरकार के इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सेफर इंटरनेट-डे पर आधारित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, पारंपरिक अपराधों की तुलना में इंटरनेट के माध्यम से किए जा रहे अपराधों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो कहीं अधिक गंभीर और जटिल होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति से मोबाइल स्क्रीन शेयर करना, ओ.टी.पी. साझा करना या व्यक्तिगत जानकारी देना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो सकता है, जैसे ही कोई अज्ञात व्यक्ति इस प्रकार की मांग करे, तुरंत सतर्क हो जाएं और समझ लें कि यह धोखाधड़ी का प्रयास हो सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल ऑनलाइन अरेस्ट या डिजिटल अरेस्ट जैसे नए प्रकार के अपराध सामने आ रहे हैं जिनमें अपराधी स्वयं को पुलिस या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को डराते-धमकाते हैं और उनसे धन की मांग करते हैं, चिंताजनक तथ्य यह है कि इन साइबर अपराधों के शिकार केवल कम पढ़े-लिखे लोग ही नहीं बल्कि उच्च शिक्षित, पेशेवर, चिकित्सक और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण का एकमात्र प्रभावी उपाय जागरूकता है, जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति सतर्क और जागरूक नहीं होगा, तब तक इन अपराधों की रोकथाम संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि जो भी जानकारी उन्हें इस बैठक में प्राप्त हुई है, उसे केवल अपने तक सीमित न रखें बल्कि अपने परिवार, सहकर्मियों एवं अन्य परिचितों तक भी पहुँचाएँ। सिंह ने कहा कि फोन कॉल्स, व्हाट्सएप कॉल्स, वॉयस कॉल्स पर तत्काल विश्वास न करें बल्कि अपने विवेक का प्रयोग करें, किसी के धमकी देने, प्रलोभन देने पर डरे नहीं, कोई भी सरकारी एजेंसी, बैंक आपको किसी प्रकार की गोपनीय जानकारी, लेन-देन के बारे में आपको फोन नहीं करेंगे, इस प्रकार के फोन सिर्फ डिजिटल अरेस्ट के लिए आते हैं, फोन कॉल्स आने पर आप घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपको धमकी भरा कॉल करें या आपको डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश करें तो आप साइबर क्राइम की ई-मेल आई.डी. अथवा 1930 पर शिकायत दर्ज करायें, कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या पैसों से सम्बन्धित मांग को पूरा न करें, अपने मोबाइल पर ऐप्स की नियमित जांच करें, अनावश्यक अनुमतियां रद्द करें और अनुपयोगी एप्स को हटा दें, सतर्क रहें कभी भी भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन या ओटीपी, पिन साझा न करें ये स्कैम के तरीके हो सकते हैं, कोई सरकारी एजेंसी (पुलिस, सीबीआई, ईडी) वीडियो या वॉयस कॉल्स के माध्यम से आपकी जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मयंक शर्मा ने सेफर इंटरनेट-डे पर सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, डिजिटल अरेस्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट के खतरों जैसे साइबर बुलिंग, धोखाधड़ी और पहचान, मजबूत पासवर्ड, 02 स्तरीय सत्यापन और सुरक्षित ब्राउज़िंग की आवश्यकता, साइबर सुरक्षा बनाए रखने के लिए सॉफ़्टवेयर अपडेट करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, एंटीवायरस का उपयोग करने जैसे उपाय बताए। उन्होने डिजिटल फुटप्रिंट और इंटरनेट पर की गई गतिविधियों के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ऑनलाइन खतरों की पहचान के लिए व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए।

## माघ मेला में पत्रकार परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** प्रयागराज प्रेस क्लब की ओर से माघ मेला के सेक्टर तीन जवाहरलाल नेहरू रोड स्थित शिविर में पत्रकार परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकार और उनके परिजनों के साथ ही मेला प्रशासन, पुलिस प्रशासन , संत, कवि और समाजसेवियों का जमावड़ा हुआ। सभी लोगों ने प्रयागराज प्रेस क्लब की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए क्लब के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। अतिथियों ने कहा कि प्रयागराज प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने सराहनीय पहल की है। इससे आपसी एकजुटता और सौहार्द में वृद्धि होगी। सबके सहयोग, सामंजस्य और वरिष्ठों के मार्गदर्शन से प्रयागराज प्रेस क्लब नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर एसीपी मनोज कुमार सिंह,सेक्टर मजिस्ट्रेट इन्दु भूषण शर्मा, प्रयागराज मेला प्राधिकरण के कर्मचारीगण मनोज, प्रवीण, रमेश, प्रमोद, राजेश, साध्वी डॉक्टर राधाचार्या, कवियत्री पूर्णिमा, अभिषेक, सुनील बच्चन,गगन जैन, अनुराग यादव संटू, राम किशन पटेल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं छायाकार मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल के नेशनल प्लेयर की हॉस्टल में मिली लाश

- स्पोर्ट्स एकेडमी में ले रहा था ट्रेनिंग

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में वॉलीबॉल के नेशनल लेवल के प्लेयर का शव हॉस्टल में मिला। वह अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्योहाल) में ट्रेनिंग ले रहा था। मंगलवार सुबह 6 बजे जूनियर खिलाड़ी उसे बुलाने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा नहीं खुला। भीतर झांक कर देखा तो प्रत्युष बेहोशी की हालत में पड़ा था। सूचना पर कोच वीर सिंह और साथी प्रत्युष को लेकर बेली अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्युष के फूफा डॉक्टर संतोष ने बताया-सूचना मिली थी कि हॉस्टल का दरवाजा अंदर से नहीं बंद था। वहीं, कोच ने भी कहा कि हॉस्टल में बच्चे दरवाजा बंद नहीं रखते।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्युष राय मूल रूप से गाजीपुर जिले के सौरी गांव का रहने वाला था। वह करीब 4 साल से म्योहाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रहकर वॉलीबॉल की ट्रेनिंग ले रहा था। वह दो बार यूपी की टीम से नेशनल खेल चुका है। हॉस्टल में उसके साथ कमरे में रहने वाला रूम पार्टनर ऋषभ है, जो पिछले कुछ दिनों से अपने गांव गया हुआ था। प्रत्युष के पिता अवनी कुमार राय किसान, जबकि मां रीना राय गृहिणी हैं। सुबह करीब साढ़े 6 बजे परिवार वालों को बेटे की मौत की सूचना मिली। जिसके बाद सभी प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। वाराणसी से प्रत्युष के फूफा डॉ. संतोष भी सीधे पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। बेटे का शव देखकर मां बेसुध हो गई। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार जब हम हॉस्टल पहुंचे तो वहां किसी ने बताया प्रत्युष का शव जमीन पर पड़ा था। किसी ने बेड पर डेडबॉडी मिलने की बात कही। जबकि कोई कह रहा था कि प्रत्युष की डेडबॉडी दरवाजे के पास थी। अभी हम लोग कुछ नहीं कहना चाहते हैं। हम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे।

ज्ञात हो कि प्रत्युष का जूनियर एशिया कप के लिए चयन हो चुका था। जून जुलाई में यह प्रतियोगिता होनी थी। वह राजस्थान में जूनियर नेशनल खेल कर आया था। दिसंबर में गोरखपुर में राज्य स्तरीय महंत अवैद्यनाथ प्राइज मनी प्रतियोगिता में प्रत्युष की टीम विनर रही थी। वह टीम का बेस्ट प्लेयर भी चुना गया था।

कर्नलगंज थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले को हर एंगल से जांचा जा रहा है।

# टाटा एआईए ने लॉन्च किए एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स फंड्स

**मुंबई।** भारत की अर्थव्यवस्था जिस तेज़ी से बढ़ रही है, उसे देखते हुए निवेशक अब सही प्लानिंग के साथ लंबे समय के लिए पैसा जोड़ना चाहते हैं। आज के समय में शेयर बाजार में आम लोगों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड स्तर पर है। लोग अब पुराने तरीकों के बजाय बाजार से जुड़े विकल्पों में पैसा लगाना ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। ऐसे में, भविष्य को सुरक्षित बनाने और अच्छी संपत्ति बनाने के लिए इंडेक्स फंड में निवेश सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा तरीका बन गया है। बाजार के बदलते रुझान को देखते हुए, भारत की भरोसेमंद बीमा कंपनी टाटा एआईए ने वैल्यू इन्वेस्टिंग पर आधारित दो नए फंड पेश किए हैं। यह रणनीति उन कंपनियों को चुनने पर टिकी है, जिनमें भविष्य में बड़ी बढ़त हासिल करने की पूरी क्षमता है। ये फंड लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप की ऐसी 50 चुनिंदा कंपनियों में पैसा लगाते हैं जो आने वाले समय में मार्केट लीडर बन सकती हैं। इसके ज़रिए निवेशकों को न केवल बेहतर कमाई का मौका मिलता है, बल्कि जीवन बीमा की सुरक्षा भी मिलती है।

**टाटा एआईए लाइफ एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स फंड**

यह फंड एक पारदर्शी तरीके से चुनी गई 50 बेहतरीन कंपनियों में निवेश करने का मौका देता है। यह फंड उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है जो बच्चों की पढ़ाई, घर बनाने या भविष्य की वित्तीय सुरक्षा जैसे लक्ष्य पूरे करना चाहते हैं। इस फंड की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें पैसे बढ़ने के साथ-साथ आपको टाटा एआईए की ओर से जीवन बीमा की सुरक्षा भी मिलती है।

**टाटा एआईए लाइफ एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स पेंशन फंड**

यह खास फंड टाटा एआईए के पेंशन प्लान के साथ उपलब्ध है, जो रिटायरमेंट के बाद एक चिंतामुक्त जीवन जीने में मदद करता है। इसमें आपको शेयर बाजार की बढ़त का फायदा तो मिलता ही है, साथ ही लाइफ इंश्योरेंस की सुरक्षा भी मिलती है। इसके ज़रिए आप धीरे-धीरे रिटायरमेंट के लिए बड़ा फंड जमा कर सकते हैं और साथ ही अपने परिवार के भविष्य को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

इन नए फंड्स में निवेश करने का मौका 9 से 16 फरवरी 2026 तक है। जो लोग इस दौरान निवेश करेंगे, उन्हें 16 फरवरी 2026 को मात्र 10 की शुरूआती कीमत पर यूनिट्स दी जाएंगी।

## टीसीआई ने वित्तीय परिणामों में मजबूत वृद्धि की घोषणा की

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत की अग्रणी एकीकृत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी, ने आज 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए टीसीआई ने 12,609 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 11,539मिलियन की तुलना में 9.3प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। ईबीआईटीडीए: कंपनी का ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं परिशोधन से पूर्व लाभ 1,616 मिलियन रहा, जो चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के 1,478 मिलियन की तुलना में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि है। कर पश्चात लाभ: पीएटी में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि होकर यह 1,158 मिलियन रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 1,021 मिलियन था। कंपनी के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा तीसरी तिमाही में लॉजिस्टिक्स बिज़नेस की सीज़नल नेचर देखने को मिली, जिसे त्योहारों की वजह से बढ़ी मांग का सपोर्ट मिला। इससे ऑटोमोटिव, एफएमसीजी और एमएसएमई से जुड़े इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस में अच्छी ग्रोथ देखी गई। जीएसटी 2.0 के शुरुआती फेज़ में कुछ समय के लिए रुकावट आई, लेकिन बाद में क्लैरिटी आने से परिवर्तन तेज़ हुए, खासकर फिनिश्ड गुड्स और इन्वेंट्री री-बैलेंसिंग में। ऑटोमोटिव के साथ-साथ कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मा और ई-कॉमर्स इस तिमाही में प्रमुख विकास कारक रहे। रिकॉर्ड रोड और रेल वॉल्यूम और बेहतर वेयरहाउस यूज़ से प्रदर्शन को सपोर्ट मिला। इस तरह के उतार-चढ़ाव के बावजूद, टीसीआई का डाइवर्सिफाइड बिज़नेस मॉडल, मजबूत ब्रांच नेटवर्क और बेहतर एक्ज़ीक्यूशन हमें डिमांड में बदलाव के हिसाब से तेज़ी से रिस्पॉन्ड करने में मदद करता है, साथ ही मार्जिन डिसिप्लिन भी बनी रहती है।

# डॉ. (प्रो.) सुंदीप मिश्रा और डॉ. पंकज गोयल ने उजाला सिग्नस ब्राइटस्टार अस्पताल में मुरादाबाद की पहली भारत-निर्मित आईवीएल एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की

**मुरादाबाद।** हृदय चिकित्सा के नवीनतम उन्नत उपचारों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, उजाला सिग्नस ब्राइटस्टार अस्पतालने मुरादाबाद क्षेत्र में पहली बार मेड इन इंडिया इंट्रावस्कुलर लिथोट्रिप्सी एंजियो प्लास्टी सफलता पूर्वक संपन्न की। यह उन रोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिन्हें सामान्यतःभारी कैल्सिफाइड कोरोनरी ब्लॉकेजके कारणओपन-हार्ट बायपास सर्जरीकी सलाह दी जाती है। यह ऐतिहासिक प्रक्रिया एक वृद्ध पुरुष रोगी पर की गई, जो बायपास सर्जरी के लिये तैयार नही थे। विश्व-प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्टडॉ. (प्रो.) सुंदीप मिश्रा और डॉ. पंकज गोयलके मार्गदर्शन में, टीम ने IVL तकनीकका उपयोग कर रोगी की जटिल और भारी कैल्सिफाइड कोरोनरी बाधाओं का सफलतापूर्वक उपचार किया और तीनड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट्सस्थापित कर रक्त प्रवाह को पुनर्स्थापित किया। IVL एंजियो प्लास्टी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इस प्रक्रिया मेंसोनिक प्रेशर वेव्सका उपयोग करके कोरोनरी धमनियों में जमा सख्त कैल्शियम को सावधानीपूर्वक तोड़ा जाता है। जमा कैल्शियम को हटाने के बाद, स्टेंट्सको अधिक आसानी और सटीकता के साथ प्रतिरोपित किया जा सकता है, जिससे उन रोगियों पर भी एंजियोप्लास्टी संभव हो जाती है, जो पहले इस प्रक्रिया के लिए अनुपयुक्त माने जाते थे। इस मामले में, डॉक्टरों की टीम मेसन सी आईवीएल का उपयोग किया, जोमेरिलद्वारा भारत में डिज़ाइन और निर्मित पहली आईवीएलडिवाइस है। देश में विकसित इस प्रणाली का उपयोग करके, चिकित्सा टीम नेविश्व-स्तरीय नैदानिक परिणामप्राप्त किए और साथ ही प्रक्रिया कीकुल लागत में भी कमीसुनिश्चित की। कैल्सिफाइड कोरोनरी आर्टरीकी स्थिति एक गंभीर चुनौती पेश करती है, जिससे अक्सर उपचार विकल्प सीमित हो जाते हैं और कई रोगियों के लिएइनवेसिव बायपास सर्जरीही एकमात्र व्यवहार्य विकल्प बन जाती है।आईवीएलइस स्थिति को बदल देता है, क्योंकि यह कार्डियोलॉजिस्ट को सबसे कैल्सिफाइड धमनियों का भीकम इनवेसिव तरीके से उपचारकरने की क्षमता प्रदान करता है। इसका परिणाम रोगी के लिएअल्पकालिक अस्पताल में भर्तीऔरकम शारीरिक तनावके रूप में सामने आता है। इस प्रक्रिया के नैदानिक महत्व पर बोलते हुए, डॉ. (प्रो.) सुंदीप मिश्राने कहा, कई रोगियों को केवल इसलिए बायपास सर्जरी के लिए भेजा जाता है क्योंकि उनकी धमनियों में कैल्शियम का स्तर बहुत अधिक होता है, जिससे एंजियोप्लास्टी उच्च-जोखिमपूर्ण प्रक्रिया बन जाती है।आईवीएलहमें उस कैल्शियम को सुरक्षित रूप से तोड़ने और रोगियों कोकम आक्रामक, जीवन बदलने वाला विकल्पप्रदान करने की क्षमता देता है। चिकित्सा क्षेत्र में देशीय नवाचार के महत्व को उजागर करते हुए, डॉ. पंकज गोयलने कहा, भारत की अपनीआईवीएलप्रणालीका उपयोग करके, हम विदेशी तकनीकों की तुलना मेंकिफायती दर पर विश्व-स्तरीय उपचारप्रदान करने में सक्षम हैं। यह इस क्षेत्र के रोगियों और उनके परिवारों के लिए एकबेहतरीन बदलाव से भरा विकल्पहै।



# ओप्पो ने भारत में के14एक्स 5जी लॉन्च किया

## पॉवर, परफॉर्मेंस और स्मूथनेस पाएं केवल 13,499 रुपये के शुरुआती मूल्य में



**नई दिल्ली।** आज ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो के14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ अपनी के-सीरीज़ की मजबूत विरासत को आगे बढ़ाया। यह स्मार्टफोन पॉवर, परफॉर्मेंस और स्मूथनेस के लिए डिज़ाईन किया गया है। यह ओप्पो के पूरा दिन बेफिक्र उपयोग के वादे के साथ आता है। विद्यार्थियों, नौकरी की शुरुआत करने वालों, गेमर्स और किफायत पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए बनाया गया ओप्पो के14एक्स 5जी भारी उपयोग के साथ भी लंबे समय तक चलता है। यह रियल-टाईम मल्टीटास्किंग के साथ यूज़र्स को पूरा दिन केंद्रित और कनेक्टेड रहने में समर्थ बनाता है।

ओप्पो के14एक्स 5जी के 4जीबी+128जीबी वैरिएंट का मूल्य 14,999 रुपये और 6जीबी+128जीबी वैरिएंट का मूल्य 16,999 रुपये है। यह 16 फरवरी, 2026, दोपहर 12 बजे से ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा। यह दो रंगों, आईसी ब्लू और प्रिज़्म वॉयलेट में आएगा। ओप्पो के14एक्स 5जी की प्रि-बुकिंग आज से शुरू होगी, जिससे यूज़र्स को यह डिवाईस खरीदने का अवसर समय से पहले ही मिल जाएगा। सेल के दिन इस स्मार्टफोन के 4जीबी और 6जीबी वैरिएंट्स पर 1,500 रुपये का इंस्टैंट डिस्काउंट और चुनिंदा बैंक ऑफर दिए जा रहे हैं। इसके साथ 3 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई भी मिल रही है। इस प्रकार सेल के दिन ये स्मार्टफोन क्रमशः 13,499 रुपये और 15,499 रुपये में उपलब्ध होंगे।

गोल्डी पटनायक, हेड ऑफ कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''ओप्पो के सीरीज़ भारत में लाखों ग्राहकों को बहुत पसंद आई है। यह किफायती मूल्य में लगातार विश्वसनीय परफॉर्मेंस, लंबे समय तक पॉवर और स्मूथ दैनिक अनुभव प्रदान करती है। ओप्पो के14एक्स 5जी के सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ा रहा है।

यह एक ऐसा स्मार्टफोन है, जो वास्तविक परिस्थितियों में पूरे दिन लगातार इस्तेमाल और मल्टीटास्किंग के लिए बनाया गया है। के14एक्स स्मूथनेस पर हमारा फोकस प्रदर्शित करता है।

# फैशन के जरिए स्वास्थ्य की देखभाल ~ ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता के लिए 'सुता' भी 'पिंक टैग' पहल में शामिल



**मुंबई।** दिल्ली शहर के पास एक इलाके में रहने वाली एक महिला अपने ब्लाउज की अंदरूनी सिलाई में, वॉश-केयर लेबल के पास एक गुलाबी टैग देखती है। उसे जिज्ञासा होती है और वह उस टैग पर लिखा संदेश पढ़ती है। उस संदेश में उसे एक सौम्य तरीके से मार्गदर्शन मिलता है। टैग पर बने सरल चित्रों के जरिए उसे समझ आता है कि स्वयं की जांच कैसे करनी है। इस टैग पर कोई चेतावनी नहीं दी गई है और न ही कोई डर दिखाया गया है। टैग पर है तो बस जागरूकता।

इस तरह शुरू हुआ 'फेडरल बैंक होर्मिस मेमोरियल फाउंडेशन' और 'नेटवर्क-एटीन संजीवनी' का 'पिंक टैग प्रोजेक्ट'! ग्रामीण इलाकों में स्थानीय दर्जियों और सामुदायिक ट्रस्ट के माध्यम से यह पहल बड़े स्तर पर दूर-दूर तक पहुंची है। यह महत्वाकांक्षी योजना अब 'सुता' के जरिए फैशन की मुख्यधारा में प्रवेश कर रही है। 'सुता' एक स्वदेशी डी-टू-सी ब्रांड है। यह ब्रांड आधुनिक भारतीय महिला के लिए साड़ी के मायने को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। यहां टैग के रूप में परंपरा और समकालीन उद्देश्य का सुंदर संगम दिखाई देता है। कपड़े का एक छोटा-सा टुकड़ा महिलाओं को अपनी देखभाल करना सिखाता है और इस तरह फैशन उद्योग भी राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देता है। भारत में हर चार मिनट में एक महिला को स्तन कैंसर का निदान होता है। इनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मामलों में बीमारी का पता देर से चलता है। कई महिलाएं अपनी जांच नहीं करातीं, क्योंकि उनके पास अपने लिए समय नहीं होता। घर के काम, रोज़ी-रोटी के लिए किया जाने वाला काम और परिवार की देखभाल, इन सब में वे इतनी व्यस्त रहती हैं कि खुद की देखभाल करना उन्हें एक तरह की 'लग्ज़री' लगने लगता है।

'पिंक टैग प्रोजेक्ट' की शुरुआत एक सरल-से अवलोकन से हुई। महिलाओं को हर दिन अपने लिए एक छोटा-सा पल तब मिलता है, जब वे कपड़े पहन रही होती हैं।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की कार लोन की ब्याज दरों में कटौती

**लखनऊ।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज अपने कार लोन की ब्याज दरों में 30 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की कटौती की घोषणा की, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बैंक की अनियत ब्याज दर अब 7.60 प्रति वर्ष से शुरू होगी (जो पहले 7.90 प्रतिशत प्रति वर्ष थी)। बैंक 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली आकर्षक नियत ब्याज दर पर बड़ौदा कार लोन की पेशकश भी कर रहा है।


7.60 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली यह नई दर नई कार की खरीद पर उपलब्ध है और यह उधारकर्ता के क्रेडिट प्रोफाइल से लिंक्ड है।

ब्याज दर में कटौती के साथ-साथ, बैंक व्यक्ति उधारकर्ताओं के लिए अनियत ब्याज दर पर कार लोन के लिए समय पूर्व चुकौती/ आंशिक पूर्व-चुकौती पर शून्य प्रभार की पेशकश भी कर रहा है। इसके अलावा, बड़ौदा कार लोन (नियत एवं अनियत दोनों) पर ब्याज की गणना %दैनिक घटते शेष% पद्धति के आधार पर की जाती है, जो इसे उधारकर्ताओं के लिए और भी किफायती बनाती है। 84 महीने तक की बढ़ी हुई चुकौती अवधि के साथ ग्राहक बेहतर एवं सुविधाजनक वित्तीय विकल्पों का लाभ उठा सकेंगे।

इस घोषणा के बारे में बात करते हुए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय वी. मुदालियर ने कहा, कार लोन की ब्याज दरों में कमी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बाजार के सबसे प्रतिस्पर्धी बैंकों में से एक बनाती है और यह उपभोक्ताओं को किफायती तथा सुलभ ऋण प्रदान करने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। बैंक देश भर के कार खरीदारों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ग्राहक-केंद्रित, डिजिटल रूप से सक्षम फाइनेंसिंग समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक की वेबसाइट, बॉब वर्ल्ड ऐप के माध्यम से डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए या देश भर में स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की किसी भी शाखा में जाकर आसानी से बड़ौदा कार लोन प्राप्त किया जा सकता है।

# एसीपीएल एक्सपोर्ट्स ने ट्रूसिलवर लॉन्च के साथ घरेलू डी2सी सिल्वर ज्वेलरी बाज़ार में किया प्रवेश

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी सिल्वर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट हाउस एसीपीएल एक्सपोर्ट्स ने अपने पहले डायरेक्ट-टू-कंज़्यूमर ज्वेलरी ब्रांड ट्रूसिलवर के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने घरेलू और डिजिटल रिटेल क्षेत्र में अपने रणनीतिक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एसीपीएल की दशकों की वैश्विक विनिर्माण विशेषज्ञता पर आधारित ट्रूसिलवर, कंपनी की कारीगरी और गुणवत्ता मानकों को एक आधुनिक, डिज़ाइन-प्रेरित और डिजिटल-नेटिव ब्रांड के रूप में सीधे भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुँचाता है। यह ब्रांड रोज़मर्रा में पहनी जाने वाली सिल्वर ज्वेलरी की बढ़ती घरेलू मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह ब्रांड विशेष रूप से मिलेनियल्स और जेन ज़ी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें समकालीन डिज़ाइन, किफायती मूल्य



और प्रमाणित शुद्धता मानकों पर विशेष फोकस है। एसीपीएल अपने ब्रांड-टू-कंज़्यूमर एक्सपोर्ट विस्तार को अमेरिका, यूरोप, यूके, मध्य पूर्व और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख बाज़ारों में लगातार बढ़ा रहा है, जिसमें उसके कुल निर्यात राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा अकेले अमेरिका से आता है। ट्रूसिलवर ने महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए करीब 900 उत्पादों के साथ लॉन्च किया है। कलेक्शन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें ब्रेसलेट, ईयररिंग्स, रिंग्स, नेकलेस और पायल शामिल हैं। बदलते ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए यह रेंज सिल्वर के साथ-साथ गोल्ड और रोज़ गोल्ड फिनिश में भी उपलब्ध है। ट्रूसिलवर की खास ताकत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए विस्तृत पर्सनलाइज़्ड ज्वेलरी कलेक्शन है। सभी ज्वेलरी बीआईएस हॉलमार्क से प्रमाणित है। एसीपीएल एक्सपोर्ट्स के निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा, ट्रूसिलवर हमारी विकास यात्रा के अगले रणनीतिक चरण का प्रतीक है, जो हमें अपनी विनिर्माण और गुणवत्ता विशेषज्ञता सीधे भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुँचाने में सक्षम बनाता है। निकट अवधि में हम ट्रूसिलवर के लिए वार्षिक ?100 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य रख रहे हैं और अगले दो से तीन वर्षों में 100 रिटेल स्टोर्स के विस्तार के साथ इस कारोबार को 250 करोड़ तक ले जाने का उद्देश्य है।

## स्टेलांटिस और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 20 वर्षों की साझेदारी का जश्न मनाया



**पुणे।** स्टेलैंटिस, एक प्रमुख वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्माता, और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, भारत की अग्रणी कार और एसयूवी निर्माता, ने अपने 50:50 संयुक्त उद्यम, फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड (एफआईएपीएल) के माध्यम से सफल साझेदारी के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर दोनों कंपनियों ने आज एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य भारत और विदेशों में मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और सप्लाई चेन के क्षेत्रों में आगे सहयोग के अवसर तलाशने है। इस सफल साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए और स्टेलैंटिस की वैश्विक विशेषज्ञता तथा टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की गहन स्थानीय क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, एफआईएपीएल ने मैन्युफैक्चरिंग, पावरट्रेन और सप्लाई चेन में मजबूत क्षमताएँ विकसित की हैं, जिससे भविष्य में सहयोग बढ़ाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। इस माइलस्टोन और आगे के अवसर पर बात करते हुए, स्टेलैंटिस एशिया पैसिफिक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ग्रेगॉयर ओलिवियर ने कहा; एफआईएपीएल इस बात का प्रमाण है कि दो मजबूत संगठन मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हम क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार मैन्युफैक्चरिंग, इनोवेशन और सतत विकास को समर्थन देने हेतु साझेदारी को आगे विकसित करने पर केंद्रित हैं। शैलेश चंद्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर × सीईओ, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा; एफआईएपीएल के माध्यम से स्टेलांटिस के साथ हमारी साझेदारी विश्वास, साझा मूल्यों और एक समान दृष्टिकोण पर आधारित एक दीर्घकालिक सहयोग की मजबूती को दर्शाती है।

# पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने 10 लाख स्मार्ट मीटर का आंकड़ा पार किया

## भारत के आरडीएसएस के नेतृत्व वाले बिजली वितरण सुधारों को कंपनी दे रही गति



**नई दिल्ली।** पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने अपनी एएमआईएसपी एवं बिजली वितरण यात्रा में भारत सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत बाजारों में 10 लाख से अधिक स्मार्ट मीटरों का विनिर्माण कर उन्हें लगाने का एक बड़ा कीर्तिमान हासिल करने की आज घोषणा की। यह उपलब्धि इस देश में वृहद स्तर पर स्मार्ट मीटरिंग को अपनाने और बिजली क्षेत्र के डिजिटलीकरण में पोलारिस की अहम भूमिका रेखांकित करती है।

सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग के भागीदारों की उपस्थिति में जयपुर में पोलारिस की अत्याधुनिक इकाई में 10 लाख वें स्मार्ट मीटर का अनावरण इस उपलब्धि का प्रतीक था। यह इकाई देशज विनिर्माण, प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुधार प्राथमिकताओं के हिसाब से बड़े पैमाने पर काम करने की प्रतिबद्धता को दिखाती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस, अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) और राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (आरवीपीएन) के चेयरमैन श्री अजिताभ शर्मा ने आरडीएसएस के उद्देश्यों को हासिल करने में स्मार्टमीटरिंग का महत्व रेखांकित किया।उन्होंने कहा, अक्षय ऊर्जा की तेज वृद्धि और बैटरी ऊर्जा स्टोरेज के हमारे विस्तार की योजना के साथ स्मार्ट मीटर मांग में लचीलेपन और ग्रिड प्रबंधन में एक केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। इसका सही मूल्य जबरदस्त डेटा प्रबंधन प्रणालियों, एकीकृत प्लेटफॉर्मों और सोच समझकर निर्णय करने में निहित है जिससे ग्रिड दृश्यता और परिचालन दक्षता मजबूत होता है। इस कीर्तिमान को लेकर पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग के संस्थापक और सीईओ यशराज खेतान ने कहा, 10 लाख स्मार्ट मीटर का आंकड़ा पार करना पोलारिस के लिए निश्चित तौर पर एक ऐतिहासिक क्षण है और आरडीएसएस के तहत हमारी क्रियान्वयन क्षमताओं का एक मजबूत प्रमाणन है। यह बिजली वितरण कंपनियों और राज्य सरकारों द्वारा हमारे ऊपर किए गए विश्वास और जमीनी स्तर पर हमारी टीमों के अथक प्रयासों को परिलक्षित करता है।

## बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने आईइन्वेस्ट अल्टिमा और नया मिड कैप फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप)'आई इन्वेस्ट अल्टिमा'लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने एक नया और आकर्षक मिड-कैप फंड भी पेश किया है जो निवेशकों को भारत की सबसे आशाजनक मिड-साइज कंपनियों में निवेश का अवसर देता है। यह नया फंड 10रुपये के एनएवी(एनएवी) पर लॉन्च किया गया है और 18 फरवरी 2026तक निवेश के लिए खुला रहेगा। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, सैबल घोष ने कहा हमारा मिड कैप फंड मजबूत बैलेंस शीट, सशक्त लीडरशिप और स्केलेबल बिज़नेस मॉडल वाली क्वॉलिटी कंपनियों पर फोकस करता है, जिनका रिटर्न ऑन इक्विटी संतुलित और उचित है।÷

आईइन्वेस्ट अल्टिमा को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को संपत्ति बढ़ाने में मदद करने के साथ-साथ उनके प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान करता है। नए फंड लॉन्च के अलावा,यह प्लान ग्राहकों को बंधन लाइफ के अन्य5-स्टार और 4-स्टार रेटेड टॉप-परफॉर्मिंग फंड्स* तक पहुंच देता है,जिन्होंने इंडस्ट्री बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है।

बंधन लाइफ आईइन्वेस्ट अल्टिमा प्लान में एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट राइडर,लॉयल्टी रिवॉर्ड्स,औरपॉलिसी के 15वें वर्ष से मॉर्टेलिटी शुल्क की 100 प्रतिशत वापसीजैसी अतिरिक्त सुविधाएं शामिल हैं। यह प्लान खास तौर पर30 से 50 वर्षकी आयु के उन ग्राहकों के लिए उपयुक्त है,जो बाजार जोखिम को समझते हैं औरसालाना 2 लाखरुपये या उससे अधिकका निवेश कर सकते हैं। महिला ग्राहकों को पहले दिन से शुरुआती 5 पॉलिसी वर्षों के लिए 0.5 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रीमियम (एलोकेशन) मिलेगा, जिससे बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के अधिक निवेश लाभ मिलेगा।

# आईजी डिफेंस ने स्वदेशी फिक्स्ड-विंग टैक्टिकल ड्रोन के लिए पेटेंट प्राप्त किया

**लखनऊ।** आईजी डिफेंस को उनके फिक्स्ड-विंग टैक्टिकल अनमैन्ड एरियल सिस्टम के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस सिस्टम को आधुनिक युद्ध क्षेत्र की बदलती रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यह पेटेंटेड प्लेटफॉर्म एक बहुउद्देश्यीय अनमैन्ड सिस्टम है, जो सटीक प्रहार (स्ट्राइक), निगरानी और टर्मिनल एंगेजमेंट की सुविधा एक साथ प्रदान करता है। इससे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता मजबूत होगी।

आईजी डिफेंस के CEO और फाउंडर बौद्ध सत्य संघ प्रिया ने नए पेटेंट मिलने पर कहा, यह पेटेंट स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी को असली ऑपरेशनल इस्तेमाल के लिए बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में एक और ज़रूरी कदम है। पिछले कुछ सालों में हमने डिफेंस सिमुलेटर और बिना पायलट वाले सिस्टम जैसे ज़रूरी क्षेत्र में अपनी टेक्नोलॉजी बनाने पर काम किया है। इन टेक्नोलॉजी को असली हालात में टेस्ट किया गया है। यह फिक्स्ड-विंग टैक्टिकल ड्रोन वर्तमान युद्ध की



ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हमारा लक्ष्य सेना को ऐसे भरोसेमंद उपकरण प्रदान करना है जो हालात की जानकारी को बेहतर बनाएं, सैनिकों के लिए खतरा कम करें और मुश्किल हालात में अच्छा काम करें। इसके ज़रिए हम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं और ऐसी रक्षा ताकत बनाने में मदद करना चाहते हैं जिस पर भारत भरोसा कर सके।

ड्रोन का फिक्स्ड-विंग डिज़ाइन इसे ज़्यादा दूरी तक उड़ने, ज़्यादा देर तक हवा में रहने और लंबे मिशन के दौरान लगातार काम करने में मदद करता है। यह 5 kg तक का वॉरहेड ले जा सकता है, और मिशन के हिसाब से इसमें अलग-अलग उपकरण या हथियार लगाए जा सकते हैं। इस सुविधा की वजह से इस ड्रोन का इस्तेमाल कई कामों के लिए किया जा सकता है। इनमें इंटेलिजेंस इकट्ठा करना, टारगेट पर नज़र रखना और उन्हें ट्रैक करना, और सटीक हमले करना, साथ ही दूसरे ज़रूरी स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन भी इससे किए जा सकते हैं।

आईजी डिफेंस के सलाहकार एयर कमांडर R N गायकवाड़ ने कहा, वर्तमान समय के युद्धक्षेत्र में फैसले जल्दी और अक्सर अधूरी जानकारी के साथ लेने पड़ते हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म जो सैनिकों को नुकसान पहुंचाए बिना कमांडरों की नज़र और पहुंच बढ़ा सकें, वे बहुत ज़रूरी होते जा रहे हैं। यह पेटेंटेड सिस्टम एक अनमैंड (बिना आदमी वाले) प्लेटफॉर्म में निगरानी और हमले की सुविधा देता है। इससे युद्ध में असली जरूरत पूरी होती है। यह हालात की जानकारी बेहतर बनाने, ऑपरेशनल पहुंच बढ़ाने और जल्दी व ज़्यादा जानकारी के साथ फैसले लेने में मदद करता है। जैसे-जैसे लड़ाई ज़्यादा टेक्नोलॉजी पर आधारित और मल्टी-डोमेन होती जाएगी, इस तरह के सिस्टम युद्ध की योजना और उसे अमल में लाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे।

## इकोफाई ने भारत में ईवी अपनाने की गति बढ़ाने एथर एनर्जी के साथ साझेदारी की



**नई दिल्ली/मुंबई।** एवरसोर्स कैपिटल द्वारा समर्थित एक अग्रणी ग्रीन-ऑन्ली एनबीएफसी इकोफाई ने आज भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इससे वह एथर के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर इकोसिस्टम में पसंदीदा फाइनेंसिंग पार्टनर के रूप में काम करेगी। इकोफाई ने साझेदारी के तहत फाइनेंसिंग जरूरतें पूरी करने के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाने की योजना बनाई है, जिससे ईवी ओनरशिप लाइफसाइकल में सामर्थ्य, लचीलापन और ग्राहक पसंद में वृद्धि होगी।इस साझेदारी के तौर पर, इकोफाई एथर एनर्जी के ग्राहकों को अपने विविध ग्रीन फाइनेंसिंग विकल्पों तक पहुंच प्रदान करेगा, जिसमें व्हीकल लोन, लीजिंग सॉल्युशन, एश्योर्ड बायबैक स्ट्रक्चर और बैटरी-एज़-ए-सर्विस शामिल हैं। ये सॉल्युशन शुरुआती लागत को कम कर ओनरशिप की कुल लागत में सुधार करके और एसेट के मूल्य और बैटरी परफॉर्मेंस के बारे में अधिक निश्चितता प्रदान करके ईवी अपनाने में प्रमुख बाधाओं को दूर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इकोफाई की को-फाउंडर, एमडी और सीईओ, राजश्री नांबियार ने कहा, क्लीन ट्रांसपोर्टेशन भारत के ग्रीन ट्रांजिशन के लिए महत्वपूर्ण है, और व्यापक रूप से ई-व्हीकल्स को अपनाना सही फाइनेंसिंग समाधानों तक पहुंच पर निर्भर करता है।

# राज्यपाल ने गरिमागृह का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश की मा. राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा जनपद बस्ती में स्थापित गरिमागृह का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मा. राज्यपाल ने ट्रान्सजेण्डर समुदाय के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं सामाजिक सहभागिता को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक नागरिक समान अधिकारों का अधिकारी है तथा ट्रान्सजेण्डर समुदाय को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की शुरुआत मा. राज्यपाल के गरिमागृह बस्ती आगमन के साथ हुयी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्दिरा चैरिटेबल सोसाइटी अजय कुमार पाण्डेय द्वारा राज्यपाल महोदया का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त मा. राज्यपाल महोदया द्वारा गरिमागृह का उद्घाटन कर परिसर का निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी। उद्घाटन के बाद मा. राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल पर आसन ग्रहण किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुयी। कार्यक्रम में मा. राज्यपाल महोदया का सम्मान पांच विशेष बच्चियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इसके पश्चात् उत्तर प्रदेश में ट्रान्सजेण्डर समुदाय के उत्थान हेतु मा. राज्यपाल महोदया के योगदान पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहा गया। इसके बाद ट्रान्सजेण्डर समुदाय एवं समाज विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिको द्वारा प्रश्न पूछे गये और समाज में समावेशी सोच, समान अवसर तथा संवेदनशीलता बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुयी। मा. राज्यपाल ने कहा कि ट्रान्सजेण्डर समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना आवश्यक है तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाना चाहिए। उन्होने समाज से ट्रान्सजेण्डर समुदाय को स्वीकार करने, भेद-भाव न करने और उन्हें सम्मान देने का आह्वान भी किया। उन्होने कहा कि ट्रान्सजेण्डर जन्म से ही होते है और उन्हें घर में रखना चाहिए। उन्हें शिक्षा, रोजगार के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह पहल बस्ती से शुरू हुयी है। बस्ती में अच्छा कार्य शुरू हुआ है। मै चाहती हूँ कि कोई बच्चा ट्रान्सजेण्डर पैदा होता है तो उसे घर में रखें, पड़ोस वाले टीका टिप्पणी न करें। यह पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के लोग पढ़-लिखकर शिक्षा प्राप्त करें, समाज आपको स्वीकार करने के लिए तैयार है। इन्दिरा चैरिटेबल ट्रस्ट के अजय पाण्डेय इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहे है।

कार्यक्रम के दौरान मा. राज्यपाल द्वारा चुनौतिया मुझे पसंद है, पुस्तिका की दो हस्ताक्षरित प्रतियाँ उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के दो महानुभावों को प्रदान की गयी। मा. गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने भी अपने विचार प्रस्तुत कियें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अपर निदेशक ने जिले की गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में पशुपालन विभाग की संचालित गौशालाओं के वर्तमान यथा स्थिति जानने के लिए उप शासन से नामित गौशाला के नोडल अधिकारी अपर निदेशक ग्रेड 2 बस्ती मंडल बस्ती डॉक्टर जीवन लाल ने जनपद की गौशालाओं का ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी डॉ जीवन लाल ने अस्थाई गौ आश्रय स्थल रामगढ़, दूल्हा दरम्यानी, पिपरसन, बड़पुर नंबर 3 और महादेव लाला गौशाला का औचक निरीक्षण करते हुए गौशाला से संबंधित 14 बिंदुओं पर निरीक्षण किया। जिसमें गौशाला पर वर्तमान में उपलब्ध भूसा दाना, पशु आहार हरा चारा की उपलब्धता केयर टेकरों की संख्या, उनके मानदेय का भुगतान, अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण आख्या, पानी की व्यवस्था, पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था, पोर्टल पर ऑनलाइन फीडिंग की व्यवस्था, गौशाला भुगतान इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं की बारीकी से पड़ताल की।

# जमीनी विवाद में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

- जान देने की धमकी से मचा हड़कंप
- पुलिस-प्रशासन के आश्वासन पर देर शाम तक सुरक्षित उतरा युवक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** विशुनपुरा के गौरीश्रीराम निवासी एक युवक भूमि विवाद से मंगलवार को दुद्दही टैक्सी स्टैंड पर स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़कर जान देने की धमकी देने से हड़कंप मच गया। टॉवर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचकर युवक को मनाने में जुटे रहे। अंततः कार्रवाई के आश्वासन पर देर शाम को टॉवर से युवक सुरक्षित उतरा।

जानकारी के अनुसार रामभजन सुबह करीब 11 बजे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। युवक ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शाम चार बजे तक उसकी शिकायत पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह टावर से कूद कर जान दे देगा। रामभजन का कहना है कि वह ढाई साल पुराने भूमि विवाद में लगातार न्याय की गुहार लगा रहा है, लेकिन आज तक कहीं से भी उसे राहत नहीं मिली। पीड़ित की पत्नी सुलेखा देवी ने बताया कि जब उनके पति रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में थे। उसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने उनकी मजबूरी और अनपढ़ता का फायदा उठाकर दो डिस्मिल भूमि की बजाय चार डिस्मिल भूमि का बैनामा करा लिया। आरोप है कि जमीन का पूरा भुगतान भी नहीं किया गया। बाद में जब धोखाधड़ी का पता चला तो आपत्ति दर्ज कराई गई, लेकिन विपक्षी के प्रभावशाली होने के कारण कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। विवादित भूमि पर ही उनका एकमात्र आवासीय मकान बना हुआ है, जिसे खाली कराने की तैयारी की जा रही है। परिवार के पास रहने के लिए कोई अन्य जगह नहीं है। उन्होंने मोबाइल फोन पर बताया कि वह ढाई साल तक विदेश में मजदूरी करता रहा और वापस आने के बाद से लगातार थाने, तहसील और अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि दबाव बनाने के लिए विपक्षी द्वारा उस पर 30 लाख रुपये के जेवर चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। रामभजन ने कहा, मेरे दो छोटे बच्चे हैं। अगर घर भी छिन गया तो हम कहां जाएंगे। मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा। रामभजन ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी प्रार्थना पत्र भेजा था, लेकिन किसी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वह पूरी तरह टूट चुका है। घटना की सूचना मिलते ही विशुनपुरा पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारी मोबाइल के जरिए युवक से बातचीत कर उसे सुरक्षित नीचे उतारने और मामले के समाधान का आश्वासन दे रहे हैं। वहीं, टॉवर के नीचे बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए हैं। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र का कहना है कि युवक से वार्ता हुई है, जल्द समस्या का हल कर दिया जाएगा।

# पनियहवा में बिना ढके मछलियों की बिक्री जोरों पर, फूड प्वाइजनिंग का बड़ा खतरा

- अधिकारी बोले जल्द होगी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के पनियहवा चौराहा पर मछलीभूजा की दर्जनों दुकानों पर बिना ढके मछलियों की बिक्री जोरो पर है। मछली का स्वाद लेने वालो ने इस तरह बिना रख-रखाव के मछली खाना गम्भीर बता रहे है। जो बिना ढके मछलियों को खाना कभी भी फूड प्वाइजनिंग हो सकता है। ऐसे गंभीर मामलों पर अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए है।

बताया जा रहा है कि एक हफ्ते से नेपाल स्थित मदार बाबा के दर्शन को लेकर पनियहवा चौराहे से श्रद्धालुओं का भारी आवागमन जारी है। दिन-रात सैकड़ों श्रद्धालु मदार पहाड़ की चढ़ाई कर लौट रहे हैं और शरीर में थकान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पनियहवा चौराहे पर रुककर मछलीभूजा का स्वाद ले रहे हैं, लेकिन दुकानों पर मछलियों की ताजगी और स्वच्छता नहीं देखी जा रही हैं। श्रद्धालुओं का आरोप है कि दुकानों पर मसालों में सनी मछलियां कई-कई घंटों तक खुले में रखी जिन पर धूल-मिट्टी और मक्खियां बैठी रहती हैं। उन्हीं मछलियों को दुकानदार भुन कर खिला रहे है। जो ऐसी बिना रखरखाव के मछलियों को खाना सरेआम बीमारियों का दावत दे रहा है। बल्कि एक दुकान का हाल नहीं है सभी के सभी दुकानदार बिना ढके ही मछलियां भुन कर श्रद्धालुओं को खिला रहे है। श्रद्धालुओं में समीना, अनवर, मजीद, शाहनवाज आदि ने बताया कि जिस हालत में मछलियां रखी हुई हैं, खाने से तबीयत खराब हो सकता है। लोगों का कहना है कि यहां खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी होनी चाहिए। खड्डा के फूड इंस्पेक्टर आर.बी. चौहान का कहना है कि कुछ दुकानों की नोटिस जारी किया गया था। अब पनियहवा चौराहे की एक एक दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कुशीनगर से गायब दो सगी बहनें झारखंड के कपड़ा शोरूम में मिली

अवधनामा ब्यूरो

- विद्यालय जाने की बात कहकर हुई थी फरार

**कुशीनगर।** एक पखवारे पूर्व घर से विद्यालय जाने की बात कह कर निकलीं रहस्यमय परिस्थितियों में गायब दो सगी बहनें झारखंड के गढ़वा में एक शो रूम पर कार्य करती मिलीं। बीते सात फरवरी को पहुंची पवटहेरवा थाना पुलिस उनको साथ लेकर लौटी। पूछताछ में बताया कि स्वजन द्वारा पढ़ाई पूरी करने से पूर्व ही शादी करने की बात को नाराज थीं, जिसके चलते यह कदम उठाया। गढ़वा के उनके एक इंस्टाग्राम मित्र ने शोरूम में काम व कमरा दिलवाया था। सोमवार को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों बहनों को स्वजन को सौंप दिया गया।

पटहेरवा के एक गांव की बीएससी व इंटरमीडिएट में पढ़ने वाली दो सगी बहनें बीते 24 जनवरी को विद्यालय जाने की बात कह घर से निकली थीं, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं आईं। मां ने उनके मोबाइल फोन पर कॉल किया तो वह बंद मिला। विदेश रह रहे पति को इस घटना की जानकारी देते हुए करीबी रिश्तेदारों के यहां भी तलाश कीं, लेकिन पता नहीं चला। 27 जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। पुलिस के खोजबीन की तो पता चला कि घर से कुछ नकदी व आभूषण दोनों बाजार में बंधक रखी हैं। इधर उनका मोबाइल नंबर बंद मिल रहा था, आइएमईआइ नंबर (इंटरनेशनल मोबाइल इक्यूपमेंट आइडेंटिटी) से पता करने पर उनका लोकेशन झारखंड के गढ़वा शहर में मिला। इसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची तो दोनों एक कपड़े की शोरूम में कार्य करती पाई। थाना प्रभारी धीरेंद्र रय ने बताया कि, दोनों बहनों ने पूछताछ में बताया कि, परिवार के लोग उन्हें पढ़ाना नहीं, बल्कि शादी करना चाहते थे। जबकि दोनों आगे भी पढ़ना चाहती थीं, इसीलिए घर से यहां चली आईं कि स्वयं कमा कर पढ़ाई करेंगी।

# आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर किया उप निरीक्षक अजय गौड के मौत मामले के सीबीआई जांच की मांग

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** मंगलवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा। मांग किया कि पुलिस उपनिरीक्षक अजय गौड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के प्रकरण की सीबीआई जांच के साथ ही परिजनों को आर्थिक सहायता और अनुकम्पा लाभ प्रदान किया जाय।

पांच सूत्रीय मांग पत्र में कहा गया है कि पुलिस उपनिरीक्षक अजय गौड़ की मृत्यु के समूचे प्रकरण की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीबाई) से निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराई जाय, जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्तर पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति या अधिकारी के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई हो, मृत्तक उपनिरीक्षक अजय गौड़ के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता (एकमुश्त मुआवजा) तत्काल दिलाया जाय, शासन के नियमानुसार मृतक के आश्रित परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन, बीमा राशि एवं अन्य देय सेवा-लाभशीघ्र उपलब्ध कराए जाएं।ज्ञापन देने के बाद आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा ने कहा कि थाना परशुरामपुर में तैनात 2015 बैच उपनिरीक्षक पद पर तैनात देवरिया जनपद निवासी 2015 बैच के अजय गौड़ (2015 बैच), फरवरी 2026 से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता थे। 9 फरवरी 2026 को उनका शव जनपद अयोध्या में सरयू नदी में उतराता हुआ पाया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद, चौंकाने वाली एवं गंभीर संदेह उत्पन्न करने वाली है। इसके पूरे प्रकरण की जांच करायी जानी चाहिये। ज्ञापन देने वालों में चंद्रभान कनौजिया, शेषपाल चौधरी, उमेश कुमार शर्मा आदि शामिल रहे।

# चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने 25 क्षयरोगियों को दी पोषण पोटली



अवधनामा ब्यूरो

- क्षयरोगियों को पौष्टिक आहार देने में अग्रणी है स्वास्थ्य विभाग : डॉ मार्कण्डेय
- जनसहभागिता से ही होगा टीबी मुक्त कसया :डॉ आशुतोष

**कसया, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र के प्रयास से लगातार क्षयरोगियों को पोषण पोटली देने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में मंगलवार को स्थानीय सीएचसी के सभागार में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से 25 क्षयरोगियों में प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि क्षयरोगियों की बेहतरी के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। उनका जाँच एवं उपचार निःशुल्क किया जाता है एवं प्रतिमाह एक हजार उनके खाते में पोषण भत्ता योजना के तहत भेजा जाता है। इसके अलावा समय समय पर हमारे चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों तथा समाज के अग्रणी लोगों द्वारा भी क्षयरोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी जाती है। एमोटीसी डॉ आशुतोष पांडेय ने कहा कि जनसहभागिता से ही कसया टीबी मुक्त होगा। क्षयरोगी दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ्य हो रहे।

## आईजीआरएस जनसुनवाई में अमेठी मंडल में अव्वल

**अमेठी।** ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देशन में अमेठी ने आईजीआरएस जनसुनवाई के अंतर्गत माह जनवरी 2026 में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवधि में अमेठी ने मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल करते हुए जनपद ने टॉप-10 में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है। उन्होंने बताया कि माह जनवरी 2026 में जनपद को कुल 5761 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अवधि में जनपद में डिफाल्टर की संख्या शून्य रही। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किसी भी शिकायत को सी श्रेणी में नहीं रखा गया जो शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को दर्शाता है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने आगे बताया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतिदिन रैंडम आधार पर शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हैं। यदि किसी प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण आख्या नहीं पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी से वार्ता कर दोबारा जांच कराई जाती है।

# आधुनिकता की चकाचौंध में अंधी होती युवा पीढ़ी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** वर्तमान परिवेश में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति वास्तव में चिंताजनक है। युवा उचित मार्गदर्शन के अभाव में नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है जिससे समाज का स्वरूप बिगड़ रहा है।पाश्चात्य कल्चर ने युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेलने में खूब मदद की है। वैसे युवा पीढ़ी में नशे की शुरुआत फैशन और स्टाइल से शुरू होती है और धीरे-धीरे युवा इसका गुलाम बनता चला जाता है। पता ही नहीं चलता शराब और सिगरेट पीना युवा पीढ़ी का शौक है। उन्हें लगता है हमें समाज में लोग उच्च स्तर का देखते हैं यदि पार्टी में एक हाथ में शराब का गिलास और दूसरे हाथ में धुआं उछालती सिगरेट हो । कभी-कभी ये नशे युवाओं को इतनी दूर ले जाते हैं कि वहां से वापस लौटना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। फैशन के बदलते दौर में एक फैशन नशा का भी हो चला है। युवा वर्ग शुरुवात में नशा केवल फैशन में करते हैं और धीरे-धीरे इसका शिकार होते चले जा रहे है। फैशन कब लत बन जाती है खुद इन्हें भी पता नहीं चलता।जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है। धीरे-धीरे परिणाम यह होता है कि परिवार बिखर जाता है। आधुनिकता की चकाचौंध में अंधी होती जा रही युवा पीढ़ी को सहेजने का सबसे बड़ा दायित्व सामाजिक संगठनों का होता है जो समाज में अपनी भूमिका का निर्वहन करने में पूरी तरह सफल नहीं दिखाई दे रहे हैं।परिवार और समाज यहीं से युवा संवर कर आगे बढ़ता है। जब उसे विपरीत मंच मिलने लगते हैं तब वह ऐसे रास्ते पर चल पड़ता है जहां से नशा और अपराध दोनों की गिरफ्त में आ जाता है। सरकार की ओर से समाज में जागरूकता और युवाओं को अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करने की तमाम योजनाएं संचालित होती है इन योजनाओं का संचालन बखूबी ईमानदारी पूर्वक किया जाए तो युवा वर्ग गलत रास्ते पर चलने के बजाय सकारात्मक सोच विकसित कर समाज और राष्ट्र की मजबूती में अपना योगदान निभा सकता है।

## मेधा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र आदर्श हाउस अरेस्ट, रिहा

**अवधनामा संवाददाता, बस्ती।** शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के पूर्व छात्र नेता और मेधा पार्टी युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र आदर्श पाण्डेय को पुलिस ने बुधवार को हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस को आशंका थी कि रूद्र आदर्श पाण्डेय राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की बस्ती यात्रा के दौरान काला झण्डा दिखा सकते हैं। रूद्र आदर्श पाण्डेय ने सोशल मीडिया पर यूजीसी मामले में सवर्णो के साथ भेदभाव प्रकरण को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन देने और काला झण्डा दिखाने की चेतावनी दिया था। राज्यपाल के बस्ती से जाने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

**बस्ती।** थाना गौर पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-185/25 धारा 109(1),115 (2),333,238B बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सुभाष यादव पुत्र स्व वासुदेव यादव उम्र 50 वर्ष साकिन साड़ीकल्प थाना गौर जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## श्री पटना साहिब ट्रेन यात्रियों के लिए चल रहे 52 दिवसीय लंगर का हुआ समापन



**अमेठी।** बादशाह दरवेश श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री पटना साहिब ट्रेन यात्रियों के चल लिए चल रहे 52 दिवसीय लंगर का मंगलवार को समापन हुआ। समापन मौके पर ट्रेन चालको गार्ड अन्य स्टाफ व रेलवे स्टेशन के आरपीएफ जीआरपी सहित समस्त स्टाफ को मिठाई वितरित की गई एवं सरोपाओ भेंटकर अधिकारियों और ट्रेन ड्राइवरों को सम्मानित किया गया।मध्यम धूप के बीच क्षेत्र स्थित रामनाथपुर गांव से सेवादारों ने लंगर तैयार करके मंगलवार को भी पटना साहिब रेल यात्रियों को स्टेशन पहुंचकर लंगर और चाय हलवा वितरित किए। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से बाबा मनोहर सिंह की अगुवाई में 52 दिवसीय लंगर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ 20 दिसंबर से हुआ जो 10 फरवरी को संपन्न हुआ।कड़ी सर्दी रही हो या खुशनुमा मौसम सेवादारों ने श्रद्धापूर्वक लंगर तैयार किया और पंजाब मेल ट्रेन पर पटना साहिब यात्रियों के लिए वितरण करने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे। यह क्रम वर्ष 2017 से निरंतर चलता आ रहा है। बाबा मनोहर सिंह ने सभी सेवादारों श्रद्धालुओं रेलवे के समस्त स्टाफ के प्रति इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सरदार हरबंस सिंह सदाशिव पाण्डेय अरुण रोहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वृहद रोजगार मेला 26 को

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 26 फरवरी 2026 को रणवीर रणजंय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी परिसर में पूर्वान्ह 10 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इसके साथ ही विदेश से संबंधित रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान करने के लिए एनएसडीसी के प्रतिनिधि भी मेले में उपस्थित रहेंगे। वहीं परिवहन विभाग अमेठी द्वारा भी लगभग 80 चालकों की रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जाएगा। रोजगार मेले में 12वीं स्नातक आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुरूप कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को फोटो एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दी गयी एलबेंडाजोल की दवा

**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज।** मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में स्थित पीएम श्री विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर सफीक अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख स्वास्थ्य अभियान है, जो मुख्य रूप से हर साल 10 फरवरी और दूसरा चरण अगस्त में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों को पेट के कीड़ें से मुक्त करने के लिए स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में मुफ्त एल्बेंडाजोल दवा खिलाना है। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण को कम करना, जिससे पोषण, स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। एल्बेंडाजोल की एक गोली, जो स्वास्थ्य कर्मचारियों, शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मुफ्त दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि छूटे बच्चों को 13 फरवरी को एलबेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है इसमें सभी शिक्षकों की भागीदारी आवश्यक है जो बच्चे किसी कारण से मुख्य दिन दवा नहीं ले पाते हैं, उन्हें बाद में मॉप-अप दिवस पर दवा दी जाती है। यह अभियान एनीमिया को कम करने और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

# राज्यपाल से महिला सभासद ने किया नेबुलवा तालाब के चिन्हांकन और पार्क निर्माण की मांग

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** मंगलवार को राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने नेबुलवा तालाब के निकट ट्रांसजेण्डरों के लिये बनाये गये गरिमा गृह का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उद्घाटन किया। इस दौरान रौतापार क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 की सभासद मंजू श्रीवास्तव ने राज्यपाल तक पत्र पहुंचाकर क्षेत्र के विशालकाय नेबुलवा तालाब का चिन्हांकन कर उसके जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण और पार्क की स्थापना कराये जाने की मांग किया। सभासद मंजू श्रीवास्तव ने पत्र में कहा है कि तालाब के चारों ओर कई मोहल्लें की घनी आबादी निवास करती है, लेकिन बच्चों, महिलाओं, बहनों और बुजुर्गों के लिए टहलने, शारीरिक व्यायाम, खेलकूद या स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए कोई व्यवस्थित स्थल उपलब्ध नहीं है।मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि लैबुडवा तालाब क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धरोहर है, लेकिन वर्तमान में यह धीरे-धीरे अतिक्रमण का शिकार होता जा रहा है। यदि समय रहते इसका चिन्हांकन और संरक्षण नहीं कराया गया, तो भविष्य में यह जलस्रोत समाप्त होने की कगार पर पहुंच सकता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए तालाब की सीमाओं का निर्धारण कराया जाए और अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभासद ने आगे कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण के बाद यहां पैदल पथ (वॉकिंग ट्रैक), ओपन जिम, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र तथा हरित पार्क विकसित किया जा सकता है। इससे न केवल क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह स्थान सामाजिक गतिविधियों और परिवारों के लिए एक सुरक्षित एवं स्वच्छ मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा।उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल से वार्ड के निवासियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि तालाब का विकास किया जाता है, तो क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को शहर से दूर जाए बिना ही बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि राज्यपाल और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेंगे।

## पंचायत चुनाव का बिगुल बजने का इंतजार, गांवों में चढ़ने लगा सियासी पारा

**अमेठी।** पंचायत चुनाव का बिगुल बजने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।गांवों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की खुमारी धीरे धीरे छाने लगी है।इसी वर्ष बस कुछ ही महीने में पंचायत चुनाव होने हैं जिसे लेकर दावेदार सक्रिय हो गए हैं। सर्द मौसम में भी चुनावी माहौल गर्म करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि अभी सीटों के निर्धारण को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है लोग कयास लगा रहे हैं कि चक्र अनुक्रम में सीटों का आरक्षण होगा या फिर कोई नया फार्मूला तय किया जाएगा। ग्राम पंचायत में वर्तमान प्रधान भी अपनी-अपनी गलियों को चमकाने का काम शुरू कर दिए हैं। जो रास्ते जर्जर हो गए थे उन्हें दुरुस्त करने का काम किसी-किसी ग्राम पंचायत में चल रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि जिन जनप्रतिनिधियों ने 5 साल तक पूरी तरह उदासीनता से बरती गांव में दिखाई नहीं देते थे वह भी अब चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं।जिन ग्राम प्रधानों को यह आभास है की चक्रानुक्रम में सीट बदल जाएगी वह अपनी कार्य प्रणाली को दुरुस्त करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।

## अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में सफल हुआ अभिप्रियम कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट, लखनऊ बना चैंपियन

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के लतवा बाजार में आयोजित अभिप्रियम कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता खेल प्रेमियों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर साबित हुई। प्रतियोगिता का भव्य फाइनल मुकाबला लखनऊ और छपरा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ ने शानदार तालमेल, मजबूत डिफेंस और सटीक स्मैश का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो सेट जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। निर्णायक क्षणों में लखनऊ की टीम छपरा पर भारी पड़ी और दर्शकों की तालियों के बीच चैंपियन बनी।

उल्लेखनीय हो कि फाइनल से पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में लखनऊ ने गोरखपुर को सीधे दो सेटों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे मुकाबले में छपरा ने आई.पी.पी. रुद्रपुर को 2-1 से मात देकर खिताबी भिड़ंत में जगह बनाई। फाइनल मैच में लखनऊ के आकाश यादव को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाने वाले प्रियांशु को मैन ऑफ द सीरीज का सम्मान मिला। इस खेल महोत्सव की खास बात रही अभिप्रियम ग्रुप के डायरेक्टर व चेयरमेन अभिषेक मिश्रा की सक्रिय मौजूदगी और प्रेरक नेतृत्व। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए। उनके साथ केन यूनियन के चेयरमैन धीरेन्द्र राय भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तालियों और जयकारों से गूंजते माहौल ने खिलाड़ियों का मनोबल दोगुना कर दिया। आयोजन ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा दी। प्रतियोगिता की सफलता में आयोजन समिति के सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार रजनीश कुमार राय, पत्रकार जितेन्द्र श्रीवास्तव, अवधेश राय, श्रद्धानंद भार्गव, शाकिर अली, टुनटुन राय, हसमत अली, आलम, गौसुल, जय प्रकाश, शकूर और मुन्ना राय का विशेष योगदान रहा।

# आधी रात का ऑपरेशनः अमलोर खदान में खनन माफिया पर गिरी गाज

■ ट्रक सीज, रास्तों पर बिखरी बालू

अवधनामा संवाददाता

**पैलानी, बांदा।** अमलोर गांव स्थित खंड संख्या-8 में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी जे. रीभा के निर्देश पर खनन टास्क फोर्स ने आधी रात से तड़के तक छापा मार दिया। रात करीब 12 बजे से सुबह 3 बजे तक चले इस ऑपरेशन में बिना रवन्ना और ओवरलोड बालू ढो रहे ट्रकों पर बड़ी कार्रवाई की गई। छापेमारी का नेतृत्व उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा, सीओ सदर राजवीर, और डीएमओ राज रंजन ने किया। कार्रवाई के दौरान कई ओवरलोड ट्रकों को सीज कर थाना पैलानी में खड़ा कराया गया, जिससे खनन कारोबारियों में खलबली मच गई।

**छापा पड़ते ही भागे ट्रक, सड़क पर फेंकी बालू-** ग्रामीणों के अनुसार, जैसे ही अधिकारियों का काफिला मौके पर पहुंचा, अधिकांश ट्रक चालक बालू सड़क पर फेंककर मौके से फरार हो गए। बाद में रास्तों पर बिखरी बालू को हटाने के लिए जेसीबी मशीनें लगाई गई, लेकिन कार्रवाई के दौरान मशीनें भी वहां से भाग खड़ी हुई, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं।

**6 ट्रकों पर रवन्ना, अब तौल के बाद होगी कार्रवाई-** सूत्रों की मानें तो मौके पर 6 ट्रकों पर रवन्ना होने की बात कही गई है, जिनकी कांटा (तौल) कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि ओवरलोड और नियमों के उल्लंघन की आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा।

**किसानों का फूटा गुस्सा, गंभीर आरोप-**अमलोर गांव के किसानों – मांगरू सिंह, पप्पू सिंह, राजू सहित अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बड़ा आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि खंड संख्या-8 के ठेकेदार, खंड संख्या-7 की मोरंग निकालकर अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की नए सिरे से जांच, अवैध खनन पर भारी जुर्माना, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी व ट्रैक्टर सीज

**कूरेभार/सुलतानपुर।** थाना कूरेभार क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफपुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर को सीज कर दिया। कार्रवाई से खनन माफिआओं में हड़कंप मच गया है।

थाना प्रभारी कूरेभार विजयंत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि खुनका बहादुरपुर क्षेत्र में अवैध खनन होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जांच के दौरान मौके पर अवैध खनन होता पाया गया, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन तथा एक ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार अवैध खनन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इस तरह के गैरकानूनी कार्यों में शामिल लोगों के खिलाफकठोर कदम उठाए जाएंगे। थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना सबकी जिम्मेदारीः डीएम

■ सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुई गोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त निदेशक एन.आई.सी. योगेश कुमार यादव, फील्ड अभियन्ता रमन कुमार गुप्ता तथा सहयोगी स्टाफ सै. फैसल द्वारा एआई का सुरक्षित उपयोग करने तथा इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संयुक्त निदेशक श्री यादव ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026 में ''स्मार्ट तकनीकरू सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज'' की थीम पर विश्व के लगभग 150 देशों में मनाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना है ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होंने कहा कि आज के युग में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ऐप व्हाट्स ऐप को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करना समय की मांग है जिससे साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लग सके। श्री यादव ने कहा कि साईबर सुरक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं समुदायों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरन्तरता के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में सबसे सशक्त माध्यम इण्टरनेट है जो सम्पूर्ण संसार को एक दूसरे से जोड़े हुए है। श्री यादव ने कहा कि जहां एक ओर इंटरनेट सीखने, सामाजिक संपर्क और व्यवसाय के लिए अनगिनत अवसर प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर साइबरबुलिंग, फ़िशिंग, डेटा उल्लंघन और अनुचित सामग्री के संपर्क में आने जैसे जोखिम भी पैदा करता है। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित इण्टरनेट का उपयोग करने हेतु जागरूक एवं शिक्षित करना है। गोष्ठी के दौरान मौजूद लोगों को एआई का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन बैंकिंग, पब्लिक वाई-फाई, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल आदि को किस तरह सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने तथा सभी प्रकार डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके बताये गये।

# आरती रथ को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** निः शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2000 की धारा (ग) के अन्तर्गत जनपद के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा एक/पूर्व प्राथमिक कक्षा में अलाभित समूह/दुर्बल वर्ग के 03 वर्ष से लेकर 07 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय के प्रारम्भिक कक्षा की कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत की सीमा तक निःशुल्क प्रवेश हेतु लक्षित वर्ग में जनजागरूकता जाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से आरती रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी को निर्देश दिया कि जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाय।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में आईटी पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों के 427 तथा शहरी क्षेत्र के 145 विद्यालय मैप्ड हैं। श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में 2275 तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में 864 उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों के सापेक्ष 03 चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में प्रवेश के लिए 02 फरवरी से आवेदन प्रारम्भ हो चुका है। इस अवसर पर जिला समन्वय सामुदायिक सहभागिता आशुतोष सिंह तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों का सर्वोहित ही हमारी प्राथमिकताः चौधरी



अवधनामा संवाददाता

**चांदा/सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र के कोथरा खुर्द गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल के संयोजन में शिव मंदिर कोथरा खुर्द में केंद्रीय बजट व विकसित भारत जी राम जी किसान संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भाजपा चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसानों का सर्वोहित ही है। सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया उसमें किसानो के हित की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है । किसानों के उपज का उचित बाजार मूल्य भी सरकार द्वारा दिए जा रहा है । वही केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मिलकर गांव में सतत विकास के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना को लाया है। जिसमें पहले से संचालित मनरेगा योजना में तमाम जो खामियां थी उसे दूर कर नए स्वरूप में इस योजना को संचालित करने का फैसला लिया है । जी राम जी योजना से गांव के मजदूरों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी है वहीं उनकी मजदूरी अब एक सप्ताह के अंदर ही उनके खातों में होगी। वहीं सरकार द्वारा ग्राम सभा के विकास के लिए इस योजना के तहत पक्की सड़क बारात घर पक्का नाला निर्माण शवदाह गृह सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। जिससे किसने और मजदूर के लाभ के साथ गांव का समुचित विकास भी होगा। पूर्व की सपा सरकार में अपराधियों का बोलबाला था आज वर्तमान सरकार में अपराधी या तो प्रदेश छोड़कर फरार है या तो जेल के अंदर है। हमारी सरकार आज जनता के हितों की सरकार बनी हुई है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसान हितों की सरकार है। सरकार द्वारा किसानों के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही है। जिससे किसान लाभान्वित भी हो रहे हैं। सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत धरातल पर कार्य कर रही है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा काशी प्रांत काशी प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री सुल्तानपुर भाजपा की प्रभारी मीना चौबे भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ आर के वर्मा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रतापगढ़ डॉ. ओमप्रकाश त्रिपाठी जिला महामंत्री घनश्याम चौहान व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा सुषमा जायसवाल ने भी अपना उद्बोधन दिया। आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष अमित त्यागी प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमरदेव सिंह प्रधान गनपत वर्मा प्रधान प्रतिनिधि अन्नु सिंह सदरपुर प्रधान केश कुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि नंदलाल गौतम पूर्व प्रधान देवी प्रसाद वर्मा प्रधान प्रतिनिधि अजय दूबे भाजपा नेता रामलवट दूबे बल्ला सिंह लाल सिंह सुमित सिंह सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संगीत कार्यक्रम प्रधान बृजलाल प्रजापति एंड टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# 70 लीटर अवैध शराब व 950 किलो लहन की गई नष्ट



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को जिला प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। डीएम सुल्तानपुर व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आबकारी टीम ने व्यापक छापेमारी की। आबकारी निरीक्षक रण विजय सिंह (क्षेत्र-1) ने टीम के साथ 10 फरवरी 2026 को ग्राम चुनहा और ग्राम तिवारी का पुरवा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही करीब 950 किलो लहन (शराब बनाने का कच्चा माल) मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में चार अभियोग पंजीकृत किए गए तथा दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया और गुप्त रूप से टेस्ट परचेज कर बिक्री की जांच की गई। इसके अलावा आरओ प्लांट, कबाड़ियों की दुकानों और ईंट-भट्ठों पर भी गहन चेकिंग की गई। टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इससे दूर रहने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# लोकतन्त्र की खूबसूरती प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में

■ मतदाता मताधिकार के प्रति जागरूक रहेंः जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में विशेष प्रगाढ निर्वाचन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और समावेशी बनाना रहा, बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वह अपने-अपने क्षेत्र में फार्म-6 के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि डाटा कलेक्शन की प्रक्रिया को त्रुटि रहित बनाने के लिए बी एल ओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ अपने बी एल ए (बूथ लेवल एजेंट) को अनिवार्य रूप से लगाए ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की संभावना न रहे, बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 1 अक्टूबर 2026 तक जो नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने हेतु चिन्हित किया जाए, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि अब सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं आधिकारिक फील्ड विजिट कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे, अंत में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकतंत्र की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र की असली खूबसूरती इसी में है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और वह अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहे, इसमें सभी राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सहायक निर्वाचन अधिकारी अनुराधा सिंह, तथा बहुजन समाज पार्टी के यादवेंद्र सिंह, अमित गर्ग एडवोकेट जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, शैलेंद्र शुक्ला जिला महासचिव कांग्रेस, शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉक्टर विजय आर्य समाजवादी पार्टी, नवल किशोर एडवोकेट महामंत्री सीपीआईएम, राम नरेश कटारा बीजेपी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया सदर तहसील का औचक निरीक्षण

■ कार्य में लापरवाही पर कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा आज अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी के साथ सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यों में अत्यधिक शीथिलता और लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज की व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिलाधिकारी निरीक्षण की शुरुआत में उप जिलाधिकारी कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने मुकदमों के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की धारा-24 के अंतर्गत मुकदमों की सही पैरवी न करने और विशेष रूप से अमर सिंह बनाम करण सिंह मामले में रिपोर्ट सही ढंग से प्रस्तुत न करने पर जिलाधिकारी ने पेशकार को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान लंबित वादों की संख्या अत्यधिक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई, उन्होंने तहसीलदार और उनके पेशकार को चार्जशीट देने के निर्देश देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार की चेतावनी दी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निम्नलिखित बिंदुओं पर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लंबित बैनामों की सूची तैयार कर तत्काल पेंडेंसी निकालने और केस दर्ज करने के बाद नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जाए, धारा-67, धारा-24 और धारा-16 के अंतर्गत लंबित अनुपालनों को पूर्ण करने को कहा, तहसील के खतौनी कक्ष में लगी पे0टी0एम0 मशीन खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति जताई और तहसीलदार को निर्देशित किया, कि इसे तत्काल ठीक कराया जाए, जिलाधिकारी ने ऑफलाइन मुकदमों के दर्ज होने पर सख्त रूप अपनाते हुए कहा कि जिन पटलों पर ऑफलाइन केस सर्वाधिक है, उनकी सूची तत्काल प्रस्तुत की जाए।


उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे पटल सहायकों और उत्तरदाई अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध चार्जशीट जारी की जाए, अंत में उन्होंने कहा कि जनता के वादों के निस्तारण में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही बरतेगा उसके विरुद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगीं।

# डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी डेढ़ दर्जन यात्री घायल

**शाहजहांपुर।** जनपद में मंगलवार को खुटार थाना क्षेत्र में सुबह छह बजे एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई इस दौरान यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है पूरनपुर रोड पर नवदिया मणिकांत गांव के पास अनियंत्रित डबल डेकर बस सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। जो बस पंजाब के लुधियाना से बहराइच की ओर जा रही थी। बस में बड़ी संख्या में मजदूर सवार थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलने पर खुटार पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया इस दौरान लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक यात्रियों के चोटिल होने की सूचना है।

**Public Notice**

This is to hereby declare that my Name is HITENDER SINGH SAINI which is wrongly mentioned in my daughter High School Marksheet as HITENDER SAINI which is liable to be corrected as HITENDER SINGH SAINI, Distt Saharanpur,up




## सुभाष चौराहे पर भीषण जाम,आमजन बेहाल

**टूंडला।** सुभाष चौराहे के दो प्रमुख मार्गों पर शनिवार को भीषण जाम की स्थिति देखने को मिली, जिससे राहगीरों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।एटा रोड और आगरा सर्विस रोड पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। जाम के चलते पूरा क्षेत्र अस्त-व्यस्त नजर आया। जाम की स्थिति इतनी भयावह रही कि यात्री बसों को छोड़कर पैदल ही सुभाष चौराहे तक पहुंचने को मजबूर हुए। एंबुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसी रहीं,जिससे आपात सेवाओं पर भी असर पड़ा। वहीं कुछ रोडवेज बसें एटा रोड पर ही सवारी भरती हुई नजर आई, जिससे जाम और अधिक बढ़ गया। काफी देर तक जाम में फंसे यात्री और राहगीर परेशान होते रहे, लेकिन राहत के कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आए। हैरानी की बात यह रही कि सुभाष चौराहे पर तैनात ट्रैफिक विभाग के सिपाही भी जाम से बचते हुए इधर-उधर होते दिखे। दिन भर जाम का दाम चुकाने को मजबूर जनता प्रशासन को कोसती रही, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की चुप्पी ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया।

# ओवरटेक के दौरान आर्टिका कार से टकराया डम्पर दो की मौत, 8 घायल

■ तिलक चढ़ाने जा रहे थे कार सवार

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में सोमवार शाम हाईवे पर स्थित कोठा मंझा गांव के सामने ओवरटेक कर रहा ट्रक सामने से आ रही कार से टकरा गया। हादसा इतना खतरनाक था हादसे में बहन का तिलक चढ़ाने जा रहे भाई आनंदपाल थाना सदर बाजार मोहल्ला हद्दफ निवासी की मौके पर मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल है इस हादसे में मृतक आनंदपाल उर्फ पप्पू के बड़े भाई देवेंद्र के ससुर सुरेश पाल (60 वर्ष) निवासी निवरिया थाना फतेहगंज पूर्वी, बरेली की भी मौत हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हुए हैं। इनमें लड़की के पिता छोटेलाल की हालत गंभीर बताई जा रही। मिली जानकारी के अनुसार आनंद पाल की बहन





सविता की शादी 15 फरवरी को फर्रुखाबाद के थाना फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पट्टी पूर्वी में होनी है। सोमवार की शाम आनंदपाल परिवार के लोगों के साथ कार व इको वैन से अपनी बहन का तिलक चढ़ाने के लिए फर्रुखाबाद जा रहे थे। इस दौरान अल्हागंज थाना क्षेत्र में कोठा मंझा गांव के पास पहुंचे, तभी किसी वाहन को ओवरटेक करते हुए आ रहा ट्रक उनकी कार से टकरा गया। इस बीच ईको वैन भी ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ी में फंसे लोगों को पास पड़ोस के ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से निकला इस दौरान दो लोगों की मौत हो चुकी थी इस बीच पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में सवार घायल कप्तानपाल (60), निखिल पाल (17), राघव (12), अनमोल (10) व विनोद (40), लड़की के पिता छोटेलाल, शीवेंद्र व हरदोई के गांव जल्लापुर निवासी कार चालक विमलेश को सीएचसी जलालाबाद भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार कर सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।**

पत्रांक :- 958/जि0पं0म0/2025-26

दिनांक : 10 फरवरी, 2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना**

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त योजना से स्वीकृत परियोजना की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्ते अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 25.02.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 26.02.2026 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में पूर्वान्ह 11.00 बजे से निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड- IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0 जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड-CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 11-02-2026 04.00 PM | 11-02-2026 04.00 PM | 25-02-2026 10-00 AM | 26-02-2026 11.00 AM |

**अभियन्ता जिला पंचायत महराजगंज।** **अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज।** **मा. अध्यक्ष जिला पंचायत महराजगंज।**

# परीक्षा को सकुशल एवं नकल विहीन संपन्न कराई जाए: डीएम

**वहाज अली निहाल**



हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाओं के संबंध में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाओं के संबंध में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम डीएम ने समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा की परीक्षा को शकुशल एवं नकल विहीन संपन्न कराई जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा जो गलतियां पिछले वर्ष हुई वह इस वर्ष नहीं होनी चाहिए। परीक्षा दिनांक 18 फरवरी से 12 मार्च, 2026 रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए एवं प्रत्येक कक्षा का कैमरा व रिकॉर्डर चालू रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रत्येक परीक्षा केंद्र में खुद जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी बालिका परीक्षार्थी की तलाशी पुरुष द्वारा नहीं ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम में रखे जायेंगे, जिसमें चार-डबल लौक अलमारी होंगी, जिसकी चाबी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी। उन्होंने बताया कि किसी कारणवश यदि दुबारा परीक्षा कराने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए चौथी डबल-लौक अलमारी में अतिरिक्त प्रश्न पत्र रखे जाएंगे जिसकी चाबी संबंधित थाना अध्यक्ष के पास रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की प्रथम पाली का समय 8:30 बजे से 11:45 व दूसरी पाली का समय 2:00 बजे से 5:15 तक है। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम में नाइट विजन कैमरा की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित जो भी त्रुटि उत्पन्न हो रहीं है उसका सुधार जल्द से जल्द परीक्षा से पूर्व कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 67 सैंटर हैं। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए कहा कि सभी डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाईव रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा का ऑडियो सहित रिकॉर्डिंग सुरक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की सभी गाइडलाइन्स को प्रिंट करके अपने ऑफिस में रखे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल की अ कॉपी कत्थई रंग की व ब कॉपी हरे रंग की एवं इंटरमीडियेट की अ कॉपी लाल रंग की व ब कॉपी नीले रंग की होगी। केन्द्र पर वितरित अ एवं ब उत्तर पुस्तिका के रख रखाव संबंधी पंजिका का समय समय पर अवलोकन करेंगे और यह भी ध्यान रखा जाए कि उत्तर पुस्तिका की किसी भी दशा में अदला बदली न हो सके और अवशेष उत्तर पुस्तिका का दुरुपयोग न किया जाए, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक सुशांत श्रीवास्तव, सी.ओ. सिटी रामगोपाल शर्मा सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षक संघ की पांचवी वर्षगांठ मनाई गई

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** महिला शिक्षक संघ की पांचवी वर्षगांठ का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ब्लॉक कार्यकारिणी के अलावा सैकड़ो महिला शिक्षिकाएं , शिक्षक के क्षेत्र में कार्यरत कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, महिला शिक्षक संघ की गतिविधियों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और महिला शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं और महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मीडिया प्रभारी श्वेता चंदेल और अर्चना बाजपेई शामिल थीं। इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की महामंत्री अर्चना चौधरी ने कहा कि संघ का उद्देश्य महिला शिक्षा को बढ़ावा देना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि संघ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस गौरवपूर्ण दिन को मनाने के लिए महिला शिक्षक जिला कार्यकारिणी इटावा के बैनर तले एकत्रित हुए और इस दिन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई तथा केक काटकर इस दिन को विशिष्ट बना दिया गया महिला शिक्षक संघ इटावा की अध्यक्ष कामना सिंह के द्वारा सभी को प्राधिकार पत्र बांटे गए तथा पुरस्कार वितरण किए गए कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी महिला शिक्षक संघ की महामंत्री अर्चना चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेनू सिंह, उपाध्यक्ष मीनाक्षी पांडे , अर्चना पांडे, प्रतिभा तिवारी, मंजू लता राजपूत, श्वेता चंदेल, अर्चना बाजपेई, सीमा यादव सीमा चौहान, ज्योति यादव, अर्चना, कोषाध्यक्ष अनामिका पांडे, निशा मिश्रा के साथ-साथ ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संगठन की उपाध्यक्ष अर्चना पांडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन संगठन की अध्यक्ष कामना सिंह ने किया।

# नि:शुल्क पशु टीकाकरण, ईलाज एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**सोनभद्र/डाला।** इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा निर्देशन , मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत के मार्गदर्शन में अल्ट्राटेक के सी एस आर विभाग के सतत आजीविका कार्यक्रम के अंतर्गत बिल्ली मारकुण्डी एवं आसपास के क्षेत्र में पशु टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया ,जिसके द्वितीय चरण में ग्राम खैरटिया , बिल्ली में दिनांक 09 / 02/ 26 को पशु टीकाकरण ,निशुल्क इलाज दवा वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें200 से अधिक पशुओं का खुरपका , मुँहपका बिमारियों का टीकाकरण एवं दूध उत्पादन बढ़ाने हेतु मिनरल मिक्सचर , कृमि नाशक दवा वितरण एवं बीमार पशुओं का ईलाज किया गया। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुभव सिंह एवं विकास चौधरी ने क्षेत्र के पशुपालकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जिसके साथ नियमित टीकाकरण ,समय से बीमा , कीड़े की दवा का नियमित इस्तेमाल , पशुओं के आहार में संतुलन एवं बकरी पालन , कुक्कुट पालन , स्वयं सहायता समूह के लिए योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सी एस आर प्रमुख निशा तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि सतत् आजीविका कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे द्वारा क्षेत्र में पशु टीकाकरण एवं ईलाज का कार्यक्रम किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य पशुओं में मौसमी बीमारियों से बचाव एवं शासकीय स्कीम के बारे में जानकारी एवं लाभ लेना है उन्होंनेजागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी पर भी विशेष जोर दिया एवं सहभागिता से कार्य करने की बात कही कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में सी एस आर अधिकारी रोहित श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष यादव पशुधन प्रसार अधिकारी , पशु मित्र अजय यादव , दुर्गा प्रसाद के साथ अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक के सी एसआर विभाग का इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# एडीजी जोन ने की समीक्षा बैठक




**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज ज्योति नारायण का मंगलवार को जनपद हमीरपुर में प्रथम आगमन हुआ। आगमन पर उन्हें गार्द सलामी दी गई। इसके उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने जनपद की वर्तमान कानून व्यवस्था, अपराधों की प्रवृत्ति, अपराधों के अनावरण, लंबित विवेचनाओं, प्रभावी पुलिसिंग, जनसुनवाई, महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था तथा आगामी पर्व-त्योहारों एवं बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक ने अपराध नियंत्रण के लिए बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत करने तथा थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया। महिला, बाल एवं साइबर अपराधों के मामलों में शीघ्र कार्रवाई तथा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी पैरवी पर विशेष जोर दिया गया।उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने एवं आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

# किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के काटा नहीं जाएगा: जिला निर्वाचन अधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में विद्यमान है अगर वह अपना नाम कहीं दूसरी जगह दर्ज करना चाहते हैं तो वह फॉर्म 08 भरकर उसे स्थानांतरण करेंगे ना कि फॉर्म 6 भरेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिनकी जनसुनवाई दिनांक 21 जनवरी 2026 से चल रही है तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की भी नोटिस आयोग के निर्देशानुसार जनरेट किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। उन्होंने कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी कि सूची तैयार है एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में तीन अभिलेख ही लगाने है साथ ही कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर सुनवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार आवेदक के आधार कार्ड, पैन कार्ड भी मान्य कर दिया गया है साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ए.ई.आर.ओ. द्वारा सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नो मैपिंग केस में आवेदक के मार्कशीट, पासपोर्ट, जन्मप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण मान्य हैं। उन्होंने कहा कि 55000 लोगों की सुनवाई हो चुकी है, जिसमें 46000 के पक्ष में सकारात्मक आदेश है, किसी के भी पक्ष में नकारात्मक आदेश नहीं है एवं 9000 लोगों की सुनवाई प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि बी.एल.ओ. घर-घर जाकर नोटिस देंगे एवं आवेदक के फोटो एवं इसकी प्रक्रिया वही है एवं नोटिस भी वही है जैसा नो मैपिंग में है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के काटा नहीं जाएगा। उक्त बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, कृपा नारायण तिवारी भाजपा, सत्येंद्र राजपूत भाजपा, प्रदीप शाक्य बबलू जिलाध्यक्ष सपा, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, संजीव भदौरिया भाजपा, वाचस्पति द्विवेदी इंडियन नेशनल कांग्रेस, इकरार अहमद आम आदमी पार्टी, मोहित जाटव बहुजन समाज पार्टी, प्रेम शंकर माकपा सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

# मल्लावां में आलोक प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**मल्लावां (हरदोई)।** दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आलोक प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशु द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनसे खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशीष सिंह आशु ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त आधार है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। उन्होंने दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन की यह प्रेरक पहल क्षेत्र की उभरती हुई प्रतिभाओं को अवसर, मंच और नई दिशा प्रदान करने का उत्कृष्ट माध्यम बन रही है। इस टूर्नामेंट के माध्यम से न केवल युवाओं की खेल प्रतिभा निखरेगी बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना और बड़े लक्ष्य हासिल करने का आत्मविश्वास भी जागृत होगा। विधायक आशीष सिंह आशु ने कहा हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अवसर और मंच मिले। खेल मैदान से ही बड़े खिलाड़ी निकलते हैं। यदि प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और सुविधाएं मिलें तो हमारे क्षेत्र के बच्चे भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन की यह पहल अत्यंत सराहनीय है और ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बिलग्राम के अध्यक्ष अनिल राठौर, आयोजन समिति के सदस्य अमी कबीर वर्मा, सी.पी. वर्मा, अतुल पटेल (प्रधान प्रतिनिधि), शैलेन्द्र वर्मा, विजय विक्रम फौजी, आदेश मिश्रा, विनीत विक्रम पटेल, दीपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, क्रिकेट प्रेमी व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एआई के दौर में सुरक्षित इंटरनेट के प्रति जागरूक हुए अधिकारी और छात्र



**सोनभद्र।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में सोमवार को Safer Internet Day–2026 के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार, राजकीय पॉलिटेक्निक और आईटीआई दुद्धी में आयोजित इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) और साइबर सुरक्षा की बारीकियों को समझाया। इस वर्ष की थीम "Smart Tech, Safe Choices" पर केंद्रित रही। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने अपने संबोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीकों का सकारात्मक और सुरक्षित उपयोग विकास की गति को तेज करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम शासकीय कार्मिकों एवं आमजन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा और डाटा एनालिस्ट सूर्य प्रकाश ने कार्यशाला में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी और वित्तीय साइबर अपराधों से कैसे बचें, सोशल मीडिया का उत्तरदायी और सुरक्षित उपयोग कैसे करें, एआई का विवेकपूर्ण प्रयोग कैसे किया जाए ताकि इसके जोखिमों से बचा जा सके,विभिन्न विभागों की रही सहभागिता, एनआईसी सोनभद्र के सहयोग से आयोजित इन कार्यशालाओं में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, इसी क्रम में पॉलिटेक्निक और आईटीआई दुद्धी में संबंधित प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के अनुसार, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है ताकि डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को सुरक्षित तरीके से प्राप्त किया जा सके।

# सीआईआई एचआर एक्सीलेंस असेसमेंट का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** सीआईआई एचआर एक्सीलेंस असेसमेंट की औपचारिक शुरुआत एक सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी उद्घाटन सत्र के साथ की। यह पहल संगठन की मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता, नवाचार और सतत सुधार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ, जो संगठन के मूल्यों और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। इस अवसर पर सीआईआई असेसमेंट टीम का पारंपरिक श्रीफल एवं शॉल से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) सहित स्टेशन का वरिष्ठ प्रबंधन उपस्थित रहा। अपने संबोधन में साहा ने सीआईआई असेसर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल फीडबैक को खुले मन से स्वीकार कर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से निरंतर सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्घाटन प्रस्तुति को चार प्रमुख विषयगत खंडों में विभाजित किया गया, जिनमें स्टेशन की समग्र उत्कृष्टता यात्रा को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। भारतीय विद्युत क्षेत्र एवं स्टेशन के परिचालन प्रदर्शन पर प्रस्तुति राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) द्वारा दी गई। मानव संसाधन की समग्र पहलों एवं प्रभावी सीएसआर गतिविधियों की जानकारी कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने साझा की। डिजिटलीकरण से जुड़ी प्रमुख पहलों को सौरभ बनौधा, उप महाप्रबंधक (आईटी) द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# फाइलेरिया के बारे में बच्चों को दी जानकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** उच्च प्राथमिक विद्यालय ककराही में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन/आइवरमैक्टिन ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम0डी0ए0-आई0डी0ए0) अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी0के0 राय तथा इस अभियान के नोडल अधिकारी डा. प्रेमनाथ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दवा का सेवन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ककराही के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. गुरू प्रसाद ने फाइलेरिया रोग के बारे में बच्चों को अवगत कराया। जिला मलेरिया अधिकारी सोनभद्र श्री धर्मेन्द्र नारायण श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जनपद सोनभद्र में फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 ब्लॉकों ककराही, घोरावल में दिनांक 10 फरवरी 2026 से 28.02.2026 तक एम0डी0ए0 आई0डी0ए0 अभियान चलाया जाना है, एम0डी0ए0 अभियान के दौरान घर-घर जाकर 02 वर्ष के ऊपर की समस्त आबादी को डी0ई0सी0, आईवरमेक्टिन एवं अल्बेन्डाजोल की टैबलेट आयुवर्ग के अनुसार खिलायी जायेगी। दवा खिलाये जाने हेतु कुल 578 टीमें बनायी गयी है, प्रत्येक टीम में 02 सदस्य होगे जो सप्ताह के 04 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार में प्रत्येक दिन लगभग 20 से 25 घरों में (गर्भवती महिला, गंभीर बीमार तथा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर) सभी लोगों को दवा खिलायेंगें, टीम के निरीक्षण हेतु कुल 108 सुपरवाइजर लगाये जायेंगे, प्रत्येक सुपरवाइजर 05 से 06 टीमों का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के संचालन हेतु दोनों ब्लाकों पर आई0ई0सी0 मैटेरियल, ड्रग, चॉक पेन, मार्कर, मीजरिंग टेप इत्यादि उपलब्ध कराया जा चुका है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों के साथ प्रधानाचार्या श्रीमती भवानी देवी, मलेरिया निरीक्षक देवाशीष पांडेय, एल. टी. सर्वश्री राहुल, सुशील, धर्मदेव भारती, बी.सी.पी.एम. ककराही, अमरनाथ यादव, एस.एफ. डब्लु. श्री सभाजीत, मॉनिटर अंजनी एवं पी.सी.आई. से श्री शिवम उपस्थित रहे। ब्लॉक घोरावल में इस अभियान का शुभारम्भ उप जिलाधिकारी घोरावल, श्री आशीष कुमार त्रिपाठी के द्वारा स्वयं एल्वेंडाजोल, डी.ई.सी. और आइवरमैक्टिन की दवा का सेवन कर किया गया और लोगो को खिलाकर जनमानस से अपील किया कि इस अभियान में टीम घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलायेगी उसे सभी लोग अवश्य टीम के सामने ही खाकर इस बीमारी से समाज को फाइलेरिया से मुक्त करने में मदद करें और अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ए0सी0एम0ओ0 डॉ. प्रेमनाथ, ब्लॉक घोरावल के अधीक्षक डा. नरेन्द्र सरोज, तहसीलदार श्री प्रवीण सिंह, सर्वश्री आर0के0 सिंह, अनिल कुमार दूबे, अखिलेश, प्रशांत दूबे इत्यादि उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों पर घमासान

नए बजट के बावजूद पुरानी खड़ंजा से इंटरलॉकिंग! ग्रामीणों ने प्रधान से मांगा हिसाब

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम (हरदोई)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हेबातपुर में चल रहे इंटरलॉकिंग सड़क, नाली और बॉक्सिंग निर्माण कार्य को लेकर अब बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। गांव के लोगों ने मौजूदा प्रधान के खिलाफ गंभीर सवाल उठाते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और खर्च हुई धनराशि की जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस कार्य के लिए नया एस्टीमेट पास हुआ और नई सामग्री लगनी थी, वहां पुरानी उखाड़ी गई खड़ंजा ईंटों का इस्तेमाल कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क, नाली और बॉक्सिंग में पुराने मटेरियल से काम होने के कारण निर्माण की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि जब शासन से नई धनराशि स्वीकृत हुई है तो फिर पुराने मटेरियल से काम क्यों कराया जा रहा है? गांव की जनता यह जानना चाहती है कि नए एस्टीमेट का पैसा आखिर कहां खर्च हो रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि मौजूदा प्रधान कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म पर गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों की तारीफ करते हुए दावा कर रहे हैं कि उनके द्वारा हर काम बेहतर तरीके से कराया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्थिति देखकर लोग खुद सवाल उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीब एक वर्ष पूर्व प्रधान से जुड़ा एक कथित ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसके बाद से विकास कार्यों की पारदर्शिता को लेकर चर्चा होती रही है। अब मौजूदा निर्माण कार्य ने इन चर्चाओं को फिर हवा दे दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता, स्वीकृत एस्टीमेट और खर्च हुई धनराशि की जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में हो रहे विकास कार्यों की सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी नीरज शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितता पाई जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राठ ब्लॉक में मनरेगा का डिजिटल खेल उजागर

**अवधनामा संवाददाता**

एक ही फोटो से भर दीं कई मस्टर रोल की हाजिरियाँ

**हमीरपुर।** जनपद के राठ विकास खंड की ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (NMMS) के आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि कैसे तकनीक को ही भ्रष्टाचार का हथियार बना लिया गया है। 10 फरवरी 2026 को अपलोड किए गए डेटा के अनुसार, कई पंचायतों में मजदूरों की संख्या और मौके की तस्वीरों में भारी विसंगति पाई गई है।

**मलेहटा पंचायत: जालसाजी का सबसे बड़ा प्रमाण**

भ्रष्टाचार की सबसे हैरान करने वाली तस्वीर ग्राम पंचायत मलेहटा से सामने आई है। यहाँ मेट द्वारा एक ही फोटो का इस्तेमाल दो अलग-अलग मस्टर रोल के लिए किया गया: मस्टर रोल नं. 8573: फोटो में लगभग 8 लोग दिख रहे हैं और हाजिरी 10 मजदूरों की दिखायी गयी है जिस मे 3 महिलाएं भी दर्ज है लेकिन फोटो मे एक भी महिला नही है ।

मस्टर रोल नं. 8565: इसी पंचायत के दूसरे मस्टर रोल के लिए वही पुरानी फोटो दोबारा अपलोड की गई और फिर से 10 नए मजदूरों की हाजिरी भर दी गई।

नियमों का उल्लंघन: जिओ-टैग फोटो का नियम है कि हर मस्टर रोल के लिए अलग ग्रुप फोटो अनिवार्य है, लेकिन यहाँ एक ही भीड़ दिखाकर दोहरा भुगतान लेने की साजिश रची गई।

**बसेला और नौरंगा: फोटो में सन्नाटा और कागजों में मजदूर**

ग्राम पंचायत बसेला (Msr 8483): यहाँ जलरोक बांध निर्माण कार्य के मस्टर रोल में अनीता, अरविन्द्रा, भारती देवी जैसे कई नाम दर्ज हैं। लेकिन NMMS पर अपलोड फोटो में काम के नाम पर मात्र एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दे रहा है शेष को अनुपस्थित दिखाया गया है। ग्राम पंचायत नौरंगा (Msr 8465): यहाँ सोलिंग कार्य की फोटो सुबह 08:24:01 पर ली गई। लेकिन इसे पोर्टल पर करीब 9 घंटे की देरी से शाम 05:44:24 पर अपलोड किया गया, जो कार्य की प्रामाणिकता को संदिग्ध बनाता है।

**प्रमुख अनियमितताएं जो डेटा से पकड़ी गईं:**

दूसरी फोटो गायब: सभी विवादित मस्टर रोल में "Second Photo is not uploaded!" का अलर्ट आ रहा है। नियमानुसार कार्य के अंत की दूसरी फोटो अनिवार्य है। फर्जी उपस्थिति: बसेला पंचायत के मस्टर रोल में अधिकांश नाम होने के बावजूद मौके पर श्रमिक नदारद हैं। तुलनात्मक गड़बड़ी: मलेहटा पंचायत में एक ही समूह की फोटो को बार-बार अपलोड कर अलग-अलग मस्टर रोल का भुगतान निकालने का प्रयास किया गया है।

**प्रशासनिक जवाबदेही पर प्रश्न-** राठ ब्लॉक में उजागर हुआ यह 183 से अधिक मजदूरों की फर्जी हाजिरी का मामला केवल एक दिन की बानगी है। यदि पूरे माह के डेटा की सघन जांच हो, तो यह घोटाला बड़े स्तर पर जा सकता है। ग्रामीणों ने इस मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से वसूली के आरोप में दो निलंबित

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** सीएम स्वरोजगार योजना में आवेदन करने व बैंक से ऋण दिलाने के नाम पर गरीबों से की जाने वाली अवैध वसूली के मामले में जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा शासन को भेजी गई चार्जशीट के बाद दोषी पाए गए जिला उद्योग केंद्र के सहायक उपायुक्त रवि वर्मा व सहायक प्रबंधक संतोष प्रकाश राव को निलंबित कर दिया गया है। शासन स्तर से की गई इस कार्रवाई से विभागीय लोगों में खलबली मची हुई है। उद्योग विभाग में सीएम स्वरोजगार योजना में आवेदन करने व बैंक से ऋण देने के नाम पर गरीबों से जमकर धन उगाही की जाती थी। इस मामले की शिकायत आवेदकों ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना से की थी। इस पर जिलाधिकारी ने सीडीओ अरुण कुमार सिंह और तत्कालीन एडीएम वित्त एवं राजस्व विजयशंकर तिवारी की दो सदस्यीय कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई थी। जांच में विभाग में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मियों के द्वारा आवेदको से ऋण दिलाने के नाम पर उगाही करने का मामला सामने आया था। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने प्रभारी उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र रवि वर्मा से बीते 25 दिसंबर को कार्यभार लेकर एसडीएम न्यायिक राठ अभिषेक कुमार को सौंप दिया था। इसके बाद मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी घनश्याम मीना के द्वारा शासन को भेज दी गई थी, जिसको संज्ञान में लेकर सोमवार को शासन ने उद्योग केंद्र के सहायक उपायुक्त रवि वर्मा व जांच में दोषी पाए गए सहायक प्रबंधक संतोष प्रकाश राव को निलंबित कर दिया है। सीडीओ अरुण सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए गए सहायक उपायुक्त उद्योग केंद्र रवि वर्मा व सहायक प्रबंधक संतोष प्रकाश राव को शासन स्तर से निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में की गई जांच के बाद जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई चार्जशीट के आधार पर शासन ने यह कार्रवाई की है।

# सैफई में बनेगा 250 बेड का ट्रॉमा सेंटर

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पास ट्रॉमा सेंटर
- दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगी त्वरित चिकित्सा
- सीएम योगी ने ट्रॉमा सेंटर स्थापना पर जोर दिया
- सैफई विश्वविद्यालय को मिलेगा नया चिकित्सा विस्तार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई (इटावा) के अन्तर्गत 250 शैय्या वाले लेवल-1 ट्रॉमा सेण्टर की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया है। यह ट्रॉमा सेण्टर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के समीप स्थापित किया जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आपात परिस्थितियों में घायलों को त्वरित एवं उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री लोक भवन में बतौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे विश्वविद्यालय परिसर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में बहुमूल्य समय नष्ट होता है। प्रस्तावित ट्रॉमा सेण्टर का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में 'सेण्टर फॉर रूरल हेल्थ' की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें टेली ओ0पी0डी0, वर्चुअल ओ0पी0डी0, डिजिटल डेटा एकीकरण तथा मोबाइल आउटरीच जैसी सेवाएं शामिल हों। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान को नई दिशा देने से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई को पश्चिमी एवं मध्य उत्तर प्रदेश के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा, शिक्षण एवं शोध के प्रभावी केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। उपचार, शिक्षण और अनुसंधान के प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता, संवेदनशीलता तथा समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि देश के अग्रणी चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) का अध्ययन कर उन्हें विश्वविद्यालय की व्यवस्था में समाहित किया जाए। विश्वविद्यालय से समाज की उच्च अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं, जिनकी पूर्ति के लिए हब-एण्ड-स्पोक मॉडल को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में समग्र सुधार हो सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में इण्टीग्रेटिव मेडिसिन यूनिट की स्थापना की जाएगी। इस इकाई के माध्यम से एलोपैथी एवं आयुष पद्धतियों के समन्वय से रोगी-केन्द्रित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अन्तर्गत आयुष विभाग के सहयोग से इण्टीग्रेटिव ओ0पी0डी0, विशेष क्लीनिक, योग एवं वेलनेस इकाई स्थापित की जाएंगी।

स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनसम्पर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय समाज के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करे। इस क्रम में विश्वविद्यालय में कम्युनिटी ब्रॉडकास्ट सर्विस की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, रोग-निवारण, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से सम्बन्धित प्रामाणिक जानकारी तथा शैक्षणिक सामग्री का प्रसारण किया जाएगा।

# आइआरसीटीसी ने नया रेल-आधारित पर्यटन सर्किट डिवाइन ईस्ट टेम्पल टूर लॉन्च किया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी), जो भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, ने भारत गौरव डीलक्स पर्यटक रेलगाड़ी के माध्यम से ÷दिव्य पूर्व मंदिर यात्रा÷ नामक एक नया पर्यटन परिपथ शुरू किया है। यह 10 दिनों की रेल आधारित यात्रा श्रद्धालुओं और यात्रियों को उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के कई प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध विरासत स्थलों के दर्शन का एक अनोखा अवसर देती है।

यात्रा की शुरुआत दिल्ली सफदरजंग से होगी और इसमें वाराणसी, कोलकाता, गंगासागर, पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क, चिलिका और बैद्यनाथ धाम की यात्रा कराई जाएगी, जिसके बाद रेलगाड़ी दिल्ली वापस लौटेगी। इस यात्रा के दौरान वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर (ज्योतिर्लिंग) के दर्शन और गंगा आरती कराई जाएगी। इसके बाद भारत की सांस्कृतिक राजधानी कोलकाता का भ्रमण होगा, जिसमें विक्टोरिया मेमोरियल, शहर के अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल तथा कालीघाट (शक्ति पीठ) और दक्षिणेश्वर काली मंदिर जैसे प्रसिद्ध मंदिर शामिल हैं। गंगासागर के पवित्र तटों की एक दिवसीय यात्रा, जिसमें सागर संगम में पवित्र स्नान और कपिल मुनि मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे, इस यात्रा का मुख्य आकर्षण है। इसके बाद यात्रा पुरी जाएगी, जहाँ भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही ओडिशा परिपथ के अंतर्गत भुवनेश्वर, धौली शांति स्तूप, उदयगिरि और खंडगिरि की गुफाएँ, कोणार्क सूर्य मंदिर और अन्य प्रमुख स्थल दिखाए जाएंगे। यात्रा का अंतिम आध्यात्मिक पड़ाव बैद्यनाथ धाम (देवघर) होगा, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसके पश्चात 18 मार्च 2026 को रेलगाड़ी दिल्ली सफदरजंग वापस पहुँचेगी और इस यादगार तथा आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा का समापन होगा। आईआरसीटीसी द्वारा प्रस्तुत यह सर्वसमावेशी यात्रा धार्मिक और अवकाश पर्यटन का एक बेहतरीन मेल है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को सहज, सुरक्षित और समृद्ध यात्रा अनुभव प्रदान करना है। भारत गौरव डीलक्स पर्यटक रेलगाड़ी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वातानुकूलित तृतीय, द्वितीय एवं प्रथम श्रेणी के सुव्यवस्थित केबिन, रेलगाड़ी के भीतर स्वच्छ शाकाहारी भोजन परोसने वाले भोजनयान, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों की सुविधा के लिए समर्पित टूर प्रबंधक उपलब्ध हैं। आईआरसीटीसी ने इस विशेष रेल यात्रा की शुरुआत 1 एसी श्रेणी के लिए 1,06,940/- प्रति व्यक्ति, 2 एसी के लिए 98,925/- तथा 3 एसी श्रेणी के लिए 79,285/- की कीमत पर की है। इस पैकेज मूल्य में वातानुकूलित श्रेणियों में रेल यात्रा, वातानुकूलित होटलों में ठहरने की व्यवस्था, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), वातानुकूलित वाहनों द्वारा सभी स्थानांतरण एवं दर्शनीय स्थल भ्रमण, यात्रा बीमा तथा आईआरसीटीसी टूर प्रबंधकों की सेवाएँ आदि शामिल हैं।

# सालाना कॉन्सर्ट रिदम एंड स्माइल्स बड़े उत्साह के साथ मनाया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** न्यू वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना सालाना कॉन्सर्ट रिदम एंड स्माइल्स बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल मैनेजमेंट द्वारा दीप प्रज्वलित करने से हुई, जिसके बाद गर्मजोशी से स्वागत किया गया और एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने वाली सर्व-धर्म प्रार्थना की गई। स्कूल प्रिंसिपल द्वारा पेश की गई सालाना रिपोर्ट में स्कूल की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और साल भर में हुई कुल प्रगति पर प्रकाश डाला गया।

छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें कविताओं के साथ नृत्य, फैशन शो, कहानी प्रस्तुति, एरोबिक्स और भारत की समृद्ध विरासत को दर्शाने वाले सांस्कृतिक नृत्य शामिल थे। स्क्रीन टाइम कम करने पर एक जागरूकता प्रस्तुति ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन स्कूल वाइस प्रिंसिपल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पिकअप ने साइकिल सवार किशोर को रौंदा, मौत

- ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार, आधे घंटे तड़पता रहा घायल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के पारा स्थित कांशीराम कॉलोनी में मंगलवार को तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार से उसका सहारा छीन लिया। गैस सिलेंडरों से लदी एक अनियंत्रित पिकअप ने साइकिल से घर लौट रहे 16 वर्षीय किशोर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ने वाहन भगाने की कोशिश में किशोर के सिर को पहियों से कुचल दिया और पिकअप मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस दर्दनाक हादसे से इलाके में सनसनी फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे के बाद वह करीब आधे घंटे तक लहूलुहान हालत में सड़क पर तड़पता रहा। आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े और एंबुलेंस बुलाने की कोशिश की, लेकिन समय पर प्राथमिक उपचार न मिल पाने के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

मृतक की पहचान सदरौना स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी छोटू विश्वकर्मा के छोटे बेटे सूरज (16) के रूप में हुई है। सूरज परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए घर के पास ही चाऊमीन का ठेला लगाता था और पढ़ाई के साथ-साथ काम कर परिवार की मदद करता था। मंगलवार सुबह वह साइकिल से हंसखेड़ा से अपने घर की ओर लौट रहा था। जैसे ही वह पुलिस चौकी के समीप पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल सूरज को तत्काल लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता सदमे में हैं।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल पिकअप को जब्त कर लिया गया है। वाहन गैस सिलेंडरों से लदा हुआ था, जिससे हादसे की गंभीरता और बढ़ गई। फरार चालक की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

पुलिस ने लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाने के आरोप में संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

# खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे रोजगार की अपार सम्भावनायें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे किसानो व उद्यमियो की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं के लिए रोजगार की अपार सम्भावनायें है।उन्होने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं तथा प्रदत्त व प्राविधानित अनुदान आदि के बारे मे लोगो को जागरूक व प्रेरित किया जाय, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। इस दिशा मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा है।उन्होंने निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानो के उत्पादो का अधिक से अधिक दाम दिलायें।विकसित भारत के निर्माण मे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के मार्गदर्शन मे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को लगातार स्वीकृति मिल रही है और उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन रहा है। खाद्य प्रसंस्करण से किसानो व युवाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के ठोस प्रयास किये जा रहे हैं।उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से उद्यमियों को नये आयाम मिल रहे हैं।खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं। नीति से स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा और गांव-गांव तक औद्योगिक समन्वय पहुंच रहा है।यूपी मे फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री निवेश व रोजगार का नया केंद्र बन रही है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है।

# लापता कर्मचारी ने बाग में लगाई फांसी

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** थाना काकोरी क्षेत्र के ग्राम बिगहू निवासी एक व्यक्ति, जो सोमवार शाम से लापता थे, का शव मंगलवार सुबह गांव के पास एक बाग में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बिगहू निवासी रविराजराज रावत ने सोमवार (9 फरवरी 2026) रात करीब 11 बजे सूचना दी कि उनके पिता राजकिशोर (52) पुत्र स्वर्गीय नन्हे, शाम करीब 4 बजे घर से निकले थे और देर रात तक वापस नहीं लौटे। सूचना पर काकोरी थाने में गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने उनके मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की। कंट्रोल रूम के माध्यम से अन्य थानों को भी अवगत कराया गया तथा खोज के लिए टीम गठित की गई। बताया जा रहा है कि राजकिशोर लखनऊ सचिवालय में नमामि गंगे परियोजना में अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के मुताबिक, करीब एक वर्ष पूर्व पत्नी की मृत्यु के बाद से वे मानसिक रूप से परेशान रहते थे और कभी-कभी शराब का सेवन भी कर लेते थे। इससे पहले भी करीब पांच वर्ष पहले वे घर से चले गए थे, तब अगले दिन रिश्तेदारी में मिल गए थे। मंगलवार (10 फरवरी 2026) सुबह करीब 7 बजे सूचना मिली कि राजकिशोर ने गांव के पास एक बाग में अपने ही मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई। परिजनों की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमो का अनुपालन कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**लखनऊ।** 2026-27 के बजट सत्र में विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश मे सरकारी सेवाओं में आरक्षण नीति के बारे विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि आरक्षण प्राविधानो को सुनिश्चित कराने के संकल्प को सरकार दोहराती है। कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27:, अनुसूचित जाति के लिए 21:, अनुसूचित जनजाति के लिए 2:, और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10: आरक्षण की व्यवस्था है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40: अनारक्षित श्रेणी, विशेष रूप से सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है। सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा 30 दिसंबर, 2025 को शासनादेश भी जारी किया। श्री मौर्य द्वारा 7994 लेखपाल पदों का विस्तृत विवरण देते हुये बताया कि 3205 अनारक्षित, 1679 अनुसूचित जाति के लिए, 160 अनुसूचित जनजाति के लिए, 2158 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए, और 792 आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिये करते हुये विज्ञापन की त्रुटि का सुधार कराया गया।

# दिव्यांगजन पेंशन तीन गुना बढ़ी, कोई भी पात्र वंचित नहीं

- यूडीआईडी कार्ड से लेकर पेंशन तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन
- दलालों और भ्रष्टाचार के लिए विभाग में कोई जगह नहीं: मंत्री नरेन्द्र कश्यप



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधानपरिषद में पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा किया कि विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं। मंत्री कश्यप ने सदन को अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड शिक्षक के नौ रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु अध्याचन दिनांक 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के सापेक्ष अध्याचन दिनांक 12 दिसंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को प्रेषित किए जा चुके हैं, जिन पर वर्तमान में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने सदन के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ अथवा कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना अनिवार्य है। यदि भविष्य में किसी अधिकारी द्वारा ऐसा न किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित वरिष्ठ सदस्य को न केवल वितरण कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया, बल्कि उत्तर प्रदेश सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भी सम्मानपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन



अवधनामा ब्यूरो

**दिल्ली।** दिल्ली के लोधी मार्ग स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में सांस्कृतिक विरासत को साझा करने के लिए गत तीन दिनों से जारी सांस्कृतिक कार्यक्रम का गत रात्रि समापन हुआ जिसमें देश के नामचीन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

इंडिया हेरिटेज सेंटर के तत्वधान दयारे इश्क़ शीर्षक से आयोजित इस समारोह की रूपरेखा अमरोहा के अली आबिदी अमरोहवी और हैदर कमाल अमरोहवी ने इस तरह तैयार की थी कि राष्ट्रीय राजधानी में इन दो दिनों में कला प्रेमियों ने लोक गीत, सूफियाना कलाम, ग़ज़ल, शायरी के लुत्फ के साथ साथ चिकित्सकों से स्वास्थ को अच्छा रखने के लिए ज़रूरी जानकारी भी प्राप्त की। दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सैना, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पंकज मित्तल, कारवाने खुलूस के अध्यक्ष सैय्यद महबूब हुसैन ज़ैदी ने दयारे इश्क़ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। गवर्नर वीके सक्सैना ने कहा कि आज के तेज़ रफ्तार दौर में इस तरह के कार्यक्रम से इंसान को तनाव से मुक्ति मिलती है।मलिका ए तरन्नुम के नाम से मशहूर प्रख्यात ग़ज़ल सिंगर अनिता सिंघवी ने शानदार अंदाज़ में ग़ज़लें पेश की। नामचीन शायरों ने ग़ज़ल का कलाम पेश किया। जबकि दूसरे दिन प्रोफ़ेसर मीनू बख़ूशी ने यादों के सफ़र शीर्षक से फिल्मी दुनिया के यादगार गीतों को अपनी आवाज़ दी। संयुक्त राष्ट्र महिला की पूर्व महासचिव और उप निदेशक लक्ष्मी हरदीप पूरी, आयोजक नासिर अली, कला और संस्कृति सचिव के. महेश ने कार्यक्रम की महत्वपूर्णता पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सूफी दरबार में रिकॉर्ड ब्रेकिंग होल्डर कुतबी ब्रदर्स ने अपने रिवायती अंदाज़ में कलाम ए सूफियाना पेश किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से फिल्म कलाकार जया बच्चन, जस्टिस मित्तल, शर्मीला टैगोर, सलमा सुल्ताना, शहनाज़ हुसैन, पूर्व चुनाव आयुक्त नसीम जैदी आदि व अन्य नामचीन लोग उपस्थित थे। आयोजकों की और नासिर अली रिज़वी आई.आर. एस ने आभार प्रकट किया।

# संजय यादव बने लखनऊ समाजवादी व्यापार सभा के नए जिलाध्यक्ष

- समाजवादी व्यापार सभा के संगठन को मिली नई मजबूती
- पार्टी कार्यालय पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मंगलवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के सांगठनिक ढांचे को विस्तार देते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने संजय यादव को समाजवादी व्यापार सभा जनपद लखनऊ का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन की घोषणा के बाद कैसरबाग स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में उत्साह का माहौल देखा गया।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की गरिमामयी उपस्थिति में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय यादव का भव्य स्वागत किया गया।

पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी और उनके उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान नेताओं ने उम्मीद जताई कि संजय यादव के नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं को प्रखरता से उठाया जाएगा और व्यापार सभा का आधार और अधिक व्यापक होगा।

बधाई देने वालों में पूर्व विधायक अम्बरीश सिंह पुष्कर, जिला उपाध्यक्ष टी.बी. सिंह, इब्राहिम मंसूरी, जलाल अकबर खान और विधानसभा अध्यक्ष मोहनलालगंज उमाशंकर वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष सलीम काकोरी, आकाश और शौकत अली सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## 60,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा वान्या श्रीवास्तव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफसिनसिनाटी द्वारा 60,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। वान्या ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

